

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


10 कैंडेरे ने शाहरुख खान को नियुक्त किया ब्रांड ...

विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ खेला ये खेल, करोड़ों ... 11

वर्ष : 13 | अंक : 41 | पटना, गुरुवार, 22 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# सैदपुर नाले पर सड़क का निर्माण होने से जाम की समस्या होगी खत्म : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने भूमिगत नाला के साथ सड़क निर्माण कार्य का किया स्थल निरीक्षण

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शीतला मंदिर फ्लाईओवर के पास के नाला, ड्रेनेज पंपिंग प्लांट पहाड़ी तथा सैदपुर नाला का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह एवं नगर आयुक्त अनिमेष परासर ने मुख्यमंत्री को इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले भी इसे आकर कई बार देखा है। यह योजना काफी अच्छी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सैदपुर नाले का बेहतर ढंग से जीर्णोद्धार कर इसके ऊपर फोर लेन सड़क बनाने का कार्य तेजी से करें। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से सैदपुर, राजेन्द्र नगर, मुसल्लहपुर हाट, गायघाट और पहाड़ी क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त होगी तथा न्यू पटना बाईपास से जुड़ने का लोगों को एक वैकल्पिक मार्ग की सुविधा मिलेगी। फोर लेन बन जाने से शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ शहर भी खुबसूरत दिखेगा। ज्ञातव्य है कि पटना के 9 ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं एक सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट के पानी का



बहाव सैदपुर नाला के माध्यम से होता है। नगर विकास विभाग अन्तर्गत बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के द्वारा 259.81 करोड़ रुपए की लागत से सैदपुर नाला पर पहाड़ी तक भूमिगत नाला के साथ सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस नाला की लंबाई 5.61 किलोमीटर है।

**ये रहें मौजूद :** निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह एवं नगर आयुक्त अनिमेष परासर उपस्थित थे।

### जवान संतोष यादव के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत

पटना। जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान बिहार के भागलपुर जिले के इस्माइलपुर भिट्ठा गांव के निवासी सेना के जवान संतोष यादव के शहीद होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शहीद जवान संतोष यादव के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जायेगी, साथ ही शहीद जवान संतोष यादव का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्नाटक में दर्दनाक सड़क हादसा, 6 लोगों की मौके पर ही मौत

विजयपुर। कर्नाटक में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मंगोली के पास एक कार और बस के बीच जोरदार टक्कर होने से यह हादसा हो गया। एसयूवी कार सोलापुर जा रही थी, इस दौरान वह मुंबई-बल्लारी बस से जा टकराई। एसयूवी में सवार पांच यात्री और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई थी। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखच्चे उड़ गए। धमाके सी आवाज सुनकर लोग इकट्ठे हो गए और तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों की काफी भीड़ जुट गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति हो गई, जिसके बाद पुलिस ने सड़क से क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हटाकर जाम खुलवाया।

### मोदी, खरगे, राहुल ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि


नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया में कहा, मैं हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री खरगे तथा श्री गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि वीर भूमि जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया और कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित राष्ट्र की नींव को बदला और आज भी उनकी सोच विरासत हमारा मार्गदर्शन करती रहती है। श्री गांधी ने भावुक होकर अपने पिता को याद करते हुए सोशल मीडिया एक्स में एक पोस्ट में कहा, पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं। आपके अधूरे सपनों को साकार करना ही मेरा संकल्प है और मैं इन्हें पूरा करके रहूंगा। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ अपने बचपन की एक फोटो भी पोस्ट की है। श्री खरगे ने कहा, 21वीं सदी के भारत के निर्माण में राजीव जी ने अद्वितीय भूमिका का निर्वाह किया।

### प्रधानमंत्री बीकानेर में कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले में रेलवे, सड़क, बिजली, जल और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी 22 मई को राजस्थान के दौरे पर जाएंगे। वे सबसे पहले बीकानेर जाएंगे और देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में दर्शन करेंगे। इसके बाद अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित देशनोक स्टेशन का उद्घाटन करेंगे और बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद, प्रधानमंत्री 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री देश में रेल अवसंरचना को निरंतर बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 86 जिलों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे।

### नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट पूरा

# छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में 27 नक्सली ढेर



प्रात : किरण

नारायणपुर/एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया। सुरक्षाबलों ने बुधवार को बताया कि इस कार्रवाई में एक करोड़ का इनामी और माकपा-माओवादी का महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी मारा गया है। कार्रवाई में डिस्ट्रक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हुआ है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि 60 वर्षीय बसवराजू नक्सली आंदोलन की रीढ़ था। मुठभेड़ में उसके मारे जाने से नक्सलियों की कमर टूट गई है। तीन दशक में पहली बार किसी महासचिव पद का कोई नक्सली सुरक्षाबलों के हाथों मारा गया है। ऑपरेशन में शामिल पुलिस अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर नारायणपुर-बीजापुर और दंतोवाड़ा के बीच अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ ये ऑपरेशन दो दिन पहले शुरू किया गया था। ऑपरेशन के बाद सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों का शव बरामद कर लिया है। सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया है। कार्रवाई के दौरान कुछ जवान घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। सभी खतरे से बाहर हैं। सुरक्षाबलों की टीम आसपास के इलाके में अभी भी तलाशी अभियान में जुटी हुई है। अबूझमाड़ नक्सलियों का अड्डा नारायणपुर जिले के पुलिस अधिकारी विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि अबूझमाड़ के घने जंगलों में जहां पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया वह लंबे समय से नक्सलियों का अड्डा था। मारे गए नक्सलियों में से कुछ की पहचान हो गई है।

कुछ की पहचान की जा रही है। पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कई टीमों का कमाल नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंडागांव के डीआरजी यूनिट के जवान शामिल थे। इसके अलावा सेंट्रल कमेटी, पोलित ब्यूरो के सदस्यों के साथ माड डिविजन कैडर और पीपल लिबरेशन गुरीला आर्मी के सदस्य भी इस ऑपरेशन का हिस्सा थे। अब तक 200 ढेर नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ में इस साल अबतक 200 नक्सलियों को मार गिराया है। इसमें 183 नक्सली बस्तर डिविजन में मारे गए हैं जिसमें बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कोंडागांव शामिल है। इसमें सैकड़ों नक्सली ऐसे थे जिनपर इनाम घोषित था।

### नक्सलवाद खत्म करने को सरकार प्रतिबद्ध: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का ऑपरेशन पूरा होने के बाद कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट पूरा हो गया। एक्स पर पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा इसके तहत तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 84 ने आत्मसर्मण किया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद से लड़ाई में तीन दशक में ये पहला मौका है जब महासचिव पद का नक्सली सुरक्षाबलों के हाथों मारा गया है।

उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों की ये बड़ी उपलब्धि है। सुरक्षाबलों की सराहना करते उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक खत्म करने को प्रतिबद्ध है। बीटेक बसवराजू बना नक्सली सुरक्षाबलों के हाथों मारा गया नक्सली बसवराजू मूल रूप से आंध्र प्रदेश के जियानपेटा का रहने वाला था। सुरक्षाबलों की लिस्ट में मोस्ट वांटेड नक्सली था। इसने वारंगल के रिजनल इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की डिग्री हासिल की थी। वर्ष 1970 में ये माओवाद से जुड़े आंदोलन में शाामिल हुआ। ये गंगाना, कृष्णा, नरसिम्हा और प्रकाश जैसे नक्सलियों के नेतृत्व में नक्सल गतिविधियों को अंजाम दे चुका था। कई हमलों का मास्टरमाइंड बसवराजू 1970 में नक्सली गतिविधियों में शामिल हुआ। 2018 में माकपा-माओवादी का महासचिव बना और गनपति की जगह ली जो मुपाला लक्ष्मण राव के नाम से भी जाना जाता था। गनपति के फिलीपींस भाग जाने के बाद बसवराजू ने कई घातक हमलों को अंजाम दिया। वर्ष 2010 में छत्तीसगढ़ के चिंतलनार में सीआरपीएफ जवानों और 2013 में झिरम घाटी में कांग्रेस नेताओं पर हमले का मास्टमाइंड था।

# सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ बनता है धनशोधन का मामला: ईडी

## अदालत ने दो से आठ जुलाई तक मामले में रोजाना सुनवाई के दिए आदेश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राउज एवेन्यू अदालत में नेशनल हेराल्ड धनशोधन से जुड़े मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मामले में कांग्रेस के दिग्गज नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। बुधवार को सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रथम दृष्टया सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला बनता है। ईडी ने अदालत को बताया कि सोनिया और राहुल गांधी ने अपराध से 142 करोड़ रुपये कमाए थे। आरोपी अब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे। ईडी ने कहा कि अपराध की आय में न केवल अनुसूचित अपराध से प्राप्त संपत्तियां शामिल हैं, बल्कि कोई भी अन्य आपराधिक गतिविधि भी शामिल है, जो अपराध की आय से जुड़ी हो। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत ने मामले पर दो से आठ जुलाई तक रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया।



**आरोपपत्र की कापी शिकायतकर्ता को देने का आदेश:** अदालत ने ईडी को निर्देश दिया कि वो आरोपपत्र की एक कापी मामले के शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी को उपलब्ध कराएं। बता दें कि आठ मई को सुनवाई के दौरान मामले के शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से वकील ने आरोपपत्र की कापी उपलब्ध कराने की मांग की थी। तब अदालत ने कहा था कि इस पर ईडी का पक्ष जानने के बाद ही कोई आदेश जारी करेंगे। स्वामी की 26 जून, 2014 में दाखिल एक निजी शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद ईडी ने वर्ष 2021 में अपनी जांच शुरू की थी। ईडी ने हाल में अपना आरोपपत्र दायर किया था।

**रोजाना सुनवाई का दिया आदेश :** आरोपियों की ओर से पेश वकील ने कहा कि आरोपपत्र काफी दस्तावेजों से भरा है। इसे पढ़ने के लिए समय चाहिए होगा। आरोपियों की इस दलील का ईडी ने विरोध किया। ईडी ने कहा कि पिछली सुनवाई के दौरान ही आरोपपत्र की कापी उपलब्ध करा दी गई थी। उसके बाद आज सुनवाई के लिए मामला लगा था। उस समय किसी भी तरह की आपत्ति नहीं जताई गई थी, लेकिन अब सुनवाई टालने की मांग की जा रही है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दो से आठ जुलाई तक रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया।

## तमिलनाडु ने केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। तमिलनाडु सरकार ने समग्र शिक्षा योजना के तहत केंद्रीय शिक्षा निधि में 2,151 करोड़ रुपये से अधिक की राशि कथित रूप से रोके रखने को लेकर केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के खिलाफ दायर द्रमुक सरकार की याचिका में संविधान के अनुच्छेद 131 का हवाला दिया गया है। यह कानून शीर्ष न्यायालय को केंद्र और एक या एक से अधिक राज्यों के बीच याचिकाओं की सुनवाई करने का विशेष अधिकार प्रदान करता है। एनईपी के कार्यान्वयन के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और संबंधित पीएम श्री स्कूल योजना के कार्यान्वयन के लिए मजबूर करने का प्रयास किया। इस पर उसने कड़ी आपत्ति जताई, विशेष रूप से विवादास्पद तीन-भाषा फामूर्ले पर। राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत से यह घोषित करने का आग्रह किया कि एनईपी और पीएम श्री स्कूल योजना वादी राज्य पर तब तक बाध्यकारी नहीं हैं जब तक कि वादी और प्रतिवादी के बीच तमिलनाडु के भीतर उनके कार्यान्वयन के लिए एक औपचारिक समझौता नहीं हो जाता है।

## राज्यों को परेशान करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग : राहुल

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निर्वाचित राज्य सरकारों की आवाज दबाने और उन्हें परेशान करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे वक्त की है, जब राष्ट्रपति मुर्मु ने पिछले दिनों दुर्लभ स्थितियों में इस्तेमाल किए जाने वाले संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करते हुए सुप्रीम कोर्ट से सवाल किए हैं। राष्ट्रपति ने शीर्ष अदालत से पूछा है कि क्या राज्य विधानसभाओं में पारित विधेयकों पर राष्ट्रपति के विचार के लिए न्यायिक आदेश के जरिए समय सीमा निर्धारित की जा सकती है। राहुल गांधी ने ह्यएक्स पर पोस्ट कर कहा है कि भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है। राज्यों का संघ मतलब प्रत्येक की अपनी आवाज है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उन आवाज को दबाने और निर्वाचित राज्य सरकारों को बाधित करने के लिए राज्यपाल पद का दुरुपयोग कर रही है।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ मुकदमे का आदेश देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकताओं से जस्टिस वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पहले राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को प्रतिवेदन देने का सुझाव दिया। कहा कि यदि वहां कार्रवाई नहीं होती है तो वे दोबारा से इस अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। इसके साथ ही जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, पीठ ने बताया कि सुप्रीम



कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पहले ही आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट और जस्टिस वर्मा के जवाब राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज चुके हैं। मामले में आगे की कार्रवाई अब उनके समक्ष लंबित है। पीठ ने कहा कि चूंकि आपने (याचिकाकताओं) राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के समक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कोई प्रतिवेदन दायर नहीं किया है, इसलिए हम परमादेश जारी करने की मांग वाली इस याचिका पर विचार नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा है कि जहां तक अन्य मांगे हैं, जैसे कि आंतरिक जांच प्रक्रिया निर्धारित करने वाले के. वीरस्वामी फैसले पर पुनर्विचार, आदि पर फिलहाल विचार की आवश्यकता नहीं है। अधिवक्ता मैथ्यूज नेदुम्परा और तीन अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास में 14 मार्च की रात लगी आग बुझाने के दौरान दिल्ली पुलिस और दमकलर्मियों को भारी मात्रा में नकदी मिलने के आरोपों में आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। समिति की रिपोर्ट की जानकारी नहीं : जस्टिस ओका जस्टिस ओका ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि आप याचिका दाखिल नहीं कर सकते, लेकिन तथ्य यह है कि आप समिति के रिपोर्ट की विषय-वस्तु नहीं जानते हैं। उस रिपोर्ट में क्या है, इस बारे में हमें भी कोई जानकारी नहीं है, इसलिए आप एक प्रतिवेदन देकर उनसे कार्रवाई करने की मांग कर सकते हैं।

रवाना

### आतंकिस्तान है पाकिस्तान, विश्व स्तर पर करेंगे साबित : प्रतिनिधिमंडल सदस्य

# ऑपरेशन सिंदूर: सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान रवाना

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए बुधवार को जापान रवाना हुआ। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के बाद नई दिल्ली के रुख से अवगत कराने के लिए प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर का भी दौरा करेगा। पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाया था। पहलगाम में हुए हमले में कम से कम 26 नागरिक मारे गए थे। झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, बृजलाल,



प्रधान बरुआ और हेमांग जोशी, कांग्रेस नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल भी आज ही संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो और सिएरा लियोन के लिए रवाना होगा। सरकार पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अवगत कराने के लिए सात प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। रवाना से पहले झा के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद बृज लाल ने कहा, यह प्रतिनिधिमंडल बहुत प्रभाव डालेगा। पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद का गढ़ है और हम इसे साबित करेंगे। पिछले 35 वर्षों से पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित कर रहा है। भाजपा सांसद हेमांग जोशी ने एकजुटता पर जोर देते हुए कहा, आज हमारा सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल एकजुट टीम इंडिया के रूप में दुनिया के विभिन्न देशों में जा रहा है। हम भारत का पक्ष रखेंगे और पाकिस्तान के आतंकवाद समर्थन को वैश्विक मंच पर उजागर करेंगे। सीपीआईएम सांसद जॉन ब्रिटास ने मिशन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम अब जापान जा रहे हैं, इसके बाद दक्षिण कोरिया, फिर इंडोनेशिया और मलेशिया जाएंगे। यह एक जनसंपर्क कार्यक्रम है, जिसका मकसद भारत की चिंताओं को व्यक्त करना और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाना है। हमें भरोसा है कि हम आतंकवाद पर देश के विचारों को प्रभावी ढंग से पेश कर पाएंगे। इसके अलावा, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक और प्रतिनिधिमंडल यूएई, कांगो, सिएरा लियोन और लाइबेरिया का दौरा करेगा। साथ ही डीएमके सांसद कनिमोई के नेतृत्व में एक तीसरा समूह गुरुवार को रूस, स्लोवेनिया, ग्रीस, लातविया और स्पेन के लिए रवाना होगा। ये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ भारतीय राजनयिकों के समर्थन से काम कर रहे हैं और इन्हें पाकिस्तान की आतंकवाद में संलिप्तता के ठोस सबूत पेश करने का जिम्मा सौंपा गया है। यह अभियान 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू हुआ, जिसके बाद भारतीय बलों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न शुरू किया और युद्धविराम की घोषणा की। भारत सात प्रतिनिधिमंडलों को 25 देशों में भेज रहा है, जिनमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य भी शामिल हैं, ताकि आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए वैश्विक सहमति बनाई जा सके।

## छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहते, लेकिन लंबित मामलों का दोष न्यायपालिका पर : गवई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने बुधवार को कहा कि छुट्टी वाले दिनों में वकील काम नहीं करना चाहते लेकिन मामलों के लंबित रहने के लिए न्यायपालिका को जिम्मेदार ठहराया जाता है। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ उस समय नाराज हो गई जब एक वकील ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ह्यह्यप्रथम पांच न्यायाधीश छुट्टियों के दौरान बैठे हैं और काम कर रहे हैं, फिर भी लंबित मामलों के लिए हमें जिम्मेदार ठहराया जाता है। असलियत में, वकील हैं जो छुट्टियों के दौरान काम करने के लिए तैयार नहीं होते। शीर्ष अदालत ने हाल में उन पीठों के संबंध में अधिसूचना जारी की थी जो



आगामी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 26 मई से 13 जुलाई तक काम करेंगी। इन्हें ह्यआंशिक न्यायालय कार्य दिवस कहा गया है। इन आंशिक न्यायालय कार्य दिवसों के दौरान दो से लेकर पांच तक अवकाशकालीन पीठ बैठेंगी और प्रधान न्यायाधीश समेत शीर्ष पांच न्यायाधीश भी इस अवधि में कार्यवाही का संचालन करेंगे। पुरानी परिपाटी के अनुसार, ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में केवल दो अवकाशकालीन पीठ होती थीं और वरिष्ठ न्यायाधीश कार्यवाही में शामिल नहीं होते थे। अधिसूचना में पीठों में न्यायाधीशों के साप्ताहिक आवंटन को रेखांकित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### चिराग पासवान संपूर्ण राष्ट्र के समाजवादी नेता : रंजीत यादव

फतुहा। बुधवार को लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला पटना पूर्वी के खुसरूपुर में जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में संगठन समीक्षा और सदस्यता अभियान चलाया गया। इस संबंध में रंजीत यादव ने बताया कि बहुत लोगों ने हमारे नेता चिराग पासवान में आस्था दिखाते हुए पार्टी में शामिल हुए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष द्वारा कुल 10 प्रस्ताव पारित किया गया। रंजीत यादव ने कार्यकर्ताओं को ध्यान आकर्षित कराया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को पूरे भारत का समाजवादी नेता बनाना, स्व रामविलास पासवान के प्रतिमा को संसद भवन में लगाना और स्व रामविलास पासवान को भारत रत्न दिलवाना है वहीं आगामी चुनाव को लेकर संगठन पर चर्चा किया गया। मुकेश कुमार जिला सचिव, विरमनी द्विवेदी कार्यकारणी समिति सदस्य, अशोक सिंह बख्तियारपुर विधानसभा प्रभारी, अजीत तिवारी, प्रखंड संगठन सचिव को पार्टी का सदस्य बनाया गया। इस कार्यक्रम में संजय चौबे जिला उपाध्यक्ष, संजय शर्मा संगठन महासचिव, बैजनाथ पासवान संगठन सचिव, सुरेंद्र पासवान प्रखंड अध्यक्ष खुसरूपुर, दिलीप साह नितीश कुमार मिडिया प्रभारी, दिनेश पासवान, संजीत पासवान आदि शामिल हुए।

### अतिक्रमण हटाओ दस्ता रूपसपुर नहर से आरपीएस मोड़ व आर्यसमाज रोड में बुलडोजर चला

दानापुर। नगर के अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध नगर परिषद द्वारा लगातार चलायी जा रही कार्रवाई बुधवार को भी जारी रहा। बुधवार को अतिक्रमण हटाओ दस्ता नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में रूपसपुर नहर से आरपीएस मोड़ व आर्यसमाज रोड में नगर परिषद का बुलडोजर चला। दल बल के साथ नगर परिषद की टीम रूपसपुर नहर पहुंची वहां से सगुना मोड़ की ओर अतिक्रमण हटाते हुए बढ़ती रही। इस दौरान सड़क पर गिड़ाये गये भवन निर्माण सामाग्री व गुमटी आदि को जप्त करने की कार्रवाई में जुटी रही। ये देख लोग अपने सामान समेटने में लगे रहे। अतिक्रमण करने वालो से दंड स्वरूप साढे चार हजार रुपए वसुले गये। वही नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दूसरी टीम संध्या में अतिक्रमण पर कार्रवाई करने उतरी। इस कार्रवाई को लेकर सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार लगे रहे।

### नगर परिषद के सभी 40 वार्ड का चौमुखी विकास होगा, मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी

दानापुर। नगर के अंतर्गत50 लाख से डेढ़ करोड़ तक की राशि से नगर परिषद के सभी 40 वार्ड का चौमुखी विकास होगा। इसको लेकर नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर परिषद द्वारा सभी पार्षदों से वार्ड के विकास को लेकर सड़क व जल जमाव की समस्या को देखते हुए योजना का चयन करते हुए योजना की सूची मांगी गयी है। मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी के निर्देशानुसार कार्यपालक पदाधिकारी ने इस बाबत सभी पार्षदो को पत्र भेजा है। पार्षदो से विशेष कर योजना में नाला निर्माण योजना को प्राथमिकता देने की बात कही गयी है। ताकि वार्डो में जल जमाव की समस्या समाप्त हो सके। कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि प्रत्येक वार्ड के चौमुखी विकास को लेकर 50 लाख से डेढ़ करोड़ राशि निर्धारित की गयी। सभी पार्षदो से योजना का चयन कर यथाशीघ्र सूची कार्यालय में देने की मांग की गयी है। वार्ड के विकास को लेकर मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी द्वारा इस कार्रवाई पर पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार यादव ने कहा कि इससे वार्ड में विकास कार्य तेज होगा। नाला व सडक आदि बनेगे।

### बंद फ्लैट में चोरों ने निशाना बनाने की साजिस


दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के जलालपुर हेरिटेज के तीन बंद फ्लैट में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई लगी ही थी कि देर शाम उसी अपार्टमेंट के अन्नपूर्णा ब्लाक के बंद फ्लैट संख्या 604 को भी चोरो ने निशाना बनाने की बात सामने आयी। फ्लैट संख्या 604 निवासी पंकज नरेन्द्र मोहन अस्ट्रेलिया में रहते है। फ्लैट का देख भाल उनका ड्राईवर मंटू कुमार करते है। मंटू ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही वे अस्ट्रेलिया गये है। चोरो ने ताला तोड़ घुसे पर उनके हाथ कुछ नही लगा। सारा सामान बिखेड़ दिया। उधर रूपसपुर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच करते हुए कोथवां मोड़ तक बदमाशो को जाते हुए पायी है। चार की संख्या में बदमाश स्कूटी एवं अपाची पर सवार होकर आये थे।

# अब राज्य के सभी जिलों में एक साथ चलाया जाएगा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम

## वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी संशोधित फाइलेरिया उन्मूलन गाइडलाइन

●साल में एक बार संचालित किया जाएगा अभियान

प्रात :किरण संवाददाता



पटना- वर्ष 2004 में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था व 2023 में इसे पुनः प्रखंड स्तर पर लागू किया गया. हाल ही में अप्रैल 2025 में भारत सरकार द्वारा संशोधित फाइलेरिया उन्मूलन गाइडलाइन प्रदान की गई इसका 2026-27 से क्रियान्वयन किया जाएगा. इस गाइडलाइन से संबंधित विस्तृत उन्मुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को वर्चुअल माध्यम से किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. श्यामा राय, अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, फाइलेरिया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया. इस अवसर पर डॉ. श्यामा राय ने शामिल अधिकारीयों, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित सभी को एमडीए अभियान के सशक्त संचालन एवं फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यों की आईएचआईपी पोर्टल पर ससमय रिपोर्टिंग करने को कहा. कार्यशाला में सभी जिलों के वेक्टर रोग जनित नियंत्रण पदाधिकारी, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी, सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि सहित राज्य एवं जिलों के फाइलेरिया कार्यालय के लोग उपस्थित रहे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने संशोधित फाइलेरिया उन्मूलन गाइडलाइन के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. डॉ. पांडेय ने एमडीए, नाईट ब्लड सर्वे, टास सहित सभी बिन्दुओं पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया और कहा की संशोधित फाइलेरिया उन्मूलन गाइडलाइन जलीदी ही सभी जिलों को उपलब्ध करायी जाएगी। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के साथ साथ फाइलेरिया से प्रभावित मरीजों को प्रदान की जाने वाली एमएमडीपी सेवाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली किट तथा भारत सरकार द्वारा आईएचआईपी पोर्टल पर सभी प्रतिवेदनों की रिपोर्टिंग पर राज्य सलाहकार फाइलेरिया डॉ अनुज सिंह रावत द्वारा सभी 38 जिलों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया एवं परिचर्चा की गयी. पहली बार राज्य सलाहकार द्वारा सभी सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर वार्षिक गतिविधि कैलेंडर बनाया गया है जिसको सभी के साथ इसी में प्रदर्शित किया गया. डॉ. रावत ने राज्य में हाइड्रोसिल मरीजों के ऑपरेशन के स्थिति की जानकारी दी और हर महीने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी. बताया कि हर महीने उनके द्वारा चार जिलों का भ्रमण कर कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं गतिविधियों का ससमय पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा. राज्य फाइलेरिया कार्यालय से प्रभात कुमार ने कार्यक्रम वित्तीय संबंधी प्रश्नों का उत्तर दिया।

# थैलेसीमिया पीड़ित 6 बच्चों के बोन मैरो ट्रांसप्लांट हेतु सीएमसी वेल्लोर के लिए रवानगी



●थैलेसीमिया मुक्त बिहार की दिशा में ऐतिहासिक कदम: राज्य सरकार की पहल से बच्चों को मिल रहा नया जीवन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल थैलेसीमिया योजना के अंतर्गत जीवनदान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इस योजना के अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा उटउ शी''ङ्क्षी में टडव के तहत 12 वर्ष से कम आयु के योग्य बच्चों (ल्रुअ टंड्रूँ) का निःशुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा रहा है। अब तक 11 बच्चों का सफल ट्रांसप्लांट की जा चुकी है। 20 मई को सीतामढ़ी, पटना, वैशाली और जहानाबाद के 6 बच्चों को पटना से हवाई मार्ग द्वारा वेल्लोर भेजा गया है।राज्य सरकार प्रत्येक बच्चे पर 15 लाख तक का खर्च वहन कर रही है, जिसमें इलाज, यात्रा, रहन-सहन और ट्रांसप्लांट शामिल हैं। विदित हो कि राज्य में थैलेसीमिया, हीमोफीलिया एवं सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए पटना गया, मुजफ्फरपुर भागलपुर, पूर्णिया और पटना में डे केयर सेंटर भी बनाए गए हैं, जहाँ ब्लड ट्रांसफ्यूजन, क्श्ङ्कल्ल उँ''३ल्ल दवाएं, काउंसलिंग, फिजियोथेरेपी, प्ले जोन और स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब तक 2700+ थैलेसीमिया के मरीजों का पंजीकरण हो चुका है। बिहार सरकार सतर्क जांच, जन-जागरूकता और गुणवत्तापूर्ण इलाज के माध्यम से थैलेसीमिया मुक्त राज्य के निर्माण की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

# कोचिंग से घर लौट रहे दो छात्रों को अपराधियों ने किया अगवा, परिजनों में दहशत

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : इन दिनों पटना में अपराधियों का तांडव बढ़ गया है, आए दिन बेखौफ अपराधी दिनदहाड़े घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं` बीते दिन बिक्रम प्रखंड के रानीतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत लहलादपुर गांव निवासी शेखराम के 16 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार और जितेंद्र राम के 15 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार को अपराधियों द्वारा अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं जानकारी के मुताबिक दोनों एक साथ अपने घर से कनपा बाजार स्थित मूनलाईट कोचिंग सेंटर कोचिंग करने गए थे। देर शाम तक कोचिंग से घर वापिस नहीं आने के बाद परिजनों ने दोनों की खोजबीन शुरू कर तलाशने की भरपूर कोशिश की। परिजनों के मुताबिक इसी बीच आधी रात को करीब 1 बजकर 18 मिनट पर राकेश कुमार ने मौके देख अपने मोबाइल से अपने भाई सुकेश कुमार के मोबाइल पर फोन कर खुद को अपहरण कर लिए जाने की जानकारी दी, राकेश ने कहा कि मैं कहां हूँ मुझे नहीं पता। मुझे अंधेरे कमरे में बंद कर रखा गया है। मुझे और सुजीत कुमार को कैसे उठा कर ले गए। राकेश कुमार ने अपने भाई सुकेश कुमार को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि कनपा पुल के पास से एक चाउमिंग के दुकान से उठकर ले गए हैं। इसी बीच वह यह कह कोई आ रहा है फोन काट दिया। इसके बाद अगले दिन परिजनों ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत कर अपहरण का मामला दर्ज कराया। इस घटना की सूचना के बाद रानीतलाब थाने की पुलिस सर्च ऑपरेशन के तहत मामले की जांच में जुटी है। दोनों युवकों की मोबाईल की लोकेशन ट्रेस करते हुए इसकी खोजबीन करने में जुट गई है।थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पुलिस की एक टीम संभावित लोकेशन पर छापेमारी की लिए निकल चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

# निगरानी के हत्थे चढ़ा पटना का एक घूसखोर दारोगा, पचास हजार लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

## केस से नाम हटाने को मांगी थी मोटी रकम, महिला की शिकायत से भ्रस्टाचार का हुआ खुलासा

प्रात :किरण संवाददाता

पटना । राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाने में तैनात एक भ्रष्ट दरोगा को निगरानी विभाग की टीम ने बुधवार को 50000 रिश्वत लेते गिरफ्तार किया हैं निगरानी के हत्थे चढ़े सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार सिंह को निगरानी ब्यूरो ने 50000 रिश्वत लेते महुआ बाग पटना स्थित शिव मंदिर के निकट से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. इसके खिलाफ केस सं-30/25 दर्ज किया गया है. यह गिरफ्तारी एक सोची-समझी योजना के तहत की गई, जिसे पीड़िता की शिकायत के आधार पर अंजाम दिया गया। यह मामला भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस पूरे प्रकरण की शुरूआत तब हुई जब नूरजहां नाम की एक महिला ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने कहा कि उनके बेटे का नाम एक केस में दर्ज था, जिसे हटाने के लिए केस के जांच पदाधिकारी अजीत कुमार ने उनसे 50,000 रुपये की मांग की थी। महिला ने स्पष्ट रूप से बताया कि बिना रिश्वत दिए बेटे का नाम केस से नहीं हटाया जा रहा है। इस गंभीर आरोप को लेकर तुरंत हरकत में आई निगरानी विभाग की टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और दारोगा को रंगेहाथ पकड़ने के लिए कार्रवाई की। तय योजना के अनुसार, दारोगा को सादे लिबास में शास्त्रीनगर इलाके के महुआबाग बुलाया गया, जहां उन्हें पीड़िता से पैसे लेने थे। जैसे ही अजीत ने पैसे स्वीकार किए, वहां पहले से तैनात निगरानी टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में शामिल अधिकारी इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने में निगरानी विभाग के टीम में पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक मो. नजीमुद्दीन, मणिकांत सिंह, रविशंकर, आशीष कुमार और रणधीर सिंह शामिल थे। भ्रष्ट दारोगा पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय एनएसटीआई, द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में शुरू हुआ आवेदन प्रक्रिया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), पटना, जो कि प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित है, द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए क्राफ्ट्समैन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संस्थान फैशन डिजाइन एवं तकनीक तथा कॉस्मेटोलॉजी में दो एक वर्षीय पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है। ये पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन महिला अभ्यर्थियों के लिए हैं जिन्होंने कम से कम कक्षा 10 उत्तीर्ण की हो। इन पाठ्यक्रमों के लिए कोई ट्यूशन शुल्क या परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एवं क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग योजना (उक्ळर) के अंतर्गत भी आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। यह योजना औद्योगिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। (महिला), पटना में उळर प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक पर भी जा सकते हैं।

# श्री अकाल तख्त साहिब व तख्तश्री पटना साहिब के बीच तकरार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से जोड़ा दो आदेश बुधवार को पारित किया गया। इसके बाद पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी और यहां के पंज प्यारों में भूचाल सा आ गया। अचानक से पटना साहिब परिसर में सिटी एसडीओ सत्यम सहाय, डीएसपी डॉ गौरव कुमार, पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में बल पहुंच गया। इस बीच कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यों के अलावा तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर ए मस्कीन के साथ बैठक की गई और शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए धार्मिक कार्य का संचालन किए जाने की बात कही गई। श्री अकाल तख्त साहिब में कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी, तख्तश्री दमदमा साहिब के जत्थेदार बाबा टेक सिंह, श्री अकाल तख्त साहिब के ग्रंथी गुरबख्शीश सिंह और तख्तश्री केशगढ़ साहिब के मुख्य रजिस्ट्रार जोगिंदर सिंह की बैठक हुई। बैठक में ज्ञानी बलदेव सिंह और ज्ञानी गुरदयाल सिंह के मामले पर चर्चा की गई। श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश के अनुसार मद संख्या तीन में छह दिसंबर, 22 के अनुसार तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमेटी को आदेश दिया गया था कि वह वहां के अतिरिक्त हेड ग्रंथी भाई बलदेव सिंह में से पंज प्यारे नियुक्त करें तथा पांच दिनों के अंदर पांच वाणियों का मौखिक पाठ सुना कर उसकी वीडियोग्राफी भेजी जाए। इसी आदेश के मद संख्या 9 के अनुसार ग्रंथी भाई गुरदयाल सिंह की सेवाएं तख्तश्री पटना साहिब से तत्काल स्थानांतरित करने का भी आदेश जारी किया गया था। वहां के प्रबंधक कमेटी ने आज तक उक्त आदेश का अनुपालन नहीं कराया है, जो एक बड़ा उल्लंघन है। इस कारण भाई बलदेव सिंह तख्तश्री पटना साहिब में अन्य पंथक सेवाएं करने के लिए पात्र नहीं हैं।

तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी को सख्त आदेश दिया जाता है कि वह कमेटी के अध्यक्ष सहित श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष अपनी उपस्थिति प्रस्तुत करें। भाई बलदेव सिंह और भाई गुरदयाल सिंह को भी श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष उपस्थित होकर अपना मामला पेश करने का आदेश दिया जाता है। कारण कि उन दोनों ने श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी आदेशों की अवहेलना की है। तब तक उनकी पंथक सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया जाता है। ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवा पर रोक हटा पंथक सेवा जारी रखें एक अन्य आदेश में पंज प्यारों ने तख्तश्री पटना साहिब के तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर के मामले पर भी चर्चा की। इसमें निर्णय दिया गया कि ज्ञानी रणजीत सिंह ने जांच समिति की रिपोर्ट आठ नवंबर, 2024 को सचिवालय श्री अकाल तख्त साहिब को सौंप दी। बैठक में जांच समिति की रिपोर्ट पर सावधानीपूर्वक एवं गंभीरता से विचार किया गया। रिपोर्ट को खालसा पंथ की मौजूदगी में सार्वजनिक करने का निर्णय लिया गया है। तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी के तात्कालिक अध्यक्ष अवतार सिंह हित द्वारा गठित जांच कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर के खिलाफ आरोप साबित नहीं होता है। इसलिए श्री अकाल तख्त साहिब जी के छह दिसंबर, 22 को जारी आदेश ए/टी/163 की मद संख्या दो के अनुसार उनकी सेवाओं पर लगी रोक हटाई जाती है और वह अपनी पंथक सेवाएं जारी रख सकते हैं। दरअसल कहा गया कि ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधन समिति के (अब स्वर्गीय) अध्यक्ष श्री अवतार सिंह हित ने सदस्यों के परामर्श से 18 अगस्त, 22 को एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया और उनके निर्दोष साबित होने तक 28 अगस्त, 22 को सेवा स्थगित कर दी। इस संबंध में श्री अकाल तख्त साहिब ने 22 अक्टूबर, 2022 को पत्र ए/टी/22/286 के माध्यम से ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर के साथ हुए अन्याय के संबंध में आदेश जारी किया था कि उपरोक्त जांच पूरी होने पर श्री अकाल तख्त साहिब को रिपोर्ट भेजी जाए। पुनः श्री अकाल तख्त साहिब पर पांच सिंह साहिबानों के छह दिसंबर, 22 को पत्र संख्या एक/टी//163 के अनुसार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर की सेवाएं समाप्त कर दी गई तथा उक्त जांच कमेटी को जारी रखते हुए शीघ्र रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया गया। मगर तख्तश्री पटना साहिब की प्रबंधक कमेटी ने श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का पालन नहीं किया, बल्कि अवतार सिंह हित द्वारा गठित जांच कमेटी को असंवैधानिक बताया, जो उचित नहीं लगता है। इसी कारण से ज्ञानी रणजीत सिंह की सेवाओं पर लगी रोक हटाई जाती है और वह अपनी पंथक सेवाएं जारी रख सकते हैं।

# गंगा घाट में सड़क पर बह रहा पानी, घर में बूंद-बूंद को तरस रहे लोग



पटना सिटी, सुल्तानगंज क्षेत्र में घघा घाट के पास अनेक मुहल्ले के गलियों में नया पानी का पाइप को बिछा दिया गया है। इसका पानी का कनेक्शन घघा घाट के बोरिंग के पास गड्ढा करके मुख्य पानी के पाइप के टी को खोलकर छोड़ दिया गया है और टी के साथ पाइप को अभी तक नहीं जोड़ा है। इससे बुधवार की सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी सड़क पर बह कर बर्बाद हो रहा है। घघा घाट, देवी स्थान, मलेरिया आफिस, बक्सरिया टोला, ग्वाल टोली, बंगलापर, नीमतल, खानमिर्जा, गुदरी गली आदि मुहल्ले के घरों में पानी की आपूर्ति बंद है। इससे दर्जनाधिक मुहल्ले के साथ दस हजार आबादी प्रभावित है। जल पर्षद के पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। अबतक बहते हुए पानी को ठीक करने के लिए पर्षद के द्वारा कोई कर्मचारी को भेजा नहीं गया है। इससे आम नागरिक गंगा से पानी लाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

# पंज प्यारों ने ज्ञानी कुलदीप सिंह व ज्ञानी टेक सिंह को तनखैया घोषित किया

## शिरोमणि अकाली दल के सुखबीर बादल को 10 दिन में किया तलब

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



श्री अकाल तख्त साहिब के पंज प्यारों के आदेश जारी होने के बाद तख्तश्री पटना साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबानों की विशेष बैठक बुधवार को हुई। इसमें श्री अकाल तख्त साहिब और तख्तश्री दमदमा साहिब के कथित और विवादित जत्थेदार, जिसे पंथ के द्वारा अस्वीकार करते हुए नकार दिया गया। उनके द्वारा राजनीति से प्रेरित होकर जारी किए गए हुकुमनामा, जिसके द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के तत्काल योग पंज प्यारे सिंह साहिब के द्वारा जारी हुकुमनामा और आदेश (तपस/5/2022 और तपस 10/ह/2022/25 नवंबर, 22 और तपस/5/है/2022, 9 दिसंबर, 22 आदि) का उल्लंघन करने का दोषी मानते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के संविधान और उप नियम को चुनौती देते हुए यहां के प्रबंधक कमेटी के अधिकार और शक्ति में दखलंदाजी करके उसके निर्णय के खिलाफ हुकुमनामा जारी करने का दोषी मानते हुए तख्तश्री पटना साहिब के सरकारी योग पंज प्यारे सिंह साहिबान के द्वारा ज्ञानी कुलदीप सिंह और ज्ञानी टेक सिंह को मान-सम्मान, मयार्दा, परंपरा, संप्रभुता आदि को ठेस पहुंचाने का गंभीर दोषी मानते हुए तनखैया घोषित किया जाता है। इस घटनाक्रम में सरदार सुखबीर सिंह बादल के दखलअंदाजी और साजिशकर्ता के रूप में शामिल होने की जानकारी भी पहुंच रही है। इसलिए उनको 10 दिन के अंदर तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंज प्यारे सिंह साहिबान के सामने सदेह रूप में स्वयं पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए आदेश दिया जाता है। इस आदेश की उल्लंघना होने पर पंथक रवायत के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। साथ ही तख्तश्री कमेटी के प्रबंधन बोर्ड के सारे ओहदेदारों और सदस्य साहिबान को सख्त आदेश दिया जाता है कि श्री अकाल तख्त साहिब और तख्तश्री दमदमा साहिब के कथित और विवादित जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह और ज्ञानी टेक सिंह के द्वारा 21 मई, 25 को जारी किए गए मता, जिसके द्वारा प्रबंधनकीय बोर्ड को श्री अकाल तख्त साहिब में तलब किया गया ,है इसे हुकुम को मानने से सख्त मना किया जाता है और उस पर रोक लगाई जाती है।

# मेयर व पार्षद प्रतिनिधि शिशिर वार्ड 58 की समस्या की ले रहे सुध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिशिर कुमार बुधवार को नगर निगम के वार्ड संख्या 58 में जनसम्पर्क किया। इस दौरान लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं और विकास के लिए उनके सुझाव को सुनने का काम किया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह सभी सुझाव पर गंभीरतापूर्वक विचार कर समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस दौरान उन्होंने वार्ड 58 में जारी नाला निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले नाला का निर्माण और मरम्मत का कार्य पूरा करना अत्यंत आवश्यक है और वह इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना में पानी के जमाव/जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना होगा। राज्य सरकार, नगर निगम, बुडको और सरकारी कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिकों को भी इसमें सहयोग करना होगा। विदित हो कि शिशिर कुमार मेयर सीता साहू के पुत्र होने के नाते उनके प्रतिनिधि कहलाते हैं, जबकि उनकी पत्नी श्वेता कुमारी वार्ड 58 की पार्षद हैं।

# सेवा के पराक्रम व पार्क के खिलाफ कार्रवाई पर निकाला तिरंगा यात्रा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




भारतीय जनता पार्टी लखन श्याम विद्रोही मंडल के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाला गया। अध्यक्ष संतोष कुमार विद्रोही के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर मिशन के तहत भारतीय सेना के पराक्रम की सफलता पर लोदीकटरा पुलिस चौकी से निकाली गई तथा नून का चौराहा पर आकर यात्रा समाप्त हुआ। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता के साथ जनता भी शामिल हुई। सभी ने आतंकवाद के खिलाफ नारा लगाया तथा भारतीय सेना की बहादुरी पर उनसबों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए अपनी आवाज बुलंद की। उपस्थित कार्यकताओं में विनय केसरी, मनोज चंद्रा, संजीव मेहता, आजाद मेहता, संतोष साह, ओंकार आनंद, प्रेम निषाद, अनुज सिन्हा, धनंजय पटेल, फैजान अहमद, संजय कुमार सिन्हा, बलराम माथुरी, सनोज झा, गणेश साह, मनोहर जी, उदय पासवान, नैयर इकबाल, जीतू कुमार, संजीव त्रिवेदी, शिबू, त्रिभुवन प्रसाद, गौतम पाण्डेय, नंदलाल, विजय कुमार, प्रदीप कुमार दीपक, मनीष खत्री, अमर तांती, गोविंद रजक, शंभू दास, शंकर तांती, रामलगन दास, गोपाल जी, प्रेम कुमार चौधरी आदि शामिल हुए।

# एमवाई भारत युवाओं को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित होने की प्रक्रिया शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की पहल एमवाई भारत देशभर के युवाओं को एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में नामांकित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवाओं को राष्ट्रीय आपातकालीन स्थितियों व संकट के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस पहल का लक्ष्य एक प्रशिक्षित, सतर्क और लचीला स्वयंसेवक बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों में नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिस्थितियों और उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए, एक मजबूत और समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक स्थानीय प्रशासन को अनेक सेवाओं में सहयोग प्रदान करते हैं—जैसे कि बचाव व निकासी अभियान, प्राथमिक उपचार व आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा, तथा आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास प्रयासों में सहायता। आज एक प्रशिक्षित और सजग नागरिक बल की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, और एमवाई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। एमवाई भारत अपने ऊर्जावान स्वयंसेवकों के साथ-साथ अन्य इच्छुक युवाओं से भी आग्रह करता है कि वे आगे आएं और एमवाई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कर देश सेवा में सहभागी बनें। यह पहल युवाओं में नागरिक उत्तरदायित्व और अनुशासन की भावना तो जागृत करती ही है, साथ ही उन्हें जीवन रक्षक कौशल और आपात स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान करती है।

# राज्य की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था एवं गुणवत्ता श्रेष्ठ : मंत्री

- 32 जिलों के कुल 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला उच्च गुणवत्ता का सर्टिफिकेट
- मूल्यांकन में सेवा व्यवस्था, क्लीनिकल सर्विस, संक्रमण नियन्त्रण आदि मानक शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में आमजनों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवाएं दी जा रही है। ये संस्थाएं कई मानकों पर श्रेष्ठ साबित हो रहा है। इसकी गुणवत्ता श्रेष्ठ है, वो अब प्रमाणित भी हो रहा है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर आधारभूत संरचनाओं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की मदद से बेहतर इलाज पर जोर दिया जा रहा है। मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विश्वास बढ़ता जा रहा है। प्रमाणरुवरुप राज्य के 32 जिलों के 200 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राज्यस्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में कई सेवाओं की जांच की जाती है। मूल्यांकन में जिन सेवाओं की जांच की जाती हैं उनमें सेवा व्यवस्था, क्लीनिकल सर्विस, संक्रमण नियन्त्रण, क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, रोगी हित सहित अन्य सेवाएं शामिल हैं। इन सभी सेवाओं में एक निर्धारित अंक स्वास्थ्य संस्थानों को हासिल करने के साथ इसे निरन्तर बनाए रखना होता है। राज्य में जिला स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों से समुदाय स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों की गुणवत्ता को बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इससे समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि जिला स्तर से लेकर समुदाय स्तर तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का प्रसार हो। स्वास्थ्य सेवाओं को हर प्रकार से मानकों पर दुरुस्त किया जाए ताकि समुदाय के गरीब लोगों को बड़े अस्पतालों की तरह स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करायी जा सके। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मिलने वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से गरीब तबके और समुदाय का विश्वास बढ़ेगा। स्वास्थ्य सूचकांकों में उल्लेखनीय बदलाव के साथ स्वस्थ बिहार का निर्माण होगा।

**मुर्शिदाबाद हिंसा पर आई रिपोर्ट से बेपर्द हुई ममता सरकार: मंगल**

पटना। भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी व बिहार सरकार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं को लक्षित करके पिछले महीने हुई हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट की समिति की रिपोर्ट में ममता बनर्जी सरकार पूरी तरह से बेपर्द हो चुकी है। इस रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद टीएमसी सरकार को अविलम्ब इस्तीफा दे देनी चाहिए। वैसे भी अगले साल ममता दीदी की विदाई तय है। ममता बनर्जी की सरकार में जिस तरह से हिंदुओं पर अत्याचार हुए इस पर राजद - कांग्रेस क्यों चुप्पी साधे हुए है, उनको जवाब देना चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में 11 अप्रैल को हिंदुओं को टारगेट कर हुई हिंसा पूर्व प्रायोजित व सुनियोजित थी।

घातक हथियारों से लैश सारे आततायी व उपद्रवी एक समुदाय विशेष के थे और उनमें से अधिकांश अपनी पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे। दिन के उजाले में कई घन्टे तक हुए दंगे, आगजनी व हिंसा के दौरान पश्चिम बंगाल पुलिस पूरी तरह से अनुपस्थित व निष्क्रिय रही। रिपोर्ट में साफ-साफ कहा गया है कि टीएमसी के स्थानीय नेता और विधायक ने हिंसा को भड़काया और पुलिस को निष्क्रिय रहने दिया। रिपोर्ट में ममता बनर्जी के उस दावे को भी खारिज किया गया है, जिसमें उन्होंने हिंसा में बाहरी लोग खासकर बिहार और यूपी के लोगों को शामिल होना बताया था। दरअसल टीएमसी की ओर से यह हिंसा और दंगा वहां से हिंदुओं को भगाने के लिए ही प्रायोजित किया गया था।

## अब झूठे वादों की बैसाखी पर चल रही है कांग्रेस : उमेश

**कहा- नीतीश सरकार का महिला सशक्तिकरण मॉडल देशभर में अद्वितीय**



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बयान जारी कर कांग्रेस पार्टी द्वारा महिलाओं को 2500 प्रतिमाह देने की घोषणा को सत्ता की बेचैनी और राजनीतिक हताशा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस अपनी गिरी हुई साख और खत्म हो चुके जनाधार को बचाने के लिए झूठे, खोखले और भ्रामक वादों का सहारा ले रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक और सच को परखने में सक्षम हैं, इसलिए ऐसे लोकलुभावन वादों से उन्हें गुमराह करना अब संभव नहीं है। श्री कुशवाहा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण खोखली घोषणाओं से नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और जमीनी काम से होता है, जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 20 वर्षों के शासन में सफलतापूर्वक सिद्ध किया है। उन्होंने बताया कि बेटियों के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए सरकार 94,000 से अधिक की प्रोत्साहन राशि देती है, जो देशभर में एक अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने आगे कहा कि आज बिहार की बेटियाँ शिक्षक, अधिकारी, उद्यमी और जनप्रतिनिधि बनकर समाज में बदलाव की प्रतीक बनी हैं। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या और जीविका दीदी मॉडल को देशभर में सराहना मिली है, जो नीतीश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष ने लांच किया माई बहिन मान योजना**

# कांग्रेस ने 'माई बहिन मान योजना' किया लॉन्च, हर महीने 2500 की गारंटी

## महागठबंधन की सरकार बनने के बाद महिलाओं को कांग्रेस देगी हर महीने 2500 रुपए : अलका लांबा



पटना। कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और झारखंड में महिलाओं को सशक्त करने के बाद कांग्रेस ने अब आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए सूबे में भी महिलाओं को सशक्त करने के लिये कैंपेन लॉन्च किया है।

बुधवार को पटना प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने 'माई बहिन मान योजना' कैंपेन की औपचारिक शुरूआत की। इसका विधिवत पोस्टर भी जारी किया गया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय कैंपेन के तहत कांग्रेस राज्य की सभी महिलाओं से गारंटी फॉर्म भरवायेगी और बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद हर योग्य महिला के खाते में हर महीने 2500 रुपये की सम्मान राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अभियान से जुड़ने के लिये कांग्रेस संगठन ने एक मिस्ड कॉल नंबर 8800023525 भी जारी किया है जिसके तहत महिलाओं को पंजीकरण करना होगा। इस नंबर पर मिस्ड कॉल करके भी इस योजना से जुड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के मुताबिक बिहार में करीब 5.36 करोड़ महिलायें हैं, इसलिये कांग्रेस नेतृत्व को भरोसा है कि हर महिला को सशक्त बनाने की इस महत्वपूर्ण योजना को घर घर ले जाने से बड़ी संख्या में आधी आबादी कांग्रेस के साथ जुड़ेगी। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी इस योजना से महिलाओं को जोड़ने के साथ यह भी बतायेंगे की बिहार की वर्तमान सरकार ने किस प्रकार महिलाओं को मूलभूत अवसरों और सुविधाओं से वंचित रखा है।

### प्रदेश कांग्रेस की चुनावी गारंटी, महिलाओं को देगी 2500 रुपए मासिक: राजेश

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी राज्य के हर घर जाकर महिलाओं को इससे जोड़ेंगे और फॉर्म भरवायेंगे, सभी पंचायतों में इस योजना से महिलाओं को अवगत कराने के लिए महिला चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार बिहार कांग्रेस महिलाओं, छात्रों, युवाओं और किसानों की हक के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसलिए महिलाओं के लिए सम्मान राशि के लिए आवेदन की शुरुआत भी हमने आज किया है। इस योजना की शुरूआत महिला कांग्रेस के द्वारा जमीनी सर्वे के बाद महिलाओं की आशाओं को हकीकत में बदलने के लिए की जा रही है। इसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए उन्होंने कांग्रेस संगठन के एक एक कार्यकर्ताओं को जुटकर काम करने की बात भी कही। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश महिला अध्यक्ष सरवत जहां फातमा, संगीता पाल, मोनी पासवान, अनिता राम, विनीता भगत, कुमारी माया, साधना रजक, रीता सिंह मौजूद थीं।

## बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण सत्र का छठा चरण सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 को ध्यान में रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निदेश के आलोक में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक अनुसंधान संस्थान, सरदार पटेल मार्ग, पटना में चल रहा है। प्रशिक्षण का छठा चरण बुधवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें बेगूसराय , खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, जमुई तथा नालंदा जिलों के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के 179 बूथ लेवल एजेंटों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के छठे चरण में विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में निर्वाचक नामावली की मूलभूत जानकारी, निर्वाचक नामावली का अद्यतन एवं संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया, निर्वाचक सूची तैयार करने में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की भूमिका एवं दायित्व, बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति, कर्तव्य एवं दायित्व, बूथ लेवल अधिकारी की नियुक्ति, भूमिका एवं दायित्व, निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं गणना अभिकर्ता की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का संचालन राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर्स ने किया, जिसमें राजेन्द्र कर्मशील, संजय कुमार मिश्रा, देवव्रत मिश्रा, रत्नाम्बर निलय, कपिल शर्मा तथा अनिल कुमार पटेल शामिल थे। समापन सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण सत्र निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छः चरणों में अब तक 943 बीएलए को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सातवे चरण में 23 मई को पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर तथा रोहतास जिलों के बीएलए को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## भारत को नई ऊँचाई पर लेकर गए राजीव गांधी: रहमानी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी जी की शहादत को याद करते हुए सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी के नेतृत्व में सुपौल शहर के पब्लिक लाइब्रेरी एंड क्लब में आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह सुपौल कांग्रेस प्रभारी ज्योति खन्ना ने कहा कि राजीव गाँधी भारत के एक महान सपूत ने लाखों भारतीयों में आशा की किरण जगाई। उनके दूरदर्शी और साहसी हस्तक्षेपों ने भारत को 21वीं सदी की चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभा के आयोजक मिन्नत रहमानी ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने अपने नेतृत्व और आधुनिक सोच से देश को प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रदान कर दिशा दी। उनके निर्णयों ने भारत को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाया। उनका योगदान हमारे लिए प्रेरणास्रोत है और उनकी स्मृति हमारे दिलों में सदैव जीवित रहेगी। वरिष्ठ नेता जितेंद्र झा ने कहा कि उन्होंने देश की उन्नति और प्रगति के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी वह आज के राजनेता के लिए अकल्पनीय है। कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि राजीव गांधी के योगदानों में मतदान आयु घटाना, पंचायती राज को सशक्त करना और आईटी क्रांति का नेतृत्व करना शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पीतांबर पाठक, महिला जिला अध्यक्ष स्वाती मंडल, सहकारिता अध्यक्ष पप्पू वर्मा, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष प्रमोद यादव, शत्रुघ्न प्रसाद चौधरी, मीडिया प्रभारी सोनू आजाद, संजय भारती, सुनर देवी, दिवाकर कुमार, संजय यादव, नीतीश कुमार, राजा कुमार, रोहित सेठ, रौनक कुमार, सतीश कुमार, हरवंश कुमार सिंह, शिवनाथ मुखिया, प्रिंस कुमार, अरुण कुमार, सूरज चौधरी, मो मुस्ताक आदि उपस्थित थे।

## सत्ता के लालच में झूठे वादों की बारिश कर रही है कांग्रेस : श्रवण

**कहा- बिहार की महिलाएं अब जागरूक और विवेकशील**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कांग्रेस पर तंज कसा है। बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि जिस पार्टी ने दशकों तक बिहार और देश की महिलाओं की कोई सुध नहीं ली, वह अब जब चुनाव नजदीक आ गए हैं, तो सत्ता के लालच में झूठे वादों की बारिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक और विवेकशील हैं, और वे स्पष्ट रूप से जानती हैं कि कौन उनके भविष्य की चिंता करता है और कौन केवल वोट बैंक की राजनीति कर रहा है। श्री कुमार ने यह भी कहा कि जो लोग कभी नौकरी के बदले गरीबों की जमीन और मकान लिखवाते रहे, वे कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जब भी महिला सशक्तिकरण की बात होगी, तो उसमें सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ही होगा, जिन्होंने बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कार्य किए हैं।

**अनर्गल और निराधार बातें करना राजद की राजनीतिक प्रवृत्ति : जयंत**

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को लेकर पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनर्गल और निराधार बयान देना राजद की पुरानी राजनीतिक प्रवृत्ति रही है, जिसे जनता अब अच्छी तरह पहचान चुकी है। यही कारण है कि चुनाव दर चुनाव जनता ने उन्हें नकारा है और अब उनकी स्थिति राजनीतिक रसातल की ओर जाती प्रतीत हो रही है।

**बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : सुनील**

मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ आज के डिजिटल युग में सुरक्षित और अनुशासित ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना भी समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा एक विशेष पेम्फलेट जारी किया गया है, जिसमें छात्रों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग से जुड़ी सावधानियों और लाभ-हानियों की विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अनुकम्पा आधारित नियुक्तियों से संबंधित नियमावली तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही इसके अंतर्गत नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके अतिरिक्त, दिव्यांग बच्चों की विशेष शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा सात हजार स्पेशल शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। इससे पहले जनसुनवाई कार्यक्रम में मंत्रीगण ने प्रदेश भर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ एवं प्रकोष्ठों के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि को भारतीय युवा कांग्रेस ने आतंकवाद विरोधी दिवस घोषित कर अपने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी कड़ी में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में प्रदेश भर में 45 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस संबद्ध में अपना वक्तव्य रखते हुए गरीब दास ने बताया कि पहलगाम की घटना आतंकवादियों की एक घटिया कोशिश थी कि देश में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल बिगाड़ा जा सके लेकिन इस देश की जनता ने एकजुटता का परिचय देकर वो साजिश नाकाम की है। आगे बोलते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जिला मुख्यालय एवं कई विधानसभाओं में इस शिविर का आयोजन हुआ है जिसमें बड़े पैमाने पर युवाओं ने रक्तदान कर राजीव गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर युवाओं के उत्साह वर्धन के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए एसआईएस कर्मचारी व पदाधिकारी सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। देश की अग्रणी निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस लिमिटेड के द्वारा बुधवार को प्रशासनिक कार्यालय, निशांत रिजेंसी, फ्रेजर रोड पटना में संस्थान में 10 वर्ष एवं उससे अधिक समय से सेवा प्रदान करने वाले ऐसे छः पदाधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से राम प्रवेश प्रसाद, सेवा अवधि 35 वर्ष, शिशिर कुमार मिश्रा, सेवा अवधि 20 वर्ष, रेखा कुमारी सिन्हा, सेवा अवधि 20 वर्ष, सिल्विया रुंगटा सेवा अवधि 15 वर्ष, सुबोध कुमार सिंह, सेवा अवधि 15वर्ष एवं राजीव रंजन, सेवा अवधि 10 वर्ष को कंपनी के महाप्रबंधक नीरज कुमार वर्मा मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा सर्टिफिकेट एवं संस्थान का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक नीरज कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थान के समुह संस्थापक अध्यक्ष रवीन्द्र किशोर सिन्हा की प्रेरणा और सोच का परिणाम है कि आज एसआईएस एशिया महादेश की अग्रणी निजी सुरक्षा एजेंसी है, जिसमे उनके कर्मठ एवं ईमानदार कर्मचारियों और पदाधिकारियों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि एसआईएस समूह परिवार के सभी सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनायें भी दी। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक विकाश रंजन, वरीय प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा, प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी सतीश कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक मधुरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रियंका हंडे एवं अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बिहार के सभी प्रखंडों में बनेगा कोल्ड स्टोरेज और गोदाम : मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। बिहार के सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने पूर्णिया में प्रमंडलीय स्तर की विभागीय समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी प्रखंडों में कोल्ड स्टोरेज और गोदाम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग पैक्स के माध्यम से किसान, बुनकर और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार में बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती होती है, मगर 30 प्रतिशत सब्जी बर्बाद हो जाती है। सरकार बिहार के सब्जी उत्पादकों को बेहतर उत्पादन और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रखंड और पंचायत स्तर पर काम कर रही है। मंत्री प्रेम कुमार ने सब्जियों के निर्यात और विपणन को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में बड़ी संख्या में किसान सब्जी उत्पादन करते हैं, लेकिन उन्हें सही बाजार नहीं मिल पाता है। बिहार के 534 प्रखंडों में से 460 प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय सहयोग समिति का गठन किया जा चुका है।

# बिहार के 252 प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम तैयार

## खेल अवसंरचना का विकास राज्य की प्राथमिकता : अपर मुख्य सचिव

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बुधवार को राज्य के सभी जिला खेल पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राज्य में खेल अवसंरचाओं के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। अब तक की प्रगति की बात करें तो बिहार के 534 प्रखंड में से 252 में आउटडोर स्टेडियम पूरी तरह तैयार हैं और उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। 122 प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जबकि 160 ब्लॉकों में यह कार्य प्रगति पर है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन प्रखंड में स्टेडियम तैयार हो चुके हैं, वहां नागरिकों और स्कूल के छात्रों द्वारा इनका सक्रिय उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि खेल संस्कृति का विस्तार हो सके। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर आउटडोर स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। बैठक में जिला खेल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने क्षेत्रों के ब्लॉकों का दौरा करें और स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रगति की स्वयं निगरानी करें। इसके साथ ही, उन्हें स्थानीय नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और स्कूलों के साथ संवाद स्थापित कर आउटडोर स्टेडियम के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि स्टेडियम केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि वहां छात्र और स्थानीय निवासी नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लें। इस बैठक में कटिहार, पूर्णिया और बक्सर के जिला खेल पदाधिकारियों की स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों के सफल संचालन और सक्रिय भूमिका के लिए अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से सराहना की। अन्य जिलों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे राज्य में खेल अधोसंरचना के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए पूरी तत्परता और सक्रियता से कार्य करें। खेल विभाग, बिहार सरकार राज्य के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## भारत रत्न स्व राजीव गांधी प्रेम और वलिदान की प्रतिमूर्ति थे : राजेश

**सदाकत आश्रम में मनी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि**

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गाँधी की 34 वीं पुण्यतिथि एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सदानन्द सिंह की 82 वी जयंती बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राजीव गाँधी जी ने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिये एवं इसके धर्मनिरपेक्ष चरित्र को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये अपनी कुबार्नी दी। उन्होंने कहा कि राजीव गाँधी ने देश में सूचना एवं संचार-क्रांति की शुरूआत की। सत्ता के विकेन्द्रीकरण के लिये पंचायती राज का प्रारूप बनाया जो बाद में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव के कार्यकाल में पंचायती राज संविधान संशोधन बिल के रूप में आया और आज सारे देश में यह पंचायती राज कायम है जिसमें महिलाओं के लिये एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि देश में युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक-से-अधिक शामिल करने के लिये उन्होंने मताधिकार की उम्र सीमा 18 वर्ष करायी। श्री राजेश राम ने कहा कि आज कृतज्ञ राष्ट्र देश के नव निर्माण में राजीव गाँधी के योगदान को स्मरण कर उनकी स्मृति को बार-बार नमन करती है। इस अवसर पर सदाकत आश्रम स्थित राजीव गाँधी की प्रतिमा पर नेताओं ने माल्यार्पण किया। श्री राजेश राम ने कहा ने कहा कि सदानन्द बाबू कांग्रेस पार्टी के मूर्धन्य नेता थे। कांग्रेस अध्यक्ष एवं मंत्री के रूप में उल्लेखनीय कार्य किये उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष अलका लाम्बा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चंदन वागची, प्रो राम जतन सिन्हा, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, विधायक, डा अजय सिंह, मोती लाल शर्मा, पूर्व विधायक डा अशोक कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा नरेन्द्र कुमार, वीणा शाही, राज कुमार राजन, अजय चौधरी, राजेश राठौड़, जमाल अहमद भल्लू, गरीब दास, गुंजन पटेल, उमैर खान, सरवत जहां फातिमा, अनुराग चन्दन, ज्ञान रंजन डा संजय यादव, राजेश कुमार सिन्हा ,पुनम देवी, चन्द्र प्रकाश सिंह, नागेन्द्र कुमार विकल, ललन यादव, पंकज कुमार यादव, मो अब्दुल बकी, , राम शंकर कुमार, रिया कुमारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 22 मई, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# वर्षापात, तटबंधों एवम नदियों के जल स्तर पर सतत निगरानी का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से वर्चुअल माध्यम से बाढ़ पूर्व की तैयारियों एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे त्वरित रूप से निपटने को लेकर जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं जिला स्तरीय सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर कई निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में उससे निपटने को लेकर तैयारियो को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखे। उन्होंने आपदा संपूर्ति पोर्टल पर सभी प्रकार के डाटा को अविलम्ब अपडेट करने का निर्देश दिया ताकि आपदा की स्थिति उत्पन्न होने पर ससमय राहत पहुचाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जवाबदेही तय कर करवाई भी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी आवश्यकता का आकलन करते हुए निजी नावों के लिए एकरारनामा कर ले, साथ ही उपलब्ध सरकारी नाव का भी भौतिक सत्यापन कर क्षतिग्रस्त नाव की मरम्मती ससमय कर ले।उन्होंने स्थाई बाढ़ आश्रय स्थल के साथ साथ अस्थाई बाढ़ आश्रय स्थल के समीक्षा के क्रम में कहा कि बाढ़ आश्रय स्थल में पेय जल, शौचालय आदि मूलभूत व्यवस्थाएं का भौतिक सत्यापन कर ले।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि बाढ़ राहत कार्य से जुड़ी आवश्यक दवाइयों का समय से स्टॉक में रखे। इनमे सभी जीवन रक्षक दवा, एन्टी स्नैक, हेलोजन की गोलियां, ब्लीचिंग पाउडर आदि भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हों यह हरहाल में सुनिश्चित करले।उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, मधुबनी को निर्देश दिया कि विभाग द्वारा चापाकलों की मरम्मति एवं नए लगाए जाने वाले चापाकलों के लिए भी तैयारी करने का निदेश दिया। उन्होंने इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों सहित बाढ़ प्रमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी अपने क्षेत्राधीन बांधो का लगातार निरीक्षण करते रहे। यदि किसी स्थान पर उन्हें बांध की वर्तमान संरचना में कोई त्रुटि दिखाई दे तो अविलंब संबधित अभियंता से समन्वय कर उसका त्वरित समाधान कर ले। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे प्रत्येक बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक करेंगे, इसलिये सभी संबधित जिला स्तरीय पदाधिकारी ससमय समाहरणालय वीसी कक्ष में बैठक में उपस्थित रहेंगे, वही सभी एसडीओ, सीओ, सभी तकनीकी विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आपदा जैसे महत्वपूर्ण बैठक से अनुपस्थित रहने पर कारवाई भी की जाएगी।उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, राजेश कुमार, अपर समाहर्ता आपदा, संतोष कुमार, सिविल सर्जन डॉ हरेंद्र कुमार, प्रभारी जिला आपदा प्रबंधन शाखा परिमल कुमार, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी रजनीश कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, ललन चौधरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय अभियंता व पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बागेश्वर बाबा को भा गया मिथिलांचल, अगले साल फिर आएंगे



ब्रह्मानन्द ठाकुर / प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को मिथिलांचल इतना भा गया कि उन्होने अगले साल भी तीन दिनों के लिए यहां आने की घोषणा कर दी। बाबा अपनी दो दिनों की बिहार यात्रा पर मंगलवार को रात लगभग 10 बजे मुजफ्फरपुर के राधानगर पताही-चौसीमा गांव पहुंचे थे। यहां 10 दिवसीय महा विष्णु यज्ञ आयोजित है। यज्ञ स्थल पर उनकी एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। वे यहां संध्या 5 बजे पहुंचने वाले थे। उनके दर्शनों के लिए लोगों में उत्साह इतना था कि करीब 5 घंटे देरी से पहुंचने के बाद भी लोग बडी बेसब्री से उनका इंतजार करते रहे । पंडाल लोगों से खचाखच भरा हुआ था। पंडाल के बाहर भी बड़ी संख्या में लोग उनका दर्शन पाने के लिए डटे हुए थे। व्यास पीठ पर बैठते ही धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने मुझे अपना कर्जदार बना लिया है। इनके इस कर्ज को चुकाने के लिए मैं अगले साल फिर तीन दिनों के लिए मुजफ्फरपुर जरूर आऊंगा। उन्होंने कहा, मेरी इच्छा है कि अगर मुझे अगला जन्म मिले तो बिहार की धरती पर खास कर मिथिलांचल में ही मिले। आगे उन्होंने कहा , मुझे पहली बार मिथिला की धरती पर आकर कथा कहने का मौका मिला है। यह राजा जनक और माता सीता की जन्मभूमि है।बाबा ने लोगों को इस बात के लिए धन्यवाद दिया की इतनी रात तक भी वे उनका इंतजार करते रहे। वे उनके इस प्यार से अभिभूत हैं।हिंदू राष्ट्र के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए बागेश्वर बाबा ने पदयात्रा करने का भी ऐलान किया। इस बात को लेकर वे पूरी तरह से आश्वस्त दिखे कि एक न एक दिन भारत हिंदू राष्ट्र का परचम जरूर फहराएगा। बाबा ने कहा कि यह नया भारत है 1965 और 1971 वाला भारत नहीं है. ।हम दुश्मनों को घर में घुसकर मारना जानते हैं।. भारत की बेटियों ने पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है।इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को समर्थन देने वाले चीन को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हम इंडिया वाले तो चाइनीज चार्जर खरीदने से पहले भी 100 बार सोचते हैं और ये पाकिस्तान वाले चाइनीज मिसाइल पर भरोसा कर अरबो रुपए खर्च कर उसे खरीद लाये।अपने सम्बोधन में बाबा धीरेन्द्र शास्त्री ने जातीय गणना जैसे मुद्दे को भी टच किया। उन्होंने कहा, जाति गणना के साथ - साथ अमीर - गरीब की भी गणना हो , तभी देश का विकास होगा। कथा प्रवचन के बाद देर रात बाबा ने दिव्य दरबार का भी आयोजन किया। वे बारी-बारी से लोगों की पर्चियां निकालते और उनकी परेशानियों का समाधान करते रहे।

## मधुबनी के बकुआ पंचायत में पक्का पुल नही कोसी दियारा के 10 हजार लोग चचरी पुल के सहारे



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मधेपुर प्रखंड के कोसी दियारा क्षेत्र में स्थित बकुआ पंचायत की करीब दस हजार की आबादी आज भी अस्थायी चचरी पुल के सहारे अपनी जिंदगी गुजारने को मजबूर है। यह क्षेत्र बिहार सरकार की परिवहन मंत्री शीला मंडल के फुलपरास विधानसभा क्षेत्र में आता है। गौरतलब है कि इसी इलाके से रामप्रीत मंडल दो बार झंझारपुर लोकसभा से सांसद रह चुके है, लेकिन पुल की स्थिति जस की तस बनी हुआ है।नेपाल और बिहार के तराई क्षेत्रों में मानसूनी बारिश शुरू होते ही बकुआ पंचायत के ग्रामीणो की चिंता बढ़ ता है। कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि के साथ ही यह क्षेत्र मुख्य धारा से कटने लगता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एक पीढ़ी पक्के पुल की आस में गुजर गई अब दूसरी पीढ़ी भी इंतजार में है।ग्रामीणो का आरोप है कि चुनाव के समय नेता चचरी पुल को हटाकर पक्का पुल बनाने का वादा करते है लेकिन चुनाव खत्म होते ही वे गायब हो जाते हैं। गांव की महिला मंजू देवी कहती है बरसात में सर्पदंश हो या प्रसव मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भगवान भरोसे होता हैआजादी के 75 साल बाद भी इस क्षेत्र को पक्के पुल जैसी बुनियादी सुविधा नही मिल सका है। ग्रामीणो का कहना है कि वे अब अपने बच्चों के लिए एक बेहतर भविष्य की कामना करते है। हमने जीवन भर कष्ट झेला है अब हमारी नई पीढ़ी को ये न सहना पड़े एक बुजुर्ग ग्रामीण भावुक होकर कहते है।

## बाल श्रम निषेध पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अम्बेडकर सभागार मे जिला पदाधिकारी राजीव रौशन के निदेशानुसार अपर समाहर्ता राजस्व नीरज कुमार दास की अध्यक्षता में बाल श्रम निषेध विषय पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स एक दिवसीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल श्रम से संबंधित सभी हितधारक के साथ-साथ टास्क फोर्स के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। सभी पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों को श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा के द्वारा स्वागत करते हुए बाल श्रम के क्षेत्र में की गई उल्लेखनीय कार्य के बारे में विस्तार से बताया गया । बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 मे 39 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया, जिसमें 05 दूसरे जिला से और 34 दरभंगा जिले से संबंधित है, जिन्हें नियमानुसार कैश कम्पोनेंट एवं नॉन कैश कंपोनेन्ट के तहत पुनर्वासन किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 07 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराकर उनके पुनर्वास की कार्रवाई की जा रही है । बैठक को संबांधित करते हुए श्रम अधीक्षक, दरभंगा द्वारा कहा गया कि बाल श्रम ,मे मानव तस्करी भी की जा रही है, जो सभ्य समाज के लिए कलंक का विषय है। इसे हम लोग सतत प्रयास से ही इससे मुक्ति प्राप्त कर सकते है।अपर समाहर्त्ता, दरभंगा द्वारा बताया गया कि बाल श्रम निषेध हेतु संविधान में भी स्पष्ट प्रावधान है, फिर भी यह प्रथा हमारे समाज मे व्याप्त है, जो समाज के लिए कलंक है, जिसे दूर करने के लिए हम सभी को संकल्पित होने के साथ-साथ प्रतिबद्धता भी दशार्ना होगा। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों से आह्वान किया गया कि आप लोग जागरूक नागरिक है अपने घर अपने समाज में बाल श्रम कुप्रथा से संबंधित जागृति लाने का प्रयास करें।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने फ्लैट निर्माण कंपनी पर लगाया जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । जिला उपभोक्ता आयोग ने एक फ्लैट निर्माण कंपनी के विरुद्ध कड़ा एक्शन लिया है। पूरा मामला यह है कि खबड़ा निवासी अभिलाषा कुमारी ने 6 दिसंबर ,2021 को जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खबड़ा में एक फ्लैट निर्माण कंपनी उर्मिला होम्स जेबी द्वारा निर्मित विजय एन्क्लेव में एक 3 बीएचके फ्लैट 43 लाख21 हजार 200 रुपये में खरीदी थी। पीड़िता अपने परिवार के साथ जब उक्त फ्लैट में रहना शुरू की, तो पाया कि उस अपार्टमेंट एवं उस फ्लैट में ऐसी अधिकांश सुविधाओं का अभाव है, जिसका जिक्र फ्लैट निर्माण कंपनी द्वारा प्रदत्त अपने विवरणिका पुस्तिका एवं विकास कार्य एकरारनामा में अंकित है। इस सम्बन्ध में पीड़िता द्वारा फ्लैट निर्माण कंपनी से शिकायत की गई, लेकिन कंपनी के स्तर से कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया जा सका। पीड़िता थक-हारकर मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के.झा के माध्यम से 13 जून ,2022 को जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष परिवाद दर्ज कराया।परिवाद में प्रबंध निदेशक, उर्मिला होम्स जेबी, मुजफ्फरपुर, पुरुषोत्तम पाण्डेय , अनुपम कुमार एवं राकेश रंजन ( तीनों पार्टनर) को पक्षकार बनाया गया था।।इन सभी के विरुद्ध आयोग के समक्ष सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के पश्चात आयोग ने इस बात को माना कि फ्लैट निर्माण कंपनी द्वारा उपभोक्ता को एग्रीमेंट के अनुसार सेवा प्रदान नहीं की गई है, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के विरुद्ध है। इस तरह अपार्टमेंट एवं फ्लैट में जो भी सुविधाएँ मिलनी चाहिए, उन सभी सुविधाओं से पीड़िता को फ्लैट निर्माण कंपनी द्वारा वंचित रखा गया। सुनवाई के पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पियूष कमल दीक्षित एवं सदस्य सुनील कुमार तिवारी की पीठ द्वारा आदेश दिया गया कि फ्लैट निर्माण कंपनी द्वारा जो निर्माण कार्य कराये गये हैं, उसको रिपेयर किया जाये तथा एग्रीमेंट में वर्णित जो निर्माण कार्य नहीं कराये गये हैं, उसका पुनर्निमाण किया जाये। आयोग ने इसके लिए 45 दिनों की समय सीमा निर्धारित की है। अगर 45 दिनों के अंदर आयोग द्वारा पारित निर्णय का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो निर्माण कंपनी को बतौर हजार्ना के रूप में 2 लाख रुपये का जुमार्ना पीड़िता को अदा करना होगा तथा वाद खर्च के रूप 10,000 रुपये अलग से देना होगा। साथ-ही-साथ 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज का भुगतान भी करना होगा। आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के पश्चात कुल 2,10,000 रुपये का भुगतान 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ निर्माण कंपनी को करना होगा। यह पूरी राशि पीड़िता अभिलाषा कुमारी को प्राप्त होगी। आयोग द्वारा यह निर्णय 15 अप्रैल 2025 को पारित किया गया, जिसकी सत्यापित प्रति 20 मई 2025 को पीड़िता को प्राप्त हुई। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने बताया कि यह पूरा मामला उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के सेवा में कमी की कोटि का मामला था, जिसे आयोग द्वारा अवलोकन किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर: आतंक के विरुद्ध एक सफल अभियान: प्रो. पासवान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः राष्ट्रीय आतंक विरोधी दिवस के अवसर पर नगर परिषद जमुई स्थित सिरचंद नवादा में ऑपरेशन सिंदूरः आतंकवाद, सेना का शौर्य, सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह की वीरता, आईएमएफ द्वारा संघर्ष के बीच आर्थिक मदद पर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष सह अखिल भारतीय शांति एवं एकजुटता संगठन के सदस्य डॉ. (प्रो.) गौरीशंकर पासवान ने कहा कि आज ही के 21मई सन 1991 को आतंकवादियों ने भारत के लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी को मानव बम से उड़ाया था। आतंकवाद भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए नासूर है। आतंकियों का कोई धर्म, जाति, वर्ग नहीं होते। वे तो सिर्फ मानवता के शत्रु होते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूरः आतंकवाद के विरुद्ध एक सफल अभियान है। सेना की शौर्य, कर्नल सोफिया कुरैशी एवं व्योमिका सिंह जैसी वीरांगनाओं की वीरता की पहचान है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूरः साहस, शौर्य और गरिमा की रेखा है। पाक, चीन, तूर्किए एवं अजरबैजान की हार दुनिया ने देखी है। क्योंकि पाकिस्तान और भारत के संघर्ष में चीन, तुर्की और अजरबैजान संयुक्त रूप से पाकिस्तान को साथ दिया। ड्रोन, मिसाइल साथ में उसका ऑपरेटर भी देकर पाक को मदद किया, लेकिन भारत का ब्रह्मोस और आकाश ने उसे आकाश में ही मार गिराया। और ऑपरेशन सिंदूर की विजय हुई। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूरा भारत खुश है।ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में भारत की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह सेना की शौर्य, धैर्यह्न शान और हर बेटी के हौसले की पहचान बन चुकी हैं.

वे ऑपरेशन सिंदूर की लीड कमांडो की भूमिका में थी। इन्होंने रणनीति, निगरानी और नेतृत्व की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। ऑपरेशन सिंदूर में उन्होंने जो साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है वह हर भारतीयों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। बेटी पूजा की मूरत, सीमा की रक्षक ही नहीं बल्कि रणभूमि की जरूरत बन गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह केवल भारतीय सेवा की अधिकारी नहीं, बल्कि भारत की बेटियों की शान, शक्ति, संकल्प, और सामर्थ्य का जीवंत प्रतीक हैं। इन दोनों बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया कि अब नारी बेचारी नहीं और घर की लक्ष्मी नहीं, अपितु सीमा की रणचंडी और दुर्गा भी है। हम आप दोनों वीरांगनाओं को सलाम करते हैं कि आप दोनों बेटियां केवल कमांडो नहीं बल्कि करोड़ों बेटियों के विश्वास की मशाल है। लेकिन विडंबना और चिंताजनक बात यह है कि कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह को अपने ही देश के कुछ नेता उनको अपमानित करने से नहीं चुके। ऐसे लोगों पर सरकार कठोर कार्रवाई करें। प्रो. पासवान ने आगे कहा कि भारत में बैठकर पाकिस्तान की जयकार लगाना शर्मनाक है। हाल ही में पाकिस्तान के लिए जासूसी करते हुए देश के कई भागों से 12 युवक युवतियों की गिरफ्तारी हुई है, जिन्होंने देश के साथ गद्दारी की है। ज्योति मल्होत्रा जैसी ट्रैवलर ब्लॉगर जासूस केवल संवैधानिक अपराधी ही नहीं बल्कि नैतिक रूप से राष्ट्रद्रोही है. उन्होंने कहा कि सैन्य विश्लेषको के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर विश्व की 10 सबसे सटीक और साहसी सैन्य कार्यवाहीयों में सुमार हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सात आठ या नौ मई को सिंदूर संकल्प दिवस हर वर्ष उन वीरांगनावो को समर्पित होना चाहिए, जो देश की रक्षा हेतु अपने सिंदूर की आभा को रणभूमि का रक्त बना देती है।

## पांच दिनों में 141 गिरफ्तारी, शराब व हथियार बरामद, लाखों का जुमार्ना वसूला



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले में अपराध और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए समस्तीपुर पुलिस सघन अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत बीते पांच दिनों में 20 मई तक तक पुलिस ने 141 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इसमें 34.74 लीटर विदेशी शराब व 78.38 लीटर देसी शराब की बरामदगी की गई है। पुलिस द्वारा सघन वाहन जांच अभियान भी चलाया गया, जिसमें कुल 140 वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वालों से तीन लाख 22 हजार 500 रुपए जुमार्ना वसूला गया। अवैध हथियार रखने वालों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की। पांच दिनों में दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक लाइसेंसी बंदूक, दस जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। इसके अलावा एक बड़ी सफलता में पुलिस ने 951.342 ग्राम सोना भी बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपए आंकी गई है। अभियान के दौरान तीन बाइक, एक कार और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि अपराध पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है, और इसके लिए जिले भर में सघन अभियान चलाए जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात पुलिस ने हेराफेरी मामले में एक को पकड़ा

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर गांव से गुजरात राज्य में कूपन हेरा फेरी मामले में बख्तियारपुर गांव से पुलिस ने छापेमारी कर विनोद सहनी के पुत्र कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है ।ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में गुजरात के पेटू लाइव प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से नयी मैनूफ्रैक्चर क्यूआर कोड, एन वी डेट टोकन कंपनी ने मजदूरी करने के दौरान दो युवक के द्वारा कूपन चोरी कर लिया गया था। जिसे गुजरात पुलिस ने कल्याणपुर के बख्तियारपुर गांव से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दूसरे युवक फरार बताया जा रहा है। दोनों थाना के सहयोग से बख्तियारपुर गांव से गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा युवक फरार बताया जा रहा है। इस मामले को लेकर गुजरात पुलिस के एस आई चंदू भाई सुरपाल और सिपाही क्रिएट सिंह ढाला ने बताया कि वलसाड जिला के पारोडी थाना क्षेत्र के उक्त कंपनी में बीते वर्ष कम्पनी का लाकर तोड़कर एम बी डाटा टोकन 4 हजार नया क्यूआर कोड कूपन चोरी कर लिया गया था। जिसका कीमत वर्तमान में 7 लाख रुपए बताई गई है ।वही इस बाबत कल्याणपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि मुख्यालय के आदेश पर छापेमारी कर चोरी के मामले में एक युवकों को गिरफ्तार कर लिया । दूसरा युवक फरार बताया जा रहा है। गिरफ्तार युवक को गुजरात पुलिस अपने साथ ले गयी।

### अपहृता को पुलिस ने किया बरामद

कल्याणपुर, विभिन्न गांव से दो अपहृता को पुलिस ने बरामद कर अग्रसर कार्रवाई में समस्तीपुर न्यायालय व मेडिकल जांच में भेजा। जानकारी अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा में देते हुए बताया कि अकबरपुर गांव से विवाहिता का अपहरणकर्ता ने अपहरण कर लिया था। जिस कांड में पिता छोटू पासवान 5 पांच लोगों को आरोपित किया था। जिसमें जगन्नाथ, धर्मेंद्र, जितेंद्र, मोहित, शीला देवी शामिल है। पुलिस दबाव को लेकर अपहर्ता स्वयं थाना पर पहुंची। केस के अनुसंधानकर्ता थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के निर्देश पर मेडिकल जांच व न्यायालय में गए हैं। वहीं दूसरी ओर जितवरिया गांव से एक विवाहिता का अपहरण कर्ता ने अपहरण कर भाग ले गए थे। इसको लेकर पति ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस दबिश से विवाहिता मंगलवार को थाना पहुंची। दोनों कांड के अनुसंधान कर्ता अवर निरीक्षक शिम्पी कुमारी व अनुसंधान कर्ता अवर निरीक्षक लालू मल्लाह दोनों बरामद अपहृता को लेकर न्यायालय थाना अध्यक्ष के निर्देश पर गए हैं ।

### मारपीट सड़क दुर्घटना में दो जख्मी, ईलाज जारी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में सड़क दुर्घटना व मारपीट में दो लोग जख्मी हुए। परिजनों के सहयोग से जख्मियों को सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने जख्मी की पहचान रसलपुर बघला गांव के स्वर्गीय हरिवंश पांडे के 60 वर्षीय पुत्र गणेश पांडे के रूप में की गई वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटना में जितवरिया गांव के चंद्रपाल चौधरी के पुत्र 25 वर्षीय पीयूष कुमार के रूप में की गई है। इसके संबंध में परिजनों ने बताया कि पीयूष बाइक पर से गिर गया, जिससे वह गंभीर जख्मी हो गया। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने दी।

### 34 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय कल्याणपुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के 34 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर कर रहे थे। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। वहीं वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व में कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर चंद्रभूषण सिंह, अजीत झा, कमल किशोर, रणधीर ईसर, रामशंकर ईसर, जयशंकर ईसर, बैजनाथ ईसर, गुंजन कुमार सिंह, गौरी शंकर ईसर, अनिल सिंह, संजीव ठाकुर, अजीत कुमार सिंह, विजय कुमार झा, लक्ष्मी पासवान, धर्मेश चौधरी, वीरेंद्र सेठ, ओम प्रकाश पासवान आदि मौजूद थे।

### लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन 4 जून तक होगी

विभूतिपुर/समस्तीपुर आगामी बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 का मतदान स्वच्छ, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन कराया जाना है ।जिला दंडाधिकारी समस्तीपुर के पत्रांक 893 दिनांक 13 मई 2025 के आलोक में विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी के शस्त्र का भौतिक सत्यापन की तिथि 20 मई 2025 से 04 जून 2025 तक निर्धारित की गई है ।सुबह 10:30 बजे से संध्या 5 बजे तक थाना भवन में शस्त्र का सत्यापन किया जाएगा। उक्त अवधि में शस्त्र का सत्यापन नहीं कराने वाले के विरुद्ध शस्त्र व कारतूस जप्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बात की जानकारी विभूतिपुर थाना अध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने नोटिस जारी कर दिया है।

## मुख्यमंत्री ने किया 44 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को समग्र शहरी विकास योजना के तहत मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत नगर निकायों में रोड एवं नाला के निर्माण हेतु 44 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में नगर निगम मुजफ्फरपुर, नगर परिषद मोतीपुर एवं कांटी, नगर पंचायत सकरा, सरैया ,मुरौल, माधोपुर सुस्ता, तुर्की कुढ़नी शामिल है। सरकारी प्रक्रिया के तहत योजनाओं का चयन उपमुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में गठित जिला संचालन समिति द्वारा तथा क्रियान्वयन बुडको द्वारा किया जाना है। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुजफ्फरपुर समाहरणालय से कार्यक्रम में विधायक विजेंद्र चौधरी, मेयर श्रीमती निर्मला देवी साहू, उपमेयर डॉ मोनालिसा तथा अन्य नगर निकायों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष , सभापति, उपसभापति, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन , जिला योजना पदाधिकारी नवीन कुमार सहित कई अन्य अधिकारी जुड़े हुए थे।

## महिला ने दारोगा पर लगाया छेड़खानी और मारपीट का आरोप, मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग के पास

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले से के अहियापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला द्वारा अपने क्षेत्र के दरोगा पर छेड़खानी और मार-पीट के आरोप लगाये गये हैं। मामला मुरादपुर दुल्लाह गांव का है जहां की एक महिला ने दरोगा विपिन रंजन पर उसके साथ छेड़खानी व -मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाये है। महिला ने बताया है कि दरोगा विपिन रंजन अक्सर उसके घर में घुसकर उसकी- इज्जत लूटने का प्रयास करता है।लेकिन डर और लोक - लज्जा के कारण उसने आजतक किसी से इस घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। महिला का कहना है कि कि दरोगा विपिन रंजन द्वारा उसे बार-बार अपने घर आने के लिए दबाव दिया जाता है। गत 19 मई - की रात डेढ़ बजे दरोगा फिर उस महिला के घर पहुंच कर - मनमानी करने लगा। तब महिला ने इसका विरोध किया। इसपर दरोगा द्वारा उसके साथ मार-पीट की गई और पिस्तौल के - दम पर उसकी इज्जत लूटने का प्रयास भी किया गया। महिला जखमी हालत में वहां एसकेएमसीएच गई और अपना इलाज कराया। महिला का यह भी कहना है कि जब वह इलाज करा कर घर वापस आयी तो उसके 20 हजार रुपये गायब मिले । वह रुपये उसने विस्तर पर तकिया के नीचे छिपा रखे थे। महिला का आरोप है कि दरोगा विपिन रंजन द्वारा उसे शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई है। थक-हारकर महिला ने मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा के माध्यम से बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिका दर्ज कराई है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि यह मामला रक्षक के भक्षक बनने का है।पुलिस, जिसपर लोगों की सुरक्षा की जबावदेही है, वही ऐसी घिनौनी हरकत करें, तो लोगों का तो पुलिस-प्रशासन पर से भरोसा ही उठ जायेगा। ऐसे में लोग फरियाद लेकर कहाँ जाये, यह भी एक यक्ष प्रश्न है। यह मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर कोटि का मामला है। उम्मीद है, आयोग द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ठोस व निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर की सामुदायिक अस्पताल पर विभिन्न मांगों को लेकर पांच दिवसीय धरना

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सामुदायिक अस्पताल परिसर के मुख्य द्वार पर बुधवार को सवेरे से पोषक क्षेत्र में कार्यरत आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर की अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। नेतृत्व सीमा कुमारी कर रही थी। फैसिलिटेटर का नेतृत्व भारतीय कुमारी ने किया। बिहार सरकार के मुखिया के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी। इन सबों की धरना प्रदर्शन को लेकर अस्पताल में आवाज आई करने वाले मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा इतना ही नहीं आशा कार्यकताओं के द्वारा कूरियर कार्यकताओं की बीच में झड़प हो गई। साधु यादव के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। घरना प्रदर्शन करने वाली आशाओं ने बताया कि बिहार राज्य गोप गुट एकटू के निर्देश पर बिहार के 80% आशाओं का धरना प्रदर्शन सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर किया जा रहा है उनकी मुख्य मांगे 2023 के बढ़ोतरी समझौता अब तक लागू नहीं हुई है ।अभिलंब लागू की जाए हेल्थ वेलनेस सेंटर पर काम करने वाली आशा कार्यकताओं को पोर्टल से जोडी जाए। न्यूनतम 21000 मासिक राशि मिले, अवकाश ग्रहण 65 वर्ष की जाए अवकाश के समय 10 लाख रुपए मिलने की गारंटी दें। आदि 8 मांगे मांग कर रही थी।

## ग्रामीणों के बीच ग्राम कचहरी के सदस्य अपने विश्वास को कायम करें : सत्र न्यायाधीश

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर( दरभंगा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कपूरी सभा भवन में नालसा योजनाओं, निःशुल्क विधिक सेवा, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि विषयों पर विधिक जागरूकता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि यह संस्था न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय के साथ स्थापित किया गया है। ताकि आमजनों को किसी भी तरह की परेशानी को आसानी से दूर किया जा सके। उन्होंने ग्राम कचहरियों की कार्यशैली को सुधारने की बात करते हुए कहा कि ग्रामीणों के बीच ग्राम कचहरी के सदस्य अपने विश्वास को कायम करें। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने कहा कि नालसा योजनाओं में ग्राम पंचायत के सरपंचों को भी स्थान दिया गया है ताकि योजनाओं की जानकारी जमीनी स्तर पर जरुरतमंदों तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि ये सभी योजनाएं जनकल्याणकारी हैं। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी जाले रुपेश कुमार ने भी ग्राम कचहरियों के कार्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड अंकुर प्रिया ने आशा और डान स्कीम पैनल अधिवक्ता दिलीप कुमार मिश्र ने सितारा स्कीम और अधिवक्ता पुरुषोत्तम कुमार ने जागृति, संवाद, साथी योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर प्रधान जिला जज तिवारी ने प्राधिकार सहायक कुमार गौरव द्वारा तैयार की गई ग्राम कचहरियों के लिए मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में बेनीपुर, अलीनगर एवं तारडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सरपंच, ग्राम कचहरी सचिव और पीएलवी मौजूद थे।

## राजस्व विभाग में बिना पैसा के बिहार की जनता का एक भी काम नहीं होता है : मोहम्मद साहब मलिक

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर ।जनसुराज राज्य कौर कमिटी सदस्य सह बेगुसराय प्रभारी मोहमद साहब मालिक ने अपने बयान में कहा है कि सोमवार को मुंगेर पहुंचे राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने जनसुराज पार्टी के सूत्र धार प्रशांत किशोर को पैसा किशोर कह कर शायद बिहार के उन करोड़ों जनता का अपमान किया है शायद बयान देने के पहले इस बात को वे भूल गए कि उनके विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है बयान देने के पहले मंत्री को भी ये बात बताना चाहिए कि राजस्व विभाग में बिना पैसा के बिहार की जनता का कोई काम होता है क्या मंत्री को ये भी शायद पता नहीं है की उनके विभाग के सीओ.के ट्रांसफर पोस्टिंग का सौदा कितने करोड़ में होता है। सहिब मलिक ने ये भी आरोप मंत्री पर लगाया हैं कि आज पूरे बिहार में जमीन सर्वे के नाम पर मंत्री जी महीने में कितना पैसा राजस्व विभाग पहुंचाती है इसका खुल्लम खुल्ला उदाहरण हमारे नेता जब मुख्यमंत्री के गांव कल्याण बीघा में जाकर जनता से रूबरू होते है तो जनता कहती है के जमीन सर्वे के नाम पर राजस्व विभाग के कोई भी कर्मचारी बगैर पैसा लिए कोई भी काम करने को तैयार नहीं है शायद मंत्री जी को ये भी पता नहीं होगा जब प्रशांत किशोर जी कल्याण बीघा की भोली भाली जनता से मिल रहे थे तो तमाम जनता यही कह रह थी राजस्व विभाग में लूट मची है ।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला उर्दू नामा मधुबनी वित्तीय वर्ष 2025- 26 के प्रकाशन हेतु इच्छुक कवि, साहित्यकार, आदि की रचना लेख किया

मधुबनी उर्दू निदेशालय मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार पटना के तत्वाधान में वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए जिला उर्दू नामा मधुबनी का प्रकाशन किया जाना है। जिसके लिए साहित्य, सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक, पर्यावरण एवं अन्य समसामयिक विषयों से संबंधित लेख कविता आदि की आवश्यकता है विदित हो जिला उर्दू नामा के प्रकाशन हेतु कोई भी लेख कविता रचना धार्मिक एवं राजनैतिक नहीं होने तथा किसी भी कवि साहित्यकार को उनकी रचना कविता एवं लेख आदि के लिए मानदेय प्रोत्साहन राशि देय नहीं है इच्छुक कवि लेखक साहित्यकार आदि से जिला उर्दू नामा मधुबनी वर्ष 2025- 26 में प्रकाशन हेतु कवि,लेख, रचना आदि आमंत्रित किये जाते हैं प्रकाशन हेतु सभी रचना कविता लेख आदि दिनांक 10.06.2025तक जिला उर्दू भाषा कोषांग समाहरणाल मधुबनी में जमा किया जा सकता है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरियारपुर मे पॉच दिवसीय हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवा प्रभावित

बरियारपुर (मुंगेर)।आशा कार्यकर्ता संघ (गोप गुट)के आहवान पर पॉच दिवसीय साकेति हड़ताल पर चले जाने से ग्रामीण क्षेत्रो पर प्रभाव देखने को मिला इस सम्बन्ध आशा कार्यकर्ता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने बताया2023के समझोते पर आशा एवम आशाफैसिलेटर से समझोते पर बढ़ी हुई राशि भुकतान करो।आशा व आशाफैसिलेटर का छःमाह लंम्बीत मानदेय अधिलंम्ब करो।2024 के सभी बकाया भुगतान कर पोर्टल ब्यबस्था मे सुधार करो।सेवा मुक्त की अबधी 65 वर्ष के साथ साथ दश लाख रुपये का पैकज के साथ साथ आजिवन पैसन दो।आशा कार्यकर्ता को बिभिन्न तरह के प्रोतसाहन मिलती है उसे पुनरिक्षण करो बिगत दश वर्षो से बृद्धी नही किया गया है।आशा व आशाफैसिलेटर को स्वास्थ्य विभाग के दर्जा दो।आशाकार्यकत्ताऔ व आशाफैसिलेटर को 21000हजार रुपये न्युनतन मासिक भुकतान की गारंटी दो।आशाकार्यकत्ता जो हैल्थबेलनेस सेन्टर से जुड़ी आशाओं का भुकतान पौटर्लर से जोडा.जाय।

# प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा को ले उप मुख्यमंत्री ने किया वीडियो कांफ्रेंसिंग

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अद्यतन क्रियान्वयन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए समीक्षाक्रम में प्रगति यात्रा के दौरान पथ निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/उद्योग विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/पर्यटन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/कृषि विभाग/गन्ना विभाग/शिक्षा विभाग/पशुपालन विभाग/वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग/कला, संस्कृति एवं युवा विभाग/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग/कृषि विभाग/पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग आदि से संबंधित योजनाओं की अद्यतन स्थिति समीक्षा क्रम में योजनाओं को प्रारंभ करते हुए यथासंभव अविलंब पूर्ण करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश सभी संबंधित विभागों/जिला को दिया गया है। इस क्रम में ज्ञातव्य हो कि सहरसा प्रगति यात्रा के दौरान तीलावे नदी की उड़ाही/सहरसा नगर निगम अंतर्गत ड्रेनेज सिस्टम का सुदृढ़ीकरण कार्य/ सहरसा जिलांतर्गत सतर कटैया प्रखंड के ओकाही ग्राम के मुरली वसंतपुर, महीङंगरा घाट, बनगामा, चैनपुर होते हुए कोपरिया तक वाटर चैनल उड़ाही/श्री उग्रतारा धाम क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव/ मंडन मिश्र धाम को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव/सहरसा शहर में बंगाली बाजार रेल ओवरब्रिज का निर्माण/हवाई अड्डा सहरसा का निर्माण/प्रमंडल स्तरीय खेल परिसर का निर्माण/प्रखंड कार्यालय बनमां ईटहरी एवं सतर कटैया का निर्माण के संबंध में घोषणा की गई थी, संबंधित विभागों द्वारा उक्त वर्णित योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। बुधवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के अवसर पर जिलाधिकारी वैभव चौधरी, उप विकास आयुक्त संजय कुमार निराला सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चैन पुलिंग कर ट्रेन रोकने पर आरपीएफ ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

### नंबर प्लेट अभियान के तहत तीन वाहन व चालक हुए गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत मानसी सहरसा रेलखंड पर 12568 राज्यरानी एक्सप्रेस ट्रेन को अकारण चेन पुलिंग करते हुए आरपीएफ ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी अनुसार चैन पुलिंग करने के बाद तीनों ट्रेन से उतरकर भागने लगे लेकिन आरपीएफ इंस्पेक्टर व एस्कॉर्ट टीम ने 500 मीटर तक खदेड़ कर तीनों को पकड़ा। तब तक राज्य रानी एक्सप्रेस वहीं खड़ी रही। आरपीएफ ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर मंगलवार को जेल भेज दिया। वहीं पटना सहरसा राज्य रानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से थोड़ा विलंब होकर जब धमारा घाट से रन थ्रू निकलकर फनगो के पास पहुंच रही थी। तभी किसी ने ट्रेन में चेन पुलिंग कर दी। राज्यरानी एक्सप्रेस में आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव सब इंस्पेक्टर सुजीत कुमार मिश्रा आरक्षी प्रेम किशोर प्रेम स्पेशल अभियान के तहत एस्कॉर्ट कर रहे थे। चेन पुलिंग होने के दौरान चलती ट्रेन में तीन लोग कुद कर पूरब दिशा में भागने लगे। इसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर और अन्य एस्कॉर्ट टीम ट्रेन से कुद कर तीनों का पीछा किया 500 मीटर तक भ'गने के बाद आरपीएफ ने तीनों को पकड़ लिया तीनों आरोपी की पहचान रवीण कुमार पप्पू कुमार दशरथ कुमार के रूप में हुई इसके बाद तीनों आरोपी को सहरसा आरपीएफ पोस्ट लाया गया तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया। साथ ही रेलवे बोर्ड के निर्देश पर सहरसा जंक्शन सहित समस्तीपुर डिवीजन के कई मुख्य स्टेशनों पर आरपीएफ का ऑपरेशन नंबर प्लेट बीते सोमवार से चालू हो गया है। इस स्पेशल अभियान के तहत रेलवे परिक्षेत्र में दो पहिया चार पहिया सहित अन्य वाहन के अनधिकृत रूप से प्रवेश पर पाबंदी लगेगी। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में ऑपरेशन नंबर प्लेट के अभियान में एक टीम गठित की गई है। इस अभियान के शुरुआत में पहले दिन हीं सहरसा रेलवे परिसर के सकुर्लेटिंग एरिया बंगाली बाजार रेलवे फाटक के पास से दो ई रिक्शा और एक टेंपो चालक को वाहन सहित गिरफ्तार किया गया। तीनों के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत अग्रतर कार्रवाई की जा रही थी। रेल सूत्रों के अनुसार ऑपरेशन नंबर प्लेट रेलवे बोर्ड के अगले आदेश तक जारी रहेगा।

# लखीसराय में विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की हुई दर्दनाक मौत

### जिले के माणिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव की है घटना





प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिले से एक दर्दनाक घटना की खबर आ रही है !एक 22 वर्षीय युवक का 11 हजार भोल्ट का विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई है !बताते चलें की जिले के माणिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर गांव निवासी राजू शर्मा का पुत्र सन्नी शर्मा छत पर लगे खराब पड़े डिश एंटीना को सही कर रहा था कि छत के बगल से क्रॉस 11 हजार भोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई ! पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर लखीसराय सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में पोस्टमार्टम कराया गया !घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया ! परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है !मृत युवक सूर्यगढा.नगर परिषद क्षेत्र वार्ड संख्या -25 के यूको बैंक के समीप का रहने वाला था !वहीं कुछ स्थानीय लोग इस घटना के लिए विद्युत विभाग की लापरवाही बता रहे हैं !साथ हीं विद्युत विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश भी दिख रहा है !

# रायभीर पंचायत भवन जाने वाली सड़क पर जलजमाव और कीचड़ रहने से राहगीर परेशान



प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) शंकरपुर प्रखंड के सुदूर गांव रायभीर पंचायत रोड नंबर एनएच 18 के बगल होकर पंचायत भवन की ओर जाने वाली ग्रामीण सड़क का निर्माण के एक साल बाद ही सड़क की हालत जर्जर हो गई थी। जिसके चलते सड़क की दुर्दशा यस की तस बनी हुई है। वहीं आए दिनों लगातार सड़क पर जमा कीचड़ और जलजमाव में आवाजाही करने वाले रहागीर सहित ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के अंदरे की बात तो दूर दिन के उजाले में भी लोगों को दुर्घघटना का आशंका बना रहता है। लोगों ने कहा कि खासकर बुजुर्ग व्यक्ति को रायभीर पंचायत भवन जाने में काफी समस्या होती है। जिसके चलते ग्रामीणों को पंचायत भवन में खुले आरटीपीस काउंटर सहित अन्य कार्यालयों का जब काम पड़ता है तो वह उस से वांछित रह जाते हैं। जिसके चलते खासकर बुजुर्ग व्यक्ति को वृद्धा पेंशन ओर बुजुर्ग महिला को विधवा पेंशन ओर वृद्धा पेंशन की पैसा निकालने के लिए नजदीकी साइबर कैफे दुकानों का चक्कर काटना पड़ता है। बुजुर्ग लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा वृद्धा पेंशन की पैसा 400 सौ निर्गत की गई जिसे निकलाने में सीएसी संचालक दस रुपया काट लेते हैं ऐसे में किया ही कुछ होगा। अगर स्थानीय प्रतिनिधि इस सड़क को देखते तो पंचायत भवन में खुले सेंटर पर जाकर पैसा की निकासी के साथ अन्य कामों का भी जानकारी प्राप्त होते रहता। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा प्रखंड अध्यक्ष प्रभाष चौपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य सड़क के बगल होते हुए पंचायत भवन तक जाने वाली ग्रामीण पक्की सड़क का निर्माण को लेकर कागजी प्रकिया पूरी कर ली गई है। जिसे बहुत जल्द ही गुणवत्ता पूर्ण निर्णम कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश यही रहती है कि ग्राम वासियों को किसी भी तरह का कोई समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराने में लगे रहते हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

बरियारपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले के हेमजापुर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक मजदूर की मौत ट्रैक्टर की चपेट में आने से हो गई। वही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल मुंगेर लाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दरअसल हेमजापुर थाना क्षेत्र के गोपाल यादव का 22 वर्षीय पुत्र वेंकटेश कुमार आरपीएम ईंट भट्टा में मजदूरी करता था । अन्य दिनों की तरह ही वह बुधवार की सुबह भट्टे के ट्रैक्टर में ईंट लोड कर हेमजापुर गया था। ईंट उतार कर वह जब वापस उसी ट्रैक्टर से हो रहा था तभी वह ट्रैक्टर से अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटना होते हीं ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

# लखीसराय में ताइक्वांडो का महासंग्राम,बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रतियोगिता में ले रहें भाग



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! 20 से 22 मई तक खेल भवन में ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के बैनर तले 5 वें राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 2025 का आगाज हो चुका है ! ताइक्वांडो खेल को बिहार में नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में 5वीं बिहार राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 22 मई तक खेल भवन, लखीसराय में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पूरे बिहार से 500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। गोपालगंज से 80 खिलाड़ी, पटना से 7, सिवान से 15, किशनगंज से 20 खिलाड़ी पहुंचे हैं। मोतिहारी और अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी आ रहे हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले टूनामेंट के लिए किया जाएगा। यह जानकारी ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इंडिया ताइक्वांडो के तत्वावधान में होती है और यह आयोजन खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है। प्रतियोगिता के आयोजन की ज़िम्मेदारी ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ लखीसराय ने संभाली है। लखीसराय जिला संघ के महासचिव बादल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता लखीसराय के लिए गौरव की बात है और जिले में खेलों के विकास में यह आयोजन मिल का पत्थर साबित होगा। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम मिथिलेश मिश्र शिरकत किये !उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ! यह तीन दिवसीय आयोजन न केवल खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि राज्य के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का माध्यम भी है। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिहार के नेतृत्व में हो रहा यह आयोजन पूरे राज्य के लिए गौरव की बात है, जो खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# बीस सूत्री उपाध्यक्ष एवं सदस्य ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) विद्यालय की विधि व्यवस्था एवं पठन-पाठन कार्य को चुस्त-दुरुस्त एवं गिरती शिक्षण व्यवस्था को पटरी पर लाने के उद्देश्य से इन दिनों प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही निरीक्षण के दौरान संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को विद्यालय के विधि व्यवस्था एवं पठन-पाठन कार्य में सुधार के बाबत आवश्यक निर्देश भी दिया जा रहा है। मालूम हो कि प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष रोशन कुशवाहा, सदस्य मनोज कुमार सिंह एवं मुन्ना कुमार पंडित के द्वारा नरदह पंचायत के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय श्रीपुर बासा का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान जहां विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित पाए गए। वहीं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति नामांकन के अनुपात में कम पाई गई। लिहाजा प्रधानाध्यापक दयानंद प्रसाद सिंह को विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने सहित गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन कार्ड संचालन के बाबत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। विद्यालय में मध्यान भोजन की गुणवत्ता सहित शैक्षणिक कार्य संतोषजनक पाया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष सहित सदस्यों द्वारा विद्यालय परिसर एवं शौचालय की साफ सफाई सहित पेयजल की व्यवस्था का भी गहनता से निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय के रंग-रोगन एवं साज-सज्जा से वे सभी काफी संतुष्ट देखे गए।

# विधानसभा क्षेत्र में नही लग सकी लघु कुटीर आधारित उद्योग, शिक्षा, रेल एवं धार्मिक स्थल नहीं हो पाया विकसित

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर विधानसभा विकास को लेकर अब भी उपेक्षित है। घोषणाएं के बाद भी क्षेत्र में औद्योगिक केंद्र स्थापित नहीं हो पाया है। वहीं वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के योजना को भी भुला कर रख दिया। जबकि उद्योग लगने से लोगों में समृद्धि आती। राजद के कार्यकाल से आज तक इस अनुमंडल के तीन विधायक उद्योग मंत्री बने किंतु आज तक यहां किसी प्रकार का कल-कारखाना नहीं लग सके। इस वजह से आज भी क्षेत्र के ग्रामीण किसान, मजदूर रोजी रोटी की तलाश में अन्य प्रदेश पलायन करने को विवश रहते हैं। जबकि यहां एनडीए-1 सरकार में यहां चीनी मील खोलने का प्रयास किया गया था। किंतु आज तक इसको सरजमीं पर उतरते लोगों को देखना एक दिवास्वप्न बना हुआ है। नहीं लग सकी चीनी मिल उदाकिशुनगंज में वर्ष 2006 में नीतीश कुमार की सरकार में चीनी मिल लगने की कवायद शुरू हुई थी। लेकिन, अब मिल का अतापता भी नहीं रह गया। जबकि चीनी मिल लगने से इलाके के लोगों को बड़े फायदे होता। बताया जाता है कि अनुमंडल क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में गन्ने की खेती होती है। जबकि चीनी मिल लगने से क्षेत्र के लोग समृद्ध होते। इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर नहीं हो सका स्थापित उदाकिशुनगंज में पूर्ववर्ती सरकार में 2004 ई. में इंडस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर की नींव रखी गई थी। लेकिन, ग्रोथ सेंटर स्थापित नहीं हो पाया। वस्तुतः लघु कुटीर आधारित उद्योग लगना था। उद्योग लगने से किसानों और व्यापारियों को फायदा होता। ज्ञात हो कि उदाकिशुनगंज अनुमंडल के इस क्षेत्र में सुगर केन (गन्ना) मक्का तथा हल्दी किसानों द्वारा हजारों मिलियन टन में उत्पादन किया जाता है। किंतु बाजार नहीं मिलने के कारण यहां के किसान व्यापारियों तथा दलालों के हाथों आर्थिक शोषण का शिकार होते आ रहे हैं। मक्का आधारित उद्योग की धरी रह गई आस अनुमंडल के चौसा प्रखंड क्षेत्र के कलासन में मक्का आधारित उद्योग नहीं लग पाया। जबकि उदाकिशुनगंज अनुमंडल में बड़े पैमाने पर मक्के की खेती होती है। जहाँ इस क्षेत्र में उद्योग लगने से लोगों को फायदा होता। वही अब भी सरकार से लोगों की उम्मीद बंधी हुई है। इतना ही नही अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक स्टेट ट्यूबेल पूर्व से लगे हैं तथा एक भी स्टेट ट्यूबेल से एक बूंद पानी नहीं निकलता है। नई योजना के तहत एक दर्जन स्टेट ट्यूबेल जो डीजल एवं बिजली से किसानों द्वारा समिति बनाकर चलाया जाना है। लेकिन कर्मचारी के पदस्थापित नहीं होने से जंग की भेंट चढ़ रहा है। अनुमंडल मुख्यालय में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं अनुमंडल मुख्यालय में उच्च शिक्षा के नाम पर हरिहर साहा महाविद्यालय एक मात्र सरकारी शिक्षण संस्थान है। लेकिन कॉलेज में महज कला संकाय के कुछ विषयों के पढ़ाई की सुविधा है। कॉलेज में भवन का अभाव है। इस कारण आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जा रहे है। यह बात दीगर है कि कुछ परिष्कृत महाविद्यालय चल रहे हैं। जिससे यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के नाम पर प्रमाणपत्र अवश्य ही मिल जाता है। यातायात सुविधा का अभाव उदाकिशुनगंज अनुमंडल कई जिले की सीमाओं से घिरा है कोसी कक्षार पर बसा उदाकिशुनगंज अनुमंडल यातायात के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है। क्षेत्र में रेल यातायात की सुविधा नहीं है। सड़क यातायात पूर्ण रूप से विकसित नहीं है। कई साल बाद भी एनएच 106 नहीं बन पाया। सफर के लिए सरकारी बस की सुविधा नहीं।यातायात के अभाव में किसान व्यापारियों का विकास रूका हुआ है। वही रेल के इंजन का धुंआ देखना इस अनुमंडलवासी के लोगों को नसीब में नहीं है जबकि आजादी से आज तक बिहार से सात रेल मंत्री बने हैं। लेकिन किसी ने इस अनुमंडल की ओर ध्यान नहीं दिया। उपेक्षित है धार्मिक स्थल धार्मिक रूप से क्षेत्र प्रचलित रहा है। उदाकिशुनगंज के नयानगर का आपरूप भगवती मंदिर, आलमनगर का मां डाकनी स्थान, चौसा के बाबा विशुराउत मंदिर, चंदा स्थित बाबा अलीजान साह मजार, ग्वालपाड़ा के मझुआ गांव के बीसवीं सदी के महान संत परमहंस महर्षि मेंही दास महाराज की जन्म स्थली सदियों से उपेक्षित है। इन स्थलों पर हर रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। आस्था वस दूर दूर से लोग पहुंचते है। इन स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की जरूरत है।

# सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के साथ हीं महिला अधिकारों की रक्षा और समाज के विकास की परिकल्पना के लिए महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के साथ ही महिला अधिकारों की रक्षा का संकल्प और गाँव झ समाज के विकास की परिकल्पना लिए महिला संवाद कार्यक्रम जारी है । घर की जिम्मेवारी अहले सुबह पूरा करने के बाद महिलाएं निकल पड़ती हैं गाँव की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए महिला संवाद कार्यक्रम में । महिला संवाद कार्यक्रम उनके ही गाँव में किसी चौपाल या विशालकाय पेड़ के नीचे शामियाने तले आयोजित है। जहाँ महिला संवाद रथ के माध्यम से महिलाओं को महिला स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की सफलता की गाथा दिखाई जा रही है। फिल्म दिखने के बाद राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विवरणी लीफलेट में रचित है जिसे सुनाई जा रही है और फिर माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश भी महिलाओं के बीच वितरित किया जा रहा है ।राज्य की विकासात्मक योजनाओं से रूबरू होने के बाद महिलाएं अब गाँव के लिए अछूते रह गये योजनाओं पर चर्चा करती हैं और फिर अपना सन्देश साझा करते हुए अपनी इच्छाओं एवं आकांक्षाओं को सुचिवद्ध करा रही है। ग्रामीण महिलाओं की मांग एवं उनकी इच्छाओं तथा आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारी कार्य योजना के तहत कार्य करना भी प्रारंभ कर दिए हैं। बुधवार को लखीसराय सदर में सती ग्राम संगठन द्वारा अमहरा गाँव में एवं उपकार ग्राम संगठन द्वारा मोरमा गाँव में , बड़हिया में गणपति ग्राम संगठन दवारा खुटहा ईस्ट गाँव में एवं प्रकाशमय ग्राम संगठन दवारा खुटहा वेस्ट गाँव में , सूर्यगढ़ा माँ शक्ति ग्राम संगठन द्वारा कावा राजपुर गाँव में एवं नव जाग्रति ग्राम संगठन द्वारा बंशीपुर गाँव में , हलसी में प्रकाश ग्राम संगठन द्वारा साड़माफ गाँव में एवं हिमालय ग्राम संगठन द्वारा गेरुआ परसंदा गाँव में तथा चानन में आस्था ग्राम संगठन द्वारा कुंदर एवं कमल ग्राम संगठन द्वारा भलुई गाँव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## महिलाओं की आवाज, पशु चिकित्सालय के लिए पशु अस्पताल की मांग



मुंगेर। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में जिले में पिछले 34 दिनों से चल रहे महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं और ग्रामीण क्षेत्र में विकास को लेकर नई तस्वीर खींच रहीं हैं। संग्रामपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में चेतना जीविका महिला ग्राम संगठन राणाडीह क्षेत्र में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 225 दीदियों ने भाग लिया। संचालन क्षेत्रीय समन्वयक राहुल कुमार और विभूति कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित कुछ दीदियों ने अपना अनुभव साझा किया और बिहार सरकार की इन सब योजना के लिए आभार व्यक्त किया। आकांक्षा एवं मुद्दा के सत्र में कुछ दीदियों द्वारा अपनी आकांक्षाएं व्यक्त की गयी, जिसमें रूपम दीदी चेतना जीविका ग्राम संगठन अध्यक्ष द्वारा ग्राम संगठन भवन की मांग की गयी। सुनैना देवी द्वारा पंचायत में प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक की कमी दूर करने की मांग की गयी। मुंगेर सदर प्रखंड के टीकारामपुर पंचायत के भवानी जीविका महिला संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों दीदियों ने भाग लिया। इस संवाद कार्यक्रम का संचालन प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रेया कर रहीं थीं। इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा क्षेत्र की समस्या को रखा जिसमें सर्वप्रथम यहां रिंग बांध की मांग की गयी। ममता देवी के द्वारा मुख्यालय से सड़क सम्पर्क जोड़ने की मांग की गयी। ये इलाका सदर प्रखंड होते हुए भी दियारा क्षेत्र है जहां संसाधन की कमी है और यहां के सभी लोग पशुपालक है इसलिए यह एक पशु चिकित्सा के लिए मवेशी अस्पताल की मांग की गयी।

## सरकार की डपोरशंखी घोषणाओं से आमजन परेशान : मिथिलेश चौधरी

बेनीपुर(दरभंगा)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड कार्यालय बेनीपुर में बुधवार को महागठबंधन की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष नीलांबर यादव को सर्वसम्मति से महागठबंधन समन्वय समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठनात्मक रूप से पार्टी को मजबूत करने पर अनेकों निर्णय लिए गए। साथी प्रत्येक घटक दल के सदस्यों को मिलाकर एक कमेटी गठित की गई है जो पंचायत एवं बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करेगी। आगामी 25 मई को पुणः बैठक आहुत करने का निर्णय लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए बेनीपुर महा गठबंधन के पूर्व प्रत्याशी मिथिलेश चौधरी ने घटक दलों के सभी पदाधिकारी से आग्रह किया कि आगामी चुनाव में महागठबंधन के विजय हेतु एकजुट होकर पंचायत में कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने वर्तमान सरकार व स्थानीय विधायक के विफलताओं को उजागर करते हुए कहा की सरकार हर मोर्चे पर विफल है। इनकी घोषणाएं डपोरशंखी साबित हुई जो धरातल पर नहीं आई, जिससे आमजन परेशान है। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष नी सहित पदाधिकारी तथा साईं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## ट्रेन के आगे कूदकर महिला ने दी अपनी जान,महिला की पहचान में जुटी रेल पुलिस

लखीसराय !ट्रेन संख्या -63210 डाउन के प्लेटफार्म संख्या-06 समय 14:55 बजे आई और समय 15:00 बजे खुलने पर प्लेटफार्म के अपोजिट साइड से एक अज्ञात महिला, जिसकी आयु लगभग 20 से 25 वर्षप्रतीत होती है, ने आत्महत्या कर ली !घटना की सूचना प्राप्त होते ही किउल आरपीएफ एवं जीआरपी के अधिकारीगण एवं बल मौके पर पहुंच गए तथा आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कानूनी कार्रवाई हेतु जीआरपी थाना किउल शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के पास से कोई भी यात्रा टिकट या पहचान पत्र नहीं मिला, मृतक की पहचान अज्ञात के रूप में किया गया। घटना के कारण प्लेटफार्म संख्या 06 पर समय 15:00 बजे से 16:15 तक आवागमन बाधित हुआ उसके बाद परिचालन शुरू हो गया,उक्त घटना के संबंध में स्टेशन मास्टर किऊल द्वारा एक मेमो जारी कर आरपीएफ एवं जीआरपी किउल को सूचित किया गया।

# जीवन में आईएसएल फैक्ट्री स्थापित करोगे तो बन जाओगे मालामाल : विशल्य सागर

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/ नवादा। प्रख्यात दिगम्बर जैन संत श्रमण मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज ने कहा है कि तन के उजले एवं मन के काले लोग बेहद खतरनाक होते हैं। ऐसे लोग से सावधान रहने की जरूरत है। मुनिश्री जैन धमार्लंबियों द्वारा आयोजित श्री 1008 महासिद्धिकारक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अंतिम अंतिम दिवस पर बीते देर शाम श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुनिश्री ने कहा कि लोग दिखते कुछ और हैं और होते कुछ और हैं। ऐसे लोग घर, परिवार, समाज और ।देश के लिए खतरा होते हैं। उन्होंने कहा कि तन का काला चलेगा, लेकिन मन के काले को कभी भी अहमियत नहीं दी जानी चाहिए। ऐसे लोग कभी भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहें। मुनिश्री ने कहा कि मानव के मष्तिष्क में चलने वाले नकारात्मक विचार, मुंह से निकलने वाले निरर्थक कड़वे बोल एवं हृदय में दबी कलुषताओं से किसी का भला नहीं होने वाला। ये कालांतर में सर्वनाश का ही कारण बनते हैं। उन्होंने मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए अपनी काया में तीन फैक्ट्री लगाने का सुझाव देते हुए कहा कि सबसे पहले अपने मस्तिष्क में आइस फैक्ट्री लगाओ, ताकि आपका दिमाग कूल रहे एवं आप टेंशन से मुक्त रह सकें। दूसरी फैक्ट्री की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि अपने मुंह में शुगर फैक्ट्री लगाओ, ताकि आपकी वाणी वाण नहीं, बल्कि वीणा बन सके अर्थात आपकी जीभा आग नहीं, बल्कि बाग लगाने के मार्ग प्रशस्त कर सके। तीसरी फैक्ट्री का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मानव को अपने हृदय में लव फैक्ट्री लगाने की जरूरत है।

# अखंड सौभाग्य के लिए किया जाता है, वट सावित्री व्रत

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारतवर्ष की सांस्कृतिक परंपराएं सनातन धर्म की गहराईयों से जुड़ी हुई हैं। वट सावित्री व्रत ऐसा ही एक विशेष व्रत है, जिसे विशेष रूप से सुहागिन स्त्रियों द्वारा अपने पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य और सुखमय जीवन के लिए किया जाता है। इस व्रत की कथा और परंपरा महाभारतकालीन स्त्री सावित्री से जुड़ी है, जिसने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाकर पतिव्रता धर्म की अमर गाथा लिखी थी। इस वर्ष, 26 मई 2025 (सोमवार) को यह व्रत विशेष योग और संयोगों के साथ मनाया जाएगा। ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या तिथि को शोभन योग, भरणी, कृत्तिका नक्षत्रों का संयोग और सोमवती अमावस्या है। इस वर्ष वट सावित्री व्रत विशेष ज्योतिषीय संयोगों से युक्त है। 26 मई 2025 (सोमवार) को सुबह 11:02 बजे से शोभन योग, भरणी- कृत्तिका नक्षत्र में अमावस्या आरंभ होगा। अभिजीत मुहूर्त का समय सुबह 11:20 बजे से दोपहर 12:14 बजे तक, गुलिक काल दोपहर 1:28 बजे से 3:10 बजे तक और चर, लाभ, अमृत मुहूर्त दोपहर 1:28 बजे से संध्या 6:32 बजे तक है। वट सावित्री व्रत इस वर्ष सोमवार को होगा। सोमवार दिन होने के कारण इसका महत्त्व बढ़ जाता है क्योंकि सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं, जो अत्यंत फलदायी और दुर्लभ होती है। वट सावित्री व्रत की पूजा के साथ सावित्री-सत्यवान की कथा सुनना आवश्यक होता है। कथा के संबंध में कहा जाता है कि राजा अश्वपत की पुत्री सावित्री ने वनवासी युवक सत्यवान को अपना पति चुना, जो अपने पिता के साथ वन में रहकर तपस्वी जीवन जी रहा था। ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की थी कि सत्यवान एक वर्ष में मृत्यु को प्राप्त होगा। फिर भी सावित्री ने अपने पतिव्रता धर्म पर अडिग रहते हुए उससे विवाह किया। एक वर्ष पश्चात जब यमराज सत्यवान के प्राण हरने आए, तो सावित्री उनका पीछा करती गई और अपने तर्क, प्रेम और निष्ठा से यमराज को वशीभूत कर लिया। यमराज ने प्रसन्न होकर सत्यवान को जीवनदान दिया। तभी से सावित्री प्रतीक बन गईं एक आदर्श पत्नी की, और इस दिन को व्रत के रूप में मनाया जाने लगा। वट सावित्री व्रत करने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करने के बाद व्रत का संकल्प लेना चाहिए किझ मैं अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री व्रत कर रही हूं। उसके बाद पूजा करने के लिए लाल वस्त्र, कुमकुम, अक्षत, रोली, सूत, फल, फूल, दीपक, धूप, नई चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, मिठाई, पंचमेवा आदि लेकर, वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करना चाहिए। पूजा के क्रम में वृक्ष के चारों ओर कच्चा सूत (धागा) 7, 11 या 21 बार लपेटना चाहिए। वट वृक्ष को जल अर्पित करना चाहिए और रोली, अक्षत, फूल आदि चढ़ाना चाहिए। वट वृक्ष के नीचे सावित्री-सत्यवान और यमराज की प्रतिमा स्थापित (रख कर) पूजा करना चाहिए। वट वृक्ष के नीचे व्रती महिला को वट सावित्री व्रत की कथा सुनना या पढ़ना चाहिए और सहस्त्रनाम और मंत्र जाप नमः भगवत्यै सावित्र्यै स्वाहा का जाप करना चाहिए। शोभन योग को शुभ कार्यों के लिए अत्यंत उत्तम माना जाता है। शोभन योग में किया गया व्रत और दान सौ गुना फल प्रदान करता है। यह योग जीवन में समृद्धि और कल्याण लाता है। वहीं, जब अमावस्या सोमवार को पड़े, तो वह विशेष रूप से तीर्थ स्नान, पितृ तर्पण, और व्रत के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन किया गया व्रत जीवन में सुख-शांति और रोगमुक्ति प्रदान करता है। वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं है, बल्कि एक सामाजिक संदेश भी है कि पति-पत्नी के बीच समर्पण, विश्वास और प्रेम रहना चाहिए। ग्रामीण भारत विशेषकर मिथिलांचल, बुंदेलखंड और अवध क्षेत्र में यह व्रत नवविवाहिताओं के लिए विशेष महत्व रखता है।

# आतंक को हर हाल में करना होगा परास्त

जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के खौफनाक साये में जी रहा है। बीते कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार में तो कभी किसी बस या ट्रेन में आतंकियों ने निदोर्षों के लहू से होली खेली है। यह एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसने न केवल हजारों लोगों की जान ली है बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छीन गया। आतंकवादी ऐसे नृशंस कृत्यों के जरिए लोगों के मन में भय भरते हैं, उनका उद्देश्य हिंसा, अस्थिरता और अव्यवस्था फैलाकर समाज को तोड़ना होता है। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया है, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को ह्यराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवसह्न मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह दिन इसलिए भी स्मरणीय है क्योंकि 21 मई 1991 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह हमला लिट्टे जैसे आतंकी संगठन की सोची-समझी साजिश का परिणाम था, जिसने केवल एक नेता की जान ही नहीं ली बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरूआत हुई ताकि देशवासियों को यह अहसास कराया जा सके कि आतंकवाद किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय का दुश्मन नहीं बल्कि समूची मानवता का शत्रु है। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। धारा 370 हटाए जाने के बाद घाटी में हालात में धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिशें विफल की हैं। हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस कृत्य के बाद भारत सरकार ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नामक सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। रिपोर्टों के अनुसार, इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब भारत केवल रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाएगा बल्कि आतंक के स्रोत पर आक्रमण करेगा। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाना शुरू किया और साथ ही सिंधु जल संधि को रद्द करने का भी बेहद निर्णायक फैसला लिया गया। यह समझौता 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ था, जिसके अंतर्गत भारत ने पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चेनाब नदियों का जल उपयोग करने का अधिकार दिया था। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है, जहां एक ओर वह शांति की बातें करता है, वहीं दूसरी ओर अपनी धरती पर आतंकियों को संरक्षण देता है।

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद

**इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। । भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं।**





ललित गर्ग


(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। । भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए।

शशि थरुर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है। एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है,

# इन्फ्लुएंसर, जागो जिम्मेदारी भी वायरल हो

**ऐसे में लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इन पर भी निगरानी और जवाबदेही तय हो। चुनाव आयोग और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है...आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि जनमत निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राजनैतिक विमर्श का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे सामाजिक और राजनैतिक मामलों पर भी जनता की सोच को दिशा देने लगे हैं।**





डॉ सत्यवान सौरभ

लेखक,

आज सोशल मीडिया पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव समाज और राजनीति पर तेजी से बढ़ रहा है। वे बिना किसी जवाबदेही के जनमत को प्रभावित करते हैं, विशेष रूप से चुनावों में। पारंपरिक मीडिया के विपरीत, इनके लिए कोई स्पष्ट आचार संहिता नहीं है। ऐसे में लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इन पर भी निगरानी और जवाबदेही तय हो। चुनाव आयोग और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। सोशल मीडिया की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही जरूरी है... आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह न केवल संचार का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि जनमत निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राजनैतिक विमर्श का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद इन्फ्लुएंसर्स का प्रभाव अब केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे सामाजिक और राजनैतिक मामलों पर भी जनता की सोच को दिशा देने लगे हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या इन इन्फ्लुएंसर्स की कोई नैतिक या कानूनी जवाबदेही होनी चाहिए? क्या उन्हें भी निष्पक्षता का पालन करना चाहिए जैसे पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है? सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स वे लोग हैं जिनके पास हजारों या लाखों की संख्या में फोल्लोवेर्स होते हैं। उनके विचार, प्रतिक्रियाएं, समीक्षाएं और टिप्पणियां लोगों को प्रभावित करती हैं। कई ब्रांड्स और कंपनियां इन्हीं इन्फ्लुएंसर्स की सहायता से अपने उत्पादों का प्रचार करती हैं। अब यह प्रभाव केवल आर्थिक नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में भी गहराई से प्रवेश कर चुका है। 2024 के लोकसभा चुनावों और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में यह स्पष्ट देखने को मिला कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स किस प्रकार राजनैतिक दलों के लिए प्रचारक की भूमिका निभा रहे हैं। वे सीधे तौर पर किसी पार्टी विशेष के समर्थन या विरोध में पोस्ट साझा करते हैं, वीडियो बनाते हैं या लाइव डिबेट करते हैं। इनमें से अधिकतर पोस्ट्स में प्रचार सामग्री होती है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं होता कि वह ह्यपेडह्न है या नहीं। पारंपरिक मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी के लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन है, लेकिन सोशल मीडिया की इस नई दुनिया पर यह नियंत्रण नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट्स ने भी समय-समय पर सोशल मीडिया पर गलत सूचना, नफरत फैलाने वाले भाषण और चुनावी प्रचार की निगरानी को लेकर चिंता व्यक्त की है। तकनीक ने भले ही लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी हो, लेकिन जब यह स्वतंत्रता बिना किसी जिम्मेदारी के प्रयोग की जाती है, तो वह लोकतंत्र को कमजोर करने लगती है। आज हर कोई पत्रकार बन सकता है झ एक स्मार्टफोन और इंटरनेट कनेक्शन के जरिए। ऐसे में पत्रकारिता और इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका में एक महीन सी रेखा रह गई है, जिसे स्पष्ट रूप से चिन्हित करना आवश्यक है। पत्रकारों के लिए आचार संहिता है, प्रेस काउंसिल है, समाचार संगठनों की जवाबदेही है। लेकिन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के लिए ऐसा कोई तंत्र मौजूद नहीं है। यहां पर दो बातें अहम हैं झ एक, इन्फ्लुएंसर्स की स्वतंत्रता और दूसरा, उनकी जिम्मेदारी। स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि वे किसी भी तरह की जानकारी या विचार को बिना तथ्यों की जांच के फैलाएं। यदि वे किसी राजनैतिक विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं या किसी विशेष पार्टी के पक्ष में जनमत को प्रभावित कर रहे हैं, तो यह जरूरी है कि वे इसे पारदर्शी ढंग से करें और यह स्पष्ट हो कि वे किसी एजेंडे के तहत कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इन्फ्लुएंसर्स की पोस्ट या वीडियो को पेड प्रमोशन मानते हुए चुनाव आयोग को भी इसके लिए स्पष्ट नियम बनाने चाहिए। जिस तरह टीवी और अखबार में विज्ञापन के लिए शुल्क का निर्धारण होता है और उसकी घोषणा अनिवार्य होती है, उसी प्रकार सोशल मीडिया पर भी प्रचार पोस्ट्स की निगरानी होनी चाहिए। आखिरकार, लोकतंत्र की ताकत उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता में निहित होती है। अगर कोई भी माध्यम झ चाहे वह पारंपरिक मीडिया हो या सोशल मीडिया झ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करता है, तो इससे जनमत प्रभावित होता है और लोकतंत्र की जड़ें कमजोर होती हैं। दूसरी ओर, बहुत से इन्फ्लुएंसर्स यह तर्क दे सकते हैं कि वे स्वतंत्र नागरिक हैं और उन्हें किसी भी विचार को समर्थन देने का अधिकार है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है, लेकिन जब कोई व्यक्ति या समूह अपने विचारों के जरिए लाखों लोगों की राय को प्रभावित कर रहा हो, तब उसकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। इन्फ्लुएंसर्स को यह समझना चाहिए कि उनकी बातों का असर केवल मनोरंजन या सौंदर्य उत्पादों के प्रचार तक नहीं है, बल्कि वे सामाजिक सरोकारों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। इस प्रभाव के साथ उन्हें जवाबदेही भी स्वीकार करनी चाहिए। यह समय है जब सरकार, चुनाव आयोग, और समाज इस दिशा में ठोस कदम उठाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी अपने यूजर्स की गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए और पेड प्रचार को चिन्हित करने के लिए तकनीकी व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही, एक ऐसी रूपरेखा बनाई जाए जो इन्फ्लुएंसर्स को आचार संहिता के दायरे में लाए और उन्हें भी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता के लिए बाध्य करे। समय की मांग है कि हम केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात न करें, बल्कि उसकी जिम्मेदारी और जवाबदेही को भी उतना ही महत्व दें। लोकतंत्र की सफलता के लिए यह अनिवार्य है कि हर मंच, हर माध्यम और हर आवाज निष्पक्ष, जिम्मेदार और सत्यनिष्ठ हो झ फिर चाहे वह अखबार का संपादकीय हो, टीवी का डिबेट हो या इंस्टाग्राम की कोई पोस्ट।

# सुरक्षा में सेंध: खुफिया एजेंसियों की नाकामी

हरियाणा के कई जिलों में संदिग्ध व्यक्तियों ने पाकिस्तान जाकर महीनों बिताए, सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं, फिर भी भारतीय खुफिया एजेंसियों को भनक तक नहीं लगी। ज्योति और तारिफ जैसे लोग फर्जी पहचान से पासपोर्ट बनवाकर सीमा पार पहुंचे, पाकिस्तानी अधिकारियों से मिले, और बेधड़क लौट आए। यह मामला न सिर्फ इंटेलिजेंस विफलता को उजागर करता है, बल्कि हमारे साइबर निगरानी तंत्र और पासपोर्ट वेरिफिकेशन की कमजोरी को भी सामने लाता है। जब सोशल मीडिया पर जासूसी खुलेआम हो रही हो, तब खामोश एजेंसियाँ देश की सुरक्षा को संकट में डाल रही हैं...आज जब भारत चंद्रयान-3 की सफलताओं, डिजिटल इंडिया की उड़ानों और वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है, तब एक छोटी सी खबर राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव हिला देने वाली बन जाती है। अमर उजाला की रिपोर्ट के अनुसार, हरियाणा के अलग-अलग जिलों में संदिग्ध जासूसी गतिविधियाँ होती रहीं, संदिग्ध व्यक्ति पाकिस्तान भी गए, महीनों तक वहां रहे, सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं–पर खुफिया एजेंसियों को भनक तक नहीं लगी। अगर यह खतरनाक लापरवाही नहीं तो और क्या है? जासूसी की कहानी या एजेंसियों की नींद? चंडीगढ़, अंबाला, हिसार, यमुनानगर और पंचकूला जैसे संवेदनशील जिलों में संदिग्ध लोगों की गतिविधियाँ चलती रहीं। ज्योति और तारिफ जैसे व्यक्तियों के पास तीन-तीन नाम थे, वे पाकिस्तान गए, सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालते रहे, वहां के अधिकारियों से मिले, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की नींद नहीं टूटी। यह सिर्फ एक केस नहीं, यह उस सिस्टम पर सवाल है जो कागजों में तो मजबूत दिखता है लेकिन जमीनी हकीकत में खामोश रहता है। क्या यह माना जाए कि आज सोशल मीडिया के दौर में भी हमारी एजेंसियाँ उन गतिविधियों को पकड़ नहीं पातीं जो खुल्लमखुल्ला हो रही हैं? क्या सिर्फ पासपोर्ट वीजा की जांच पर्याप्त है? और अगर ये लोग सीमा पार गए, पाकिस्तान में पार्टी की, अधिकारियों से मिले और फिर बेधड़क लौट आए, तो यह घटना इंटेलिजेंस की असफलता नहीं तो क्या है? सोशल मीडिया बनाम सुरक्षाआज ज्योति जैसी महिला पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से लेकर मुर्री हिल स्टेशन तक की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रही। उसके पोस्ट पर पाकिस्तानी हैंडल से तारीफें आती रहीं। क्या किसी खुफिया एजेंसी ने एक बार भी उसका साइबर प्रोफाइल देखा? क्या अब सोशल मीडिया खुफिया जानकारी का स्रोत नहीं रहा? जिस युग में हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा औरड्ढ' श्रीूड्ढ्रल्लश्च३ड्ढल्लल की बात करते हैं, उसी युग में एक संदिग्ध महीनों तक पाकिस्तान में रहकर तस्वीरें डालती है और एजेंसियों को पता नहीं चलता, तो यह उस ह्लसाइबर सुरक्षाह्व के दावों की पोल खोल देता है। जासूसी की परंपरा और वर्तमान खतरे जासूसी कोई नई चीज नहीं है। यह तो हमेशा से राष्ट्रों के बीच ह्यछाया युद्धह्न का हिस्सा रही है। लेकिन आज जब टेक्नोलॉजी इतनी उन्नत हो चुकी है कि एक मोबाइल लोकेशन से भी सारा इतिहास खोजा जा सकता है, तब किसी संदिग्ध का पाकिस्तान जाना, वहां रुकना, अधिकारियों से मिलना और फिर भारत लौट आना– यह दशार्ता है कि हमारी आंतरिक निगरानी प्रणाली में गंभीर खामियाँ हैं। पाकिस्तान जैसे देश के संदर्भ में, जहाँ से आतंकवाद और खुफिया नेटवर्क चलाए जाते हैं, वहाँ किसी भी भारतीय नागरिक की उपस्थिति तत्काल संदेह का विषय होनी चाहिए। यदि ज्योति, तारिफ और उनके जैसे लोग बिना निगरानी के वहां रहे और लौटे, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे की घंटी है। एजेंसियों का भरोसा या बहाना? रिपोर्ट कहती है कि ह्लइंटेलिजेंस फेल्योर नहीं, सबका आने-जाने की आजादी है।ह्ल लेकिन यह तर्क उस समय खोखला लगता है जब वही आजादी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन जाए। हां, भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां नागरिकों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता है, लेकिन जब यह स्वतंत्रता देशद्रोही ताकतों के हाथों में हथियार बन जाए, तब सिस्टम को आंखें मूंदकर सोना नहीं चाहिए। ये वही सिस्टम है जो आम नागरिक को छोटी सी गलती पर देशद्रोह के तहत जेल में डाल देता है, लेकिन वहीं कोई महीनों तक पाकिस्तान जाकर लौट आए तो ह्लउसे पकड़ना मुश्किल हैह्व जैसे बयान दिए जाते हैं। क्या यह दोहरा मापदंड नहीं?स्थानीय एजेंसियों की भूमिका हरियाणा जैसे राज्य में, जहां सेना में भर्ती के लिए लाखों युवा लाइन में खड़े रहते हैं, वहीं अगर वहीं की जमीन पर जासूसी के लिए संदिग्ध घूमते रहें, तो स्थानीय पुलिस और खुफिया तंत्र की क्या भूमिका रही? क्या थानों को सूचनाएं नहीं मिलीं? क्या पासपोर्ट की वेरिफिकेशन प्रक्रिया में कोई लापरवाही नहीं हुई? गौरतलब है कि ये संदिग्ध दिल्ली, काशी, असम और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में ठहरे। रिपोर्ट में उल्लेख है कि ज्योति ने वाराणसी में 12 काशी बनाए थे यानी फर्जी पहचान पत्रों और दस्तावेजों की पूरी श्रृंखला। यह दिखाता है कि ये कोई सामान्य पर्यटक नहीं, बल्कि एक संगठित नेटवर्क के हिस्से थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 22 मई 2025



# सारण के 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सुमन कार्यक्रम के तहत मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवा होगी उपलब्धः सिविल सर्जन

## उपलब्ध सेवाओं को संस्थान के प्रांगण में साइनेज पर किया जाएगा डिसप्ले

- प्रसव के 6 महीने बाद तक माता और सभी बीमार नवजात शिशु को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ

प्रातः किरण, संवाददाता



छपरा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का चयन किया गया है। यहां मातृ व शिशु स्वास्थ्य संबंधित सेवा उपलब्ध होगी। उक्त स्वास्थ्य संस्थान पर सुमन चार्ट के अनुरूप उपलब्ध सेवाओं का साइनेज प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत ने आवश्यक निर्देश दिया है।

जिले के 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आम) हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम (सुमन) के तहत चयनित किए गए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र मासूमगंज यूपीएचसी, बड़ा तेलपा यूपीएचसी समेत अलग-अलग प्रखंडों के कुल 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को शामिल किया गया है।

### सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना सुमन का उद्देश्य

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताय कि सुमन (सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यक्रम) को केंद्र सरकार द्वारा 10 अक्टूबर 2019 को आरंभ किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिला तथा गर्भस्थ शिशु को विभिन्न प्रकार की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। जिससे मातृ-शिशु मृत्यु दर में गिरावट लायी जा सके। योजना के तहत, प्रसव के 6 महीने बाद तक माता और सभी बीमार नवजात शिशु को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है। सुमन योजना का उद्देश्य हर महिला और नवजात शिशु को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा पर जाने के लिए किसी भी कीमत पर सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करना है।

### उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करनाः

सिविल सर्जन ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इसके साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

इसमें उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जाँच, मधुमेह, एचआईवी एवं यूरिन के साथ जटिलता के आधार पर अन्य जाँच की जाती है। उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं को भी चिह्नित किया जाता है एवं बेहतर प्रबंधन के लिए दवा के साथ जरूरी परामर्श दिया जाता है।

### सुमन चार्ट के रूप में उपलब्ध सेवाओं को संस्थान के प्रांगण में किया जाएगा डिसप्ले

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि सुमन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं का संस्थान के प्रांगण में डिसप्ले किया जाएगा जिसमें कम से कम से कम प्रसव पूर्व जांच एवं 6 गृह आधारित नवजात देखभाल का प्रावधान, एमटीपी एक्ट के अनुरूप व्यापक गर्भपात देखभाल सेवाओं का प्रावधान, प्रशिक्षित कर्मचारी (एसबीए) द्वारा प्रसव, मैटरनल कॉम्प्लिकेशन की पहचान करना और प्रबंधन के लिए निशुल्क सेवा प्रदान करना, शीघ्र स्तनपान की शुरूआत एवं सहयोग, जन्म के समय दिए जाने वाले टीकाकरण, निशुल्क एंबुलेंस सेवा, रेफरल सेवा, प्रसव के उपरांत 48 घंटे बाद स्वास्थ्य केंद्र से घर तक छोड़ने की व्यवस्था, बीमार नवजात और शिशुओं का प्रबंधन, कॉल सेंटर, जन्म प्रमाण पत्र, परिवार नियोजन परामर्श, सुरक्षित मातृत्व के लिए परामर्श सहित अन्य कार्यक्रम को शामिल किया गया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाया



प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी सारण द्वारा कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि सामारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के तैल-चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राज्य कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि डॉ. शंकर चौधरी ने किया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए डॉ. शंकर चौधरी ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी के नक्शे कदम पर चल कर भारत आज तेजी से सूचना-प्रसार शिक्षा एवं सामाजिक बदलाव की दिशा में वैश्विक स्तर पर अपना पताखा लहरा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश से आए हुए राजकुमार विद्यार्थी ने कहा कि सूचना क्रांति के नायक स्वर्गीय राजीव गांधी के सपनों का भारत बनाने के लिए राहुल गांधी लगातार सभी वर्गों को साथ लेकर नए भारत की निर्माण में तेज गति से काम कर रहे है। भारत रत्न राजीव गांधी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने लोकतंत्रिक महापर्व में युवाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए मतदान की आयु सीमा को 21 वर्ष घटकर 18 वर्ष किया, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र के महत्व में सुनिश्चित हो सके, उनके देश हित में किए गए कार्यों, बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता.श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मलिक प्रसाद यादव, डॉ. आजाद, अब्दुल कादिर खान, युवा नेता राहुल यादव, फिरोज इकबाल, तम्मना खान, मैकेनिक प्रसाद, गणेश चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी अमित नयन, सदाब अहमद मजहरी, सुमित सिंह, विकास उपाध्याय सहित, दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभीनिर ने सारण जिले का नाम किया रौशन

छपरा कार्यालय ।सारण जिला के नगर थाना के मोहन नगर निवासी अधिवक्ता मीना सिंह एवं राघवेंद्र कुमार सिंह के पौत्र अभिनीर ने उतर प्रदेश के मेरठ जिला के मोदीपुरम में टाइगर स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित ओपेन ताईक्वांडो वर्ल्ड ऑफ स्पोर्टस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन टाइगर स्पोर्टस एकेडमी मोदीपुरम मेरठ में किया गया। जिसमे सारण जिला अभिनिर सिंह ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। अभिनिर वर्ग आठ का विद्यार्थी है। उसके पिता अभिषेक सिंह माता श्रीमति अर्चना सिंह मेरठ में ही रहते है । अभिनीर को गोल्ड मेडल प्राप्त करने से पूरे मुहल्ले मे खुशी का माहौल है। उसके दादर और दादी ने मिठाई खिलाकर बधाई दी ।

### आवास सहायक पिंटू कुमार की हार्ट अटैक से हुई मौत

छपरा। जिले के विभिन्न प्रखंडों में पदस्थापित ग्रामीण आवास सहायक के साथ भेद-भाव कर लगभग दर्जनों को शो कौज करने, जवाब देने के बाद भी कई ग्रामीण आवास सहायकों को हटाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसी कड़ी में सुनवाई के दौरान डाट-डपट कर हटाए जाने की धमकी से त्रस्त अमनौर प्रखंड के ग्राम पंचायतराज अमनौर कल्याण में पदस्थापित ग्रामीण आवास सहायक पिंटू कुमार का बुधवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उप विकास आयुक्त के अधीन ग्रामीण आवास सहायक कार्य करते हैं। मृतक पिंटू कुमार के मामले में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गत 8 मई को डीडीसी द्वारा सुनवाई के लिए बुलाया गया था। 8:00 बजे रात्रि तक बैठाए रखने के बाद भी सुनवाई नहीं किया गया। जिनको पुनः 17मई को सुनवाई के लिए बुलाया गया। 17 मई को सुनवाई में डांट- फटकार के बाद हटाने की धमकी दी गई थी। जिससे ग्रामीण आवास सहायक पिंटू कुमार सदमें में आ गया था, बुधवार को हार्ट अटैक से उनकी मृत्यु हो गई। हालांकि डीडीसी द्वारा इनका अभी तक लेटर नहीं निकाला गया था। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार अब तक डीडीसी द्वारा लगभग आधा दर्जन ग्रामीण आवास सहायकों को द्वारा हटा दिया गया है। सूत्रों का यह भी मानना है कि हटाए गए ग्रामीण आवास सहायकों द्वारा संतोषजनक जवाब देने के बाद भी उन्हें हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### कुरैशी हत्या कांड:सीएम से लगाई न्याय की गुहार

छपरा। न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव मो. सुल्तान हुसैन इदरीसी ने मुख्यमंत्री, डीजीपी, डीआईजी, डीएम सारण, एसपी सारण एवं मानव अधिकार बिहार आईजी बिहार समेत अन्य अधिकारियों को मेल कर के जाकिर कुरैशी मामले में मॉब लिंचिंग की धारा लगाने की मांग की है। भेजे गए ई मेल में मो.सुल्तान इदरीसी ने कहा है कि गत 11 मई को एक निहत्थे 25 वर्षीय मुस्लिम नौजवान को मॉब लिंचिंग कर के इतना बेदर्दी से मारा गया कि वो मर गया। बॉडी का कोई एक हिस्सा नहीं जहां चोट नहीं था ।साथ ही जाकिर कुरैशी का भाई नेहाल कुरैशी जब बचाने गया तो उसे भी जान से मारने की नियत से उसे भी बेरहमी से पीटा गया, जो अब भी पटना जिंदगी और मौत से लड़ रहा। एफआईआर के दौरान कई धराएं ऐसी है, जो कमजोर है और मॉब लिंचिंग को परिभाषित करने वाली धारा बीएनएस की धारा 103 (2) नहीं लगा है और ना ही 117 (4) लगा हुआ है ।इस केस में प्रशासन द्वारा जान बुझ कर तथ्यों को छुपाया जा रहा है।

## एडवा का अंचल महिला सम्मेलन संपन्न

प्रातः किरण, संवाददाता

परसा (सारण) : परसा प्रखंड के मारर पंचायत सरकार भवन के सभागार में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) का अंचल सम्मेलन जिला सचिव गायत्री देवी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साथी संजू देवी ने किया।

इस अवसर पर पार्टी के राज्य मंत्री रामपरी देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की समस्याओं को रखते हुए सभी को एक जुट होकर अपने हक अधिकार के लिए लड़ने और गोल बंद होने को कहा। वहीं कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एडवा जिला सचिव गायत्री देवी ने जिले और राज्य में महिलाओं के साथ बढ़ते हिंसा, अत्याचार और साथ ही मानव जीवन के लिए पांच अधिकार मिलना चाहिए । जिसमें सर्वप्रथम सभी को च्छा खाना, रहने के लिए मकान, शिक्षा, स्वास्थ , सुरक्षा व सम्मान मिलना चाहिए । सारण जिला एडवा एवं इसुआपुर पूर्व जिला पार्षद गीता सागर राम ने कहा कि महिला संगठन एडवा को मजबूत करने की जरूरत है जिससे महिलाओं को अपना हक अधिकार मिल सके हर दिन हो रहे जुल्म अत्याचार से आजाद हो सके।



एडवा की परसा अंचल सम्मेलन में 15 महिलाओं की कमिटी बनी । जिसमें सर्वसम्मति से अंचल अध्यक्ष के लिए माया देवी, सचिव पद के लिए जागमणि देवी, कोषाध्यक्ष संजू देवी को चुना गया। इस दौरान बिहार प्रांतीय खेत मजदूर के जिला सचिव सुभाष मांझी, दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला सचिव गौतम प्रेमी, सरोज राम, हरेंद्र मांझी, हीरा लाल राम, संजू देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी, ओहिला देवी, गीता देवी, कलावती देवी, लीलावती देवी, शिवपति देवी, बबीता देवी, सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

## बदहाल बड़ा रमना का ढाई करोड़ से होगा सुविधाजनक सौंदर्यीकरणः गरिमा

### शहर के धरोहर के रूप बड़ा रमना मैदान का होगा समग्र सौंदर्यिकण व विकास

- पूरे मैदान की सफाई और समतलीकरण के बाद खाली जगह पर लगाई जायेंगी घास
- महिला-पुरुषों के अलावा सुरक्षा गार्ड के लिए भी होगी अलग अलग प्रसाधन सुविधा
- प्रवेश द्वारों का जीर्णोद्धार के साथ रखरखाव व्यवस्था पर भी होगा ध्यान

प्रातः किरण, संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि दर्जनभर से ज्यादा प्रमुख खेल प्रेमियों के अनेकों बार के अनुरोध पर दशकों से बदहाल और उपेक्षित बड़ा रमना मैदान जैसे ऐतिहासिक धरोहर का स्वरूप बदलने वाला है। नगर विकास एवम आवास विभाग के द्वारा इसके सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं से युक्त ढांचागत विकास की करीब ढाई करोड़ लागत वाली एक उपयोगी योजना को स्वीकृति दे दी गई है। योजना पूरी होने के बाद इसकी निगहबानी तीसरी आंख अर्थात सीसीटीवी के माध्यम से करने की व्यवस्था सुनिश्चित करना निर्धारित किया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि विभागीय आदेश के आलोक में इस पूरे जिला के एक महत्वपूर्ण धरोहर के रूप इस विशाल मैदान का पार्क के तर्ज पर समग्र विकास किया जाएगा। विभाग से स्वीकृत डीपीआर के आधार पर महापौर ने बताया कि इसकी साफ सफाई और समतलीकरण के बाद चहारदीवारी के पास पेड़ और खाली जगह पर आधुनिक घास लगाई जायेंगी। इसके साथ ही पाथवे, चार गजीबो, आराम बैंचों के साथ पर्याप्त हाई मास्क लाइटों के अलावा तीन योग कुटीर, दो गार्ड रूम, महिला पुरुष और गार्ड के लिए अलग अलग शौचालय बोरवेल का निर्माण कराया जाएगा। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही प्रवेश द्वारों का जीर्णोद्धार के साथ इस ऐतिहासिक धरोहर का पांच साल के रखरखाव की व्यवस्था पर भी योजना के डीपीआर में ध्यान दिया गया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि नगर निगम बेतिया द्वारा रमना मैदान के सौन्दर्यकरण की निविदा जल्द ही जारी की जाएगी।



## प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा की पहली जनसभा, कहा- अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट दे

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय । जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 20 मई को ह्यबिहार बदलाव यात्राह्व की शुरूआत के बाद आज सारण जिले के मांझी विधानसभा में अपनी पहली जनसभा की। सुबह में उन्होंने बलिया के जयप्रकाश नगर स्थित जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान का दौरा किया।

जनसभा को संबोधित करने से पहले प्रशांत किशोर ने मांझी नगर पंचायत स्थित दुगार्पुर शिव मंदिर में दर्शन किए। जनसभा स्थल पर पहुंचने के दौरान प्रशांत किशोर का जिले के मांझी थाना बाजार, नवलपुर बंगरा के महाराणा प्रताप चौक, मदनसाथ चौक, बरेजा बाजार, दाउदपुर बाजार, जलालपुर के बसडिला मोड़, देवरिया, खेराडीह, महेंद्र मिश्र चौक, मंगोलपुरा चौक आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने जलालपुर नगर पंचायत के बाजार में भी हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों की जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। इसलिए अगली बार वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। उन्होंने मांझी की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें।

दिसंबर 2025 से 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन मिलेगी, 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को निजी स्कूलों में भी मुफ्त शिक्षा मिलेगी - प्रशांत किशोर

प्रशांत किशोर ने मांझी की जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद छपरा, सारण के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके।

उक्त मौके पर मुख्य रूप से एमएलसी अफाक अहमद, पूर्व विधायक व जन सुराज के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार मुन्ना, वाईबी गिरी, प्रो.रामबली चंद्रवंशी, राहुल सिंह, जिलाध्यक्ष बच्चा राय, बिजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, उदय शंकर सिंह, राम पुकार मेहता, प्रियरंजन सिंह युवराज, कुलदीप महासेठ, अजीत सिंह, अभय सिंह, विनोद मांझी, खुर्शीद नैयर आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नौरंगिया पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त के घर इश्तहार चस्पां किया



बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना पुलिस ने कांड संख्या 62/24 के फरार चल रहे अभियुक्त के घर इश्तहार चस्पां किया है ।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सिरसिया बेलहवा थाना साठी निवासी स्फीउल्लाह पिता शेख मोकींन के घर के दरवाजे पर साठी थाना के सहयोग से एएसआई विकास कुमार के नेतृत्व में तामिला नोटिस चिपकाया गया है। ये नौरंगिया कांड संख्या 62/24 के अभियुक्त हैं जो फरार चल रहे हैं।

## गरखा में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नये कार्यालय का उद्घाटन

- गरखा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित हुआ उद्घाटन समारोह
- सांसद राजीव प्रताप रूडी ने किया संयुक्त उद्घाटन
- मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, में पूर्व विधायक श्री मुनेश्वर चौधरी, उपस्थित थे
- जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं और राजनीतिक दलों की व्यापक भागीदारी

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। गरखा प्रखंड मुख्यालय में आज बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नव-निर्मित कार्यालय का उद्घाटन एक गरिमामय समारोह के माध्यम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी और बिहार सरकार में मंत्री श्री कृष्ण कुमार मंटू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय नेता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री मुनेश्वर चौधरी, , जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ राजू, लोजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, डॉ. संतोष प्रियदर्श , हरेंद्र सिंह, संजय सिंह, अजय मांझी, राहुल पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नजरे इमाम, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सर्वेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह, श्री धनंजय सिंह, अजय शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन सुचारू और सशक्त प्रशासनिक समन्वय को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिससे बीस सूत्री कार्यक्रमों की योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## नर्तकी की हुई हत्या, पुलिस जांच में जुटी

प्रातः किरण, संवाददाता

जलालपुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में 18 वर्षीया एक नर्तकी की हत्या गला दबा कर कर दी गई। घटना बुधवार की बताई गई है। मृतका की पहचान आधार कार्ड में अंकित पते पर जलालपुर विशुनपुरा गांव के सूरज चौधरी की पत्नी के रूप में की गई है। हालांकि इस पहचान पर ग्रामीणों व पुलिस को शक है कि उसका फर्जी आधार कार्ड बनवाया गया है। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन की तथा शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा में भेज दिया है। वहीं घटना के बाद आर्केस्ट्रा संचालक आकाश राय व मकान मालिक भूलन कुमार फरार हो गए हैं। मकान मालिक को खोज कर लाया गया । भुलन कुमार ने बताया कि उसने आर्केस्ट्रा संचालक को आकाश राय को रूम दिए थे। लेकिन इस रूम में शैलेश सिंह जो हाथी मठिया बंजारा के रहने वाले हैं अक्सर आते हैं रहते हैं सोते हैं कल भी रात में यहां मौजूद थे प्रभारी थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी खुलासा होगी ,तथा शीघ्र ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।



## व्याख्याता ने प्राचार्य के खिलाफ खोला मोर्चा,लगाए कई गम्भीर आरोप, अधिकारियों को लिखी चिट्ठी

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के एक व्याख्याता ने संस्थान के प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। व्याख्याता ने प्राचार्य के खिलाफ कई गम्भीर आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों को चिट्ठी लिखकर जानकारी दी है। बतातें है कि पूरा मामला क्या है ।दरअसल वाल्मीकिनगर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य के खिलाफ संस्थान में प्रतिनियुक्त व्याख्याता ब्रजेश कुमार ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार किया है। दिए गए आवेदन में श्री कुमार ने आरोप लगाया है कि संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए बायोमेट्रिक मशीन अबतक नहीं लगाया है। इसके आलावा नियम विरुद्ध हाजिरी बनवाने, प्रशिक्षण कार्य में नियमों का पालन नहीं करने, कक्षाओं में सम्मिलित नहीं होने, संख्या से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने आदि गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बतादें, वरीय पदाधिकारियों को दिए गए पत्र में व्याख्याता श्री कुमार ने कहा है कि परिसर की साफ सफाई समय समय पर नहीं कराई जाती है। शौचालय की साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं है। दूसरी ओर, आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने प्राचार्य से उनका पक्ष समर्पित करने का निर्देश दिया है साथ ही पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के भीतर अपना पक्ष रखने का आदेश भी दिया है ।विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने बताया कि बायट के पूर्व प्राचार्य दिनेश कुमार पंकज के खिलाफ गड़बड़ी करने पर हुई कार्यवाई के बाद भी इस तरह के आरोप प्राचार्य पर लगने अत्यंत दुखद व निंदनीय है ।इसकी जांच

## दौरे से पूर्व बीएसएफ के शहीद सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के घर पहुंचे रुड़ी

प्रातः किरण, संवाददाता

- शहीद को श्रद्धांजलि, बुजुर्गों का लिया आशीवार्द
- प्रतिनिधिमंडल में विदेश दौरे से पूर्व सांसद रुड़ी का गरखा में शहीद के परिजनों से मुलाकात की
- बिहार सरकार के मंत्री सह अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू भी मौजूद
- शहीद के घर जाकर परिजनों को दी सांत्वना, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद



छपरा कार्यालय । ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में मिस्त्र, कतर, इथियोपिया और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर रवाना होने से पहले, सारण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने आज गरखा प्रखंड के जलाल बसंत पंचायत स्थित नारायणपुर गांव का दौरा किया और सीमा सुरक्षा बल के शहीद सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के परिजनों से मुलाकात की। शहीद के परिवार को ढांढस बंधाते हुए श्री रूडी ने कहा कि देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर सपूतों का योगदान युगों तक स्मरणीय रहेगा।

इस दौरान सांसद के साथ बिहार सरकार के मंत्री सह अमनौर विधायक श्री कृष्ण कुमार मंटू, पूर्व विधायक श्री मुनेश्वर चौधरी, पूर्व विधायक श्री ज्ञानचंद मांझी, जदयू जिलाध्यक्ष श्री अल्ताफ राजू, श्री वैद्यनाथ प्रसाद विकल, जिला उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर प्रसाद, जिला प्रवक्ता श्री संजय सिंह, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री राकेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री हरेंद्र सिंह, महामंत्री श्री निरंजन शर्मा भी मौजूद रहे।

सांसद ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बुजुर्गों से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद ने कहा कि शहीद मोहम्मद इम्तियाज के प्रति यह श्रद्धांजलि न केवल एक सैनिक के सम्मान में है, बल्कि उन सभी परिवारों के प्रति आदर है, जिन्होंने अपने लाल देश के लिए समर्पित किए हैं ।सांसद श्री रूडी ने कहा कि शहीदों के सम्मान और उनके परिवारों की सेवा ही राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च रूप है। मैं इस पुण्य कार्य से ऊर्जा लेकर ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व के विदेश दौरे पर जा रहा हूँ, जहाँ भारत की आवाज को वैश्विक मंच पर और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार शहीदों और उनके परिवारों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा से पहले ऐसे पुण्य स्थल पर आकर मुझे नई ऊर्जा मिली है, जिसे लेकर मैं भारत की आवाज को और मजबूती से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रख सकूंगा।

श्री रुडी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का विदेश दौरा भारत की एकजुटता, राष्ट्रीय संप्रभुता और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता को साझा करने का अवसर है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भारत की सोच, संकल्प और नीति को स्पष्ट संदेश के रूप में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखेंगे। मालूम हो कि प्रतिनिधिमंडल के इस दौरे का उद्देश्य भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को वैश्विक मंचों पर स्पष्ट रूप से रखना है। यह यात्रा हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत की निरंतर लड़ाई का प्रतीक है।

## एकमा के युवक कि वर्दमान स्टेशन पर हुई मौत

एकमा । थाना क्षेत्र के भुईली गांव निवासी कृष्णा साह का 19 वर्षीय पुत्र आदर्श साह अपने घर से अपने बड़े पापा सच्चिदानंद साह के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए कोलकाता गया हुआ था ।जहां मंगलवार के दिन बलिया सियालदह ट्रेन से घर लौट के दौरान अचानक उसकी मौत वर्दमान स्टेशन पर ट्रेन के बोगी में ही हो गई। इसकी सूचना ट्रेन के डब्बे में सवार यात्रियों ने वर्दमान स्टेशन पर स्थित जीआरपी पुलिस को दिया । जहां वर्दमान स्टेशन पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर वर्दमान स्टेशन पर उतार लिया । जब युवक की तलाशी ली गई तो उसके पॉकेट से आधार कार्ड मिला आधार कार्ड के आधार पर वर्दमान पुलिस ने एकमा थाना अध्यक्ष उदय कुमार को सूचना दिया । जहां थाना अध्यक्ष ने इसकी सूचना परिजनों को दिया । सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गई।

## बिना टिकट के पकड़े गए यात्रियों से वसूले गए लाखों रुपये जूर्माने

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/ उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है इसी क्रम में प्रमुख जांच अभियान जैसे किलाबंदी जांच, सघन जांच, मैजिस्ट्रेट जांच, बस रेड एवं ऐम्बुश जांच के अलावा दो अप्रैल 2025 से महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल,हाजीपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक दानापुर के निर्देशानुसार दानापुर मंडल के विभिन्न रेलखंडों में वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ कर्मियों की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाडी) का परिचालन प्रारंभ किया गया है जिसमें प्रत्येक दिन मंडल के एक रेलखंड का चयन कर उस रेलखंड के स्टेशनों पर विभिन्न ट्रेनो का अतिरिक्त ठहराव लेकर सघन टिकट जाँच अभियान चलाया जा रहा है ।

# फुटओवर ब्रिज आम लोगों की चिर प्रतीक्षित मांग, जुलाई तक होगा पूरा : सुदामा प्रसाद

## सांसद सुदामा प्रसाद ने किया फुटओवर ब्रिज निर्माण कार्य और आरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। सांसद सुदामा प्रसाद ने आज आरा रेलवे स्टेशन और पूर्वी गुमटी पर फुटओवर ब्रिज का पुनः शुरू हुआ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सबसे पहले सांसद सुदामा प्रसाद फुटओवर ब्रिज का निर्माण कार्य स्थल पूर्वी गुमटी पहुंचे। जहाँ लगभग 2. 5 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज का गाटर बन कर लगभग तैयार है। ब्रिज की लंबाई 62 मिटर और रैम्प की लंबाई 132 मीटर का होगा।

मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जुलाई में पूरा होगा। इसके बाद आरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कार्य किया गया। स्टेशन पर सांसद ने यात्रि , कुली, और रेलवे कर्मचारियों से मिल उनके समस्याओं से रुबरु हुए। कुछ यात्रियों ने बेहतर प्रतीक्षा रूम नही होने, शौचालय में मूत्रालय के उपयोग पर पैसे लेने, ठंडे पानी का व्यवस्था नही होने, टीटीई लॉबी में उचित सुविधा नही होने और कुंदन सिंह के द्वारा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगया। उपस्थित कुलियों ने कहा कि 45 कुलियों को वर्दी नही दिया जा रहा है। यात्रियों ने प्लेटफॉर्म नंबर चार पर गंदगी होने का भी शिकायत की।

इस मौके सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि कई वर्षों से अधूरा पड़े ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए लोकसभा में उठाने से लेकर, रेलवे मंत्री, डीआरएम, और रेलवेस्टेंडिंग कमिटी में कई बार उठाने अभी 28 अप्रैल 25 को रेलवे जोनल मीटिंग में उठाया गया। यह एक लंबे संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस ब्रिज के बनने से 52 गांव तापा, गोढना रोड, मिल रोड सहित इधर के हजारों लोगों का चिर प्रतीक्षित मांग था। इसके बनने से लोगों के रोजगार में वृद्धि होगा। उन्होंने अधिकारियों को धन्यवाद दिया । उन्होंने स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान मीले शिकायत पर कहा कि सभी सवलों को कमिटी बैठक और अधिकारियों से मिल कर हल कराने के आश्वासन दिया।

निरीक्षण के समय माले नेता रजनाथ राम, सुधीर कुमार, दिलराज प्रीतम, अमित कुमार बंटी, मनोज गुप्ता, संतलाल , निजी सहायक चन्दन कुमार, सूरज कुमार, टुनटुन जी सहित कई लोग शामिल थे। मौजूद अधिकारी - डीके सिंह सहायक मंडल अभियंता, लाइन, आर के रत्नाकर सहायक मंडल अभियंता, गति शक्ति, स्टेशन प्रबंधक एन के राय, अशोक कुमार, वाणिज्य यातायात निरीक्षक आदि थे।

## नरही में श्रीमद्भागवत कथा एवं मां काली प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए निकली जलभरी शोभायात्रा



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोईलवर प्रखंड स्थित नरही गांव में बुधवार 21 मई से 28 मई 2025 तक आयोजित होने वाले श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं मां काली प्रतिष्ठा के पहले दिन जलभरी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य, परम पूज्य श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की कृपा से हुआ।

बुधवार सुबह सात बजे से ही यज्ञ स्थल, नरही गांव स्थित काली मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाएं और पुरुष पारंपरिक परिधान में कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा नरही गांव से शुरू होकर सकड्डी नासरीगंज स्टेट हाईवे होते हुए चांदी चौक पहुंची, और वहां से कोईलवर रोड होते हुए बहियारा सोन नदी घाट तक गई। वहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा और उसी मार्ग से वापस यज्ञ स्थल लौटे। इस दौरान शोभायात्रा में गाजे-बाजे, घोड़े और बसहा बैल की आकर्षक झांकी के साथ भक्तों ने भक्ति गीत गाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। यज्ञ समिति के सदस्य नवीन सिंह ने जानकारी दी कि आठ दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन संध्या के समय कथा व्यास जगतगुरु पूज्य श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज का प्रवचन होगा। एक दिन जीयर स्वामी जी महाराज का विशेष प्रवचन भी निर्धारित है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवसर पर गांव के प्राचीन, जीर्ण-शीर्ण हो चुके काली मंदिर का जीर्णोद्धार कर मां काली की नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यज्ञ की पूणार्हुति 28 मई को भव्य भंडारे के साथ संपन्न होगी।

## फूड एंड फन फेस्ट का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा ।जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज , आरा के द्वारा फूड एंड फन फेस्ट का आयोजन किया गया ' इस आयोजन में टइअ ,इइअ,इउअ के छात्रों ने भाग लिया ' फूड एंड फन फेस्ट का उद्घाटन संयुक्त रूप से आरा की मेयर माननीय इंदु देवी, डॉ एस के रूंगटा , चेयरमैन डॉ आदित्य विजय जैन, वाइस चेयरमैन सीपी जैन जी के द्वारा किया गया ' इस आयोजन से छात्रों और अभिभावकों के बीच उत्सुकता दिखी ' इस आयोजन में छात्रों के द्वारा दर्जनों खाने पीने के और फन गेम्स के स्टाल लगाए गए ' कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बाजार में अवसर और समस्याओं से रुबरु कराया गया ' इस फूड एंड फन फेस्ट में , चेयरमैन डॉ आदित्य विजय जैन ने कहा कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज हमेशा छात्रों के समग्र विकास के लिए विभिन्न आयोजन करता रहा है ' कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ तुषार आर्य ने कहा कि जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज उद्यम को प्रोत्साहित करने के तहत छात्रों को थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल नॉलेज के लिए इस फेस्ट का आयोजन किया गया ' इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कॉलेज के चेयरमैन डॉ आदित्य विजय जैन, सीपी जैन, अरिहंत विजय जैन, प्रबंधक सिद्ध विजय जैन, प्रधानाचार्य - डॉ प्रोफेसर तुषार आर्य, प्रोफेसर नीरज कुमार, , डॉ सावित्री तिवारी, प्रोफेसर ओम कुमार, प्रोफेसर अरुण मिश्रा, प्रोफेसर राहुल आनंद, प्रोफेसर सौरव कुमार, प्रोफेसर रंजन मिश्रा, प्रोफेसरों प्रीति पांडे सहित अनेक प्रोफेसर, अभिभावकगण एवं सैकड़ों छात्र शामिल थे'

# प्यार में पागल समधी और समधन चले थे करने कोर्ट मैरेज, जमकर हुई पिटाई

## बेटे की शादी तय करने के दौरान दयानंद की समधन से आंखे चार हो गई

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) जिला क्षेत्र के एक शिवसागर प्रखंड में पारंपरिक रिश्तों की सीमाएं तब टूट गई जब दो वयस्क अपने बेटे-बेटी शादी कर भविष्य में समधी और समधन बनने वाले थे। लेकिन उनकी शादी होने से पहले ही वह एक दूजे के बनने के लिए शादी करने कोर्ट पहुंच गए। बताया जाता हैं कि 40वर्षीय दयाशंकर राम और 33 वर्षीय धर्मशीला देवी जो मंगलवार को जिला मुख्यालय सासाराम कोर्ट मैरिज के लिए रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे। लेकिन इसकी भनक परिवार को मिलते ही वह अचानक कोर्ट पहुंच कर दोनों की चप्पलों-जूतों से कोर्ट कैंपस में ही जमकर पिटाई कर दी। जिसे देखने के लिए शहर के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने बताया कि पारिवारिक मेल-मिलाप से दोनों के बीच जन्मा प्रेम-प्रसंग। दयाशंकर राम जो शिवसागर थाना क्षेत्र के धनवा गांव के निवासी हैं, अपने बेटे की शादी डालमियानगर की धर्मशीला देवी की बेटी से तय कर चुके थे। इसी रिश्ते के दौरान दोनों परिवारों के बीच संवाद बढ़ा और धर्मशीला व दयाशंकर की बातचीत मोबाइल पर शुरू हुई। इसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच यह मुलाकात एक प्रेम संबंध में बदल गया। बताया जा रहा है कि दोनों ने पहले ही मंदिर में शादी कर ली थी। सूत्रों से मिली जानकारी तहत दयाशंकर की दो पत्नियों की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। जो तीन बच्चों का पिता भी हैं।

## लापता किशोर की तलाश में परिजन परेशान, पुलिस से की मदद की गुहार

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के वार्ड-11 के रहने वाले बबन महतो ने अपने 14 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार की गुमशुदगी की शिकायत कोइलवर थाने दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार रोहित 10 मई 2025 को शाम 4 बजे से लापता है। रोहित की पहचान 5 फीट लंबाई, रंग,गोरा गाजरी कलर का टीशर्ट एवं कला हाफ पैंट पहने हुए है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने अपने सभी रिश्तेदारों व परिचितों से संपर्क किया, लेकिन रोहित का कोई सुराग नहीं मिल सका है। मां माना देवी ने पुलिस से रोहित को जल्द से जल्द खोजने की अपील की है। इसके लिए उन्होंने कोइलवर थाने गुमसुदगी का आवेदन दिया है और पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

सासाराम (रोहतास) जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम,सासाराम में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें याद करते हुए लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या अपराधियों द्वारा तमिलनाडु के परमबटूर में एक चुनावी सभा को संबोधित दौरान कर दी गई थी। जो स्व.गांधी 40 वर्ष के उम्र में ही भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में देश को आगे बढ़ाया उन्हीं के कार्यकाल में मत देने का मौलिक अधिकार 21 साल से घटकर 18 वर्ष कर दिया गया था। वह कंप्यूटर के क्षेत्र के जनक भी माने जाते हैं। उन्हीं के द्वारा पंचायती राज संस्थाओं में त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था को लागू किया गया। साथ देश की महिला एवं अनुसूचित जातियों के लिए भी 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। अवसर पर राजेश्वर कुशवाहा, धनंजय सिंह, राम नारायण राम, डॉक्टर कामेश्वर तिवारी, आलोक मेहता, सुदामा राम जिला परिषद सदस्य, दीपक शुक्ला, सुनील तिवारी, जावेद अख्तर, उमाशंकर गुप्ता, तौफिक अहमद मकरानी इत्यादि लोग शामिल हुए।

## काराकाट पत्रकार के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया शोक

सासाराम (रोहतास) पत्रकार समरेश पांडे आकस्मिक निधन पर कांग्रेस नेता लोकेश तिवारी अधिवक्ता के अध्यक्षता में कचहरी कैंपस में शोक सभा आयोजित हुई। उनके असामयिक निधन पर कांग्रेस नेताओं ने गहरी शोक प्रकट कर 2 मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को सहनशक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव राजेंद्र पासवान ने अपने शोक संदेश में कहा कि रोहतास जिला ने एक निर्भीक पत्रकार को खो दिया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति हुई है। जिसका निकट भविष्य में भरपाई नहीं किया जा सकता। उक्त अवसर पर गौतम ऋषि, लोकेश तिवारी, अधिवक्ता धनंजय मेहता, मोहम्मद जावेद, बी. शुक्ला, डॉ. कामेश्वर तिवारी, दीपक शुक्ला, वीरेंद्र सिंह, ललित ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सात सूत्री मांगों को ले 5 दिवसीय हड़ताल पर गईं आशा कार्यकर्ता

प्रात : किरण संवाददाता



तिलौथू (रोहतास)। तिलौथू प्रखंड क्षेत्र के आशा कार्यकताओं ने अपनी सात सूत्री मांगो को लेकर पांच दिवसीय हड़ताल पर चली गई । यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट को बंद कर नारे लगाते हुए ओपीडी सेवा को बाधित कर दिया। आशा संघ के प्रखंड अध्यक्ष देवंती देवी ने बताया कि हमारी मुख्य मांगे यह है की 2023 में हुए समझौते के अनुरूप आशा और आशा फैसिलिटेटर के मासिक मानदेय 1000 से बढ़ाकर 2500 रू० करने संबंधी आदेश अविलंब निर्गत किया जाय। पिछले छह माह से लंबित मानदेय का भुगतान अविलंब किया जाए और इसके लिए दोषी अधिकारियों की जिम्मेवारी तय की जाए। पिछला सारा बकाया का भुगतान करते हुए पोर्टल व्यवस्था में सुधार किया जाय। रिटायरमेंट की उम्र सीमा 65 वर्ष किया जाय। सेवानिवृत्ति के समय 10 लाख का रिटायरमेंट पैकेज दिया जाय तथा अनिवार्य मासिक पेंशन की सुविधा दी जाए।

आशाओं को विभिन्न तरह के कामों के लिए जो प्रोत्साहन राशि मिलती है, उसका पुनरीक्षण किया जाय। विदित हो कि पिछले 10 वर्षों से इसमें कोई वृद्धि नहीं हुई है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सम्मिलित विमर्श के आधार पर आशा और आशा फैसिलिटेटर के लिए 21000 रुपए बेसिक न्यूनतम मासिक मानदेय निर्धारित किया जाय। मौके पर आशा संघ के सचिव उर्मिला देवी, कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, उपकोषाध्यक्ष पुनीता कुंवर, आशा फैसिलिटी सुधा रानी, सुशीला देवी, कुंती कुमारी, प्रतिमा देवी आदि उपस्थित थी।

## बांद्रा-बीकानेर के बीच नई ट्रेन सेवा प्रधानमंत्री देशनोक रेलवे स्टेशन से दिखाएंगे हरी झंडी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। नई दिल्ली। भारतीय रेल ने बांद्रा टर्मिनस और बीकानेर के बीच नई साप्ताहिक रेलगाड़ी प्रारंभ करने का फैसला किया है। इसके संबंध में अधिसूचना रेलवे बोर्ड द्वारा जारी कर दी गई है। दिनांक 22 मई, 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के देशनोक रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद इस ट्रेन की नियमित सेवा प्रारंभ होगी।

ट्रेन संख्या 21903 प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से रात्रि 11.25 बजे रवाना होगी और मंगलवार को रात्रि 8.40 पर बीकानेर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 21904 बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार को सुबह 8:50 बजे बीकानेर स्टेशन से खुलेगी और बृहस्पतिवार को सुबह 6:45 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि इस ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, बड़ोदरा, आणंद, नडियाद, साबरमती, मेहसाणा, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, पाली मारवाड़, जोधपुर, मेड़ता रोड जंक्शन, नागौर, नोखा और देशनोक स्टेशनों पर दिया गया है।

## महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा




हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज 21.05.2025 को हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण (दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्षों में निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया । समीक्षा बैठक में पीपीटी के माध्यम से निर्माण विभाग की उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक द्वारा मुजफ्फरपुर-सगौली, सगौली-बाल्मिकीनगर, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल, अस्थावां-बरबीघा, कोडरमा-तिलैया नई लाईन परियोजना, टोरी-शिवपुर तीसरी लाईन, गोमो फ्लाई ओवर, सिन्द्री यार्ड रिमॉडलिंग सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी।

बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निमार्णाधीन रेल परियोजनाओं को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि इसे समय पर पूरा किया जा सके । उन्होंने आरओबी/ आरयूबी/ बाईपास के निर्माण पर जोर दिया ताकि बिना अवरोध के रेल एवं सड़क यातायात जारी रह सके ।

## विस सूत्री की बैठक में उत्पाद थाना द्वारा अवैध शराब के भठियो पर अंकुश लगाए जाने व पैसे वसूली का मुद्दा छाया रहा

शेरघाटी ।प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में बुधवार को विभिन्न दलों के द्वारा विस सूत्री बैठक अयोजित किया गया,जिसमे सर्व प्रथम उत्पाद थाना द्वारा अवैध शराब के भठियो पर अंकुश लगाए जाने व पैसे वसूली का मुद्दा छाया रहा,वही उत्पाद पुलिस से जब पूछा गया तो कहा गया कि कुछ लोग नकली उत्पाद पुलिस बनाकर अवैध वसूली कर रहे है,लेकिन इसका शिकायत अबतक विभाग को भी नही किया गया,और नही मुकदमा दर्ज कराया गया है ।उक्त मामले को लेकर थानाध्यक्ष से स्पस्टीकरण मांगा गया।

बैठक के सुरुआत में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद सीओ उषा कुमारी ने अध्यक्ष अरविंद कुमार उपाध्यक्ष राधेश्याम सिंह को बुके देखकर सम्मानि किया गया।

## यूथ फॉर सेवा रचनात्मक आयोजन करने वाला अनोखा संगठन: संतोष कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

यूथ फॉर सेवा के द्वारा सात दिवसीय समर कैंप (मस्ती की पाठशाला ) का आयोजन रऊ विद्याकुल कोचिंग सेंटर धमार पूर्व सांसद श्रद्धेय हरिद्वार प्रसाद सिंह जी के मकान में कैरियर गाइडेंस के बारे में बताया गया और साथ ही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युसूफ सर उपस्थित थें। जो बच्चों को पठन - पाठन से संबंधित बहुत सारी जानकारियां दी और साथ ही पढ़ाई के प्रति बच्चों को प्रेरित किया ।उन्होंन करियर गाइडेंस के अंतर्गत बच्चों को मैट्रिक के बाद अपनी भविष्य कैसे निमार्ण करें। कौन-कौन सा विषय का अध्ययन करने से कौन सा क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते है इसकी सरलता से जानकारी दी गई ।इस कैंप में स्टोरी टेलीगं ,पेंटिग, हस्तशिल्प , खेलकूद, योगा , गायन नृत्य आदि का आयोजन किया जाएगा ।वही स्टेरिंग टीम मेंबर संतोष कुमार ने कहा की यूथ फॉर सेवा नवोदित, एनएमएमएस छात्रवृति ,रक्तदान,पौधारोपण ,समर कैंप जैसा आयोजन करने वाला अनोखा संगठन हैं । वही धीरज कुमार ने बताया कि यूथ फॉर सेवा के माध्यम से अनेकों कार्यक्रम बच्चों के लिए कराई जाती हैं वर्तमान में समर कैंप चलाया जा रहा हैं जिससे कि बच्चों में खुशी लहर देखने को मिल रही है बच्चें काफी उत्साहित हैं ।समर कैंप में सिमरन कुमारी,प्रियांशु कुमारी,शिल्पा कुमारी, मिंता कुमारी और प्रीति कुमारी, रिशु यादव, प्रिंस कुमार, नवीन यादव, शुभम ओझा,गोलू कुमार,अंकुश कुमार ,पवन साहनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## भ्रष्टाचार : सरकारी विद्यालय में नामांकन शुल्क के नाम पर छात्रों से की जारी अवैध वसूली

### डीओ बोले :जांच के बाद हर हाल में विद्यालय कर्मी आरोपी पर होगी कार्रवाई

➤ छात्रों के पुराने रशीद के पीछे ही काटा जा रहा नया नमांकन अवैध रशीद

प्रात : किरण संवाददाता




तिलौथू (रोहतास) जहां एक ओर सरकार एवं शिक्षा विभाग ने राज्य के छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण शिक्षा के लिए सरकारी विद्यालय में नामांकन अभियान चलाकर विभिन्न कक्षाओं में नामांकन करने पर जोर देते हुए पूरे राज्य के विद्यालयों में सीमित व एक समान नामांकन शुल्क लेने का आदेश जारी किया है। दूसरी तरफ तिलौथू हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम ने छात्रों से मनमाना नामांकन शुल्क वसूल कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। जिसके उपर जिला शिक्षा पदाधिकारी भी मौन साधे हुए हैं। कुछ इसी तरह का मामला सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,तिलौथू प्रखंड से प्रकाश में आया है। जिस विद्यालय में नामांकन शुल्क के नाम पर अवैध वसूली से गरीब व कमजोर अभिभावक त्रस्त हैं। विद्यालय प्राचार्य के निर्देश एक कर्मी द्वारा अवैध तरीके से बच्चों का रशीद काटा जा रहा हैं। जिस नामांकन शुल्क का विरोध पर छात्रों का नाम काटने एवं परीक्षा सेशन बर्बाद करने की धमकी भी दी जाती है। जिससे कमजोर व असहाय अभिभावक शोषित होने के बावजूद विरोध करने से भी कतराते हैं। बच्चों के पीड़ित अभिभावकों के अनुसार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के 12वीं कक्षा में नामांकन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा तय की गई राशि व विद्यालय प्रबंधनतिलौथू हाई स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापक मैकू राम द्वारा ली जाने वाली राशि में दो गुना का अंतर है। पिछले वर्ष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू के 11वीं में नामांकन के दौरान शिक्षा विभाग के आदेश को अंगूठा दिखाते हुए प्रधानाध्यापक के आदेश पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी छात्रों से कला का 2000 और साइंस का 2300 रुपए की अवैध वसूली की गई है। जिस पर बच्चों के अभिभावकों एवं समाजसेवियों के विरोध पर विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि दोनों वर्षों का एक मुश्त नामांकन शुल्क ले लिया गया है। किसी भी छात्र को 12वीं में नामांकन शुल्क नहीं देना होगा। लेकिन प्रधानाध्यापक के आदेश पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा 12वीं में पुनः 2000 रुपए नामांकन शुल्क पुराने रशीद पर ही पीछे लिखकर वसूल किया जा रहा है। जबकि सरकार एवं शिक्षा विभाग के नियमानुसार नामांकन शुल्क में अधिकतम राशि 1110 रुपए लेने की प्रक्रिया है। वही विद्यालय प्रबंधन विभाग के नियम कायदों को ताक पर रख नामांकन ने नाम पर अवैध शुल्क वसूली में लगा है।

उच्चातर माध्यमिक विद्यालय,तिलौथू छात्रों से कभी प्रैक्टिकल तो कभी परीक्षा फॉर्म के नाम पर अक्सर अवैध वसूली किया जाता है। इंटर विद्यार्थियों से प्रायोगिक परीक्षा में ज्यादा अंक देने का प्रलोभन देकर अवैध राशि वसूलने का भी मामला कई बार प्रकाश आया था। जबकि प्रधानाध्यापक के तानाशाह एवं शोषण रवैया के कारण समाजसेवियों द्वारा अवैध वसूली के विरुद्ध साक्ष्य के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारियों से गुहार लगा चुके है। लेकिन पदाधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर अबतक को कार्रवाई भी की गई है। जो कहीं न कहीं जिला शिक्षा पदाधिकारीयों की मिलीभगत को दशार्ता नजर आ रहा है।

शिक्षण संगठनों ने भी विद्यालय प्राचार्य के विरुद्ध जताया विरोध :

अवैध राशि वसूली पर कई समाजसेवी संगठनों ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गलत कार्य एवं अवैध वसूली की पहले भी कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई है। बावजूद किसी भी मामले में विद्यालय प्राचार्य पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि लोगों ने अवैध वसूली की जानकारी शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को लिखित रूप में भी दी है। लेकिन कार्रवाई के बदले पदाधिकारियों का मौन रहना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ है। यदि विभाग कार्रवाई नहीं करता है तो बड़े पैमाने पर जिला समाहरणालय में जन आंदोलन किया जाएगा।

### क्या कहते हैं जिला शिक्षा पदाधिकारी :

इस संदर्भ में रोहतास जिल शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,तिलौथू की त्वरित जांच कर आरोपी कर्मियों पर हर हाल में कार्रवाई होगी।

## पूर्व वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

अमझोर (तिलौथू) अमझोर थाना क्षेत्र के चीतौली गांव निवासी पूर्व वारंटी सुनील पासवान, पिता स्व. मुख्तियार पासवान को पुलिस ने बुधवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष श्याम कुमार ने बताया कि वारंटी के विरुद्ध पूर्व से मामला लंबित था। जिसका न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे चीतौली गांव स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर अमझोर पुलिस लगातार सक्रिय है।

## कलवार कल्याण समिति के अध्यक्ष बनें अनिल गुप्ता, समर्थकों ने दी बधाई

रक्सौल : शहर के पटेल पथ स्थित जगदीश हैंडलूम में कलवार कल्याण समिति के सदस्यों की वार्षिक बैठक मंगलवार की शाम संपन्न हुई. बैठक की कार्रवाई पहले की कमेटी को भंग करने के साथ शुरू की गयी. बैठक का संचालन कार्यवाहक अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया. इसके बाद नए अध्यक्ष के चुनाव लिए समिति के सदस्यों के द्वारा शंभू नगर निवासी अनिल कुमार गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया गया. जिसके बाद सभी सदस्यों की एकमत सहमति के बाद अनिल कुमार गुप्ता को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया. अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ ही निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता का स्वागत किया. इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष राजेश कुमार प्रसाद व नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता को समिति के सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से सम्मानित किया गया. वहीं महासचिव पद के लिए कालीनगरी निवासी चंदन कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया. जिसका सभी ने समर्थन किया. निर्वाचन की कार्रवाई पूरा होने के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव के द्वारा नयी कमेटी का मनोनयन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से वार्ड पार्षद सोनू कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रदीप भारती को उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया. इसी प्रकार सचिव पद के लिए रंजीत कुमार, चंद्रकिशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष के पद पर सुनिल कुमार गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष के पद पर मंगलम कुमार, अखिलेश कुमार का मनोनयन किया गया. वहीं संगठन मंत्री के पद पर चंदन गुप्ता, बप्पी साह, जितेन्द्र कुमार, अरूण कुमार, अंकेक्षक के पद पर धीरज कुमार गुप्ता, मीडिया प्रभारी के लिए मनोज कुमार गुप्ता तथा कानूनी सलाहकार के रूप में बैजू जायसवाल का मनोनयन किया गया. इसके अलावा संरक्षक मंडल की भी घोषणा की गयी, जिसमें पूर्व नगर सभापति ओमप्रकाश गुप्ता के साथ-साथ सुभाषचंद्र प्रसाद, जगदीश प्रसाद, रामाशीष प्रसाद, डॉ. उमेश प्रसाद, डॉ. प्रहस्त कुमार, डॉ. प्रो. हजारी प्रसाद गुप्ता, अजय कुमार उर्फ बावल जी, संजय जायसवाल, राजेश कुमार प्रसाद, ध्रुव प्रसाद को शामिल किया गया. नव निर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने समर्थन के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# उत्खनन वाले क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास एवं आमजन को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कराए गएः डीसी

प्रातः किरण संवाददाता



गया, जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा खनन ग्राहिताओं से प्राप्त निधि डीएमएफ फंड उपयोगिता हेतु प्रधान मंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना अंतर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गया जिले के उत्खनन वाले क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास एवं आमजन को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कराए गए हैं, जिनमे विशेष कर पेयजल संकट से निपटारा के लिए नए चापाकल का अधिष्ठापन, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, नाली गली का निर्माण एवं सड़क निर्माण शामिल हैं जिला पदाधिकारी ने बताया कि टिकारी प्रखंड के खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगो को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 70 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं।

इसके अलावा वजीरगंज प्रखंड के खनन क्षेत्रो में रहने वाले स्थानीय लोगो को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 120 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं।

इसके अलावा बेलागंज प्रखंड के खनन क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय लोगो को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 40 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इसके अलावा इमामगंज प्रखंड के खनन क्षेत्रो में रहने वाले स्थानीय लोगो को पेयजल की समस्याओं से निबटारा के लिये 19 की संख्या में नए चापाकल लगाए गए हैं। इमामगंज सलैया रोड से सुखेड़ा नदी तक सड़क निर्माण एवं ग्राम कादिरपुर में विद्यालय से अनुसूचित जाति टोला तक सड़क निर्माण करवाया गया है।

इसके अलावा मानपुर में वार्ड संख्या 48 में सूरज पोखर के पास नाली का भी निर्माण करवाया गया है। बोधगया प्रखंड के ग्राम पंचायत मोचारिम के महादलित टोला के समग्र विकास हेतु 03 योजनाओं का क्रियान्वयन करवाया गया है। बोधगया प्रखंड के खनन प्रभावित क्षेत्र यथा बसाढ़ी, छाछ, मोराटाल, टनकुप्पा प्रखंड के मायापुर, जोलाहदिह एवं वजीरगंज के करौना, घुरियावा तथा नगर प्रखंड के गुलजार बिगहा के लोगो के सर्वांगीण विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मकान विहीन लोगों के लिए पक्का मकान, सड़कों का जीर्णोद्धार, नल जल, नाली गली का निर्माण करवाया गया है नगर निगम वार्ड संख्या 47 मानपुर सूर्यपोखरा पर अवस्थित अतिजर्जर आगनवाड़ी भवन को तोड़कर नया आगनवाड़ी भवन का निर्माण करवाया गया है।

टिकारी क्षेत्र के पूरा महादलित टोला में स्वास्थ्य विभाग का पीएचसी का निर्माण करवाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोच का चहार दिवारी एवं गेट का निर्माण करवाया गया है।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंचानपुर का जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त एक कमरा का भी निर्माण करवाया गया है। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघडा का निर्माण करवाया गया है।टिकारी के सरफराज बिगहा महादलित टोला में 1 हजार फीट पीसीसी निर्माण करवाया जा रहा है। कल्याण विभाग द्वारा संचालित अत्यंत पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय छात्रावास, राजकीय अंबेडकर आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जाति कल्याण छात्रावास में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय हेतु पुस्तक, बुक सेल्फ, टेबल, कुर्सी तथा जिम का अधिष्ठापन करवाया गया है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि गया जिले में सभी खनन क्षेत्र के आसपास सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, पुल निर्माण कराने, सड़क निर्माण कराने तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं से माइनिंग क्षेत्र के आस पास टोलो में विकास में और बल मिले इसके लिए सभी माननीय विधायक एवं सांसद से प्रतिवेदन की मांग की गई थी, कि किस स्थान पर क्या आवश्यकता है। उस क्षेत्र में चापाकल को ठीक कराने के साथ-साथ नया चापाकल भी लगवाने के कार्य की गई है।

## रेलवे लाइन के लिए युद्ध स्तर पर पोस्टकार्ड व हस्ताक्षर अभियान जारी है :मनोज यादव



➤ रेल संघर्ष समिति गांव-गांव जाकर लोगों से हस्ताक्षर करवा रहे हैं

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। रेलवे संघर्ष समिति के तत्वाधान में मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव लगातार विशेष हस्ताक्षर एवं पोस्टकार्ड भेजो अभियान बिहटा अरवल औरंगाबाद रेलवे लाइन के लिए चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को केयाल पंचायत एवं बम्भई पंचायत के दर्जनों गांव में हस्ताक्षर अभियान चला कर देश के प्रधानमंत्री और रेल मंत्री येसे री रातडी टी देरमांग किया जा रहा है, अति शीघ्र जमीन अधिग्रहण प्रकाश प्रारंभ किया जाए बताते चले की 12 वर्षों से लगातार जन आंदोलन करते हुए मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव दिन रात रेलवे लाइन का सपना लेकर लगातार आंदोलन जारी रखें उसी के कड़ी में अभी वर्तमान में युद्ध स्तर पर पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, रेलवे के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने कहा कि जनता का जन्मदिन जब तक रेलवे लाइन नहीं बनेगी यह कारवां रुकने वाला नहीं है , पोस्टकार्ड एवं हस्ताक्षर अभियानकर्ता मंटू यादव राजनीति कुमार रजनीश यादव धनंजय कुमार जयप्रकाश नारायण सिंह मनीष पासवान बैजू कुमार दास एवं अन्य लोग लगातार गांव गांव जाकर लोगों से हस्ताक्षर अभियान करवा रहे हैं

# गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में एमबीए की आंतरिक परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

गया। कॉलेज के प्रबंधन विभाग में दिनांक 20 एवम 21 मई 25को एमबीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए दो-दिवसीय आंतरिक परीक्षा का आयोजन अत्यंत अनुशासित, कदाचारमुक्त एवम सख्त निगरानी के बीच संपन्न हुआ है। इस बात की जानकारी देते हुए कॉलेज के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बतलाया कि इस परीक्षा में कुल छह विषयों की परीक्षा पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ली गई है।प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष नारायण ने परीक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मूल्य-आधारित व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए विभाग में आयोजित आंतरिक परीक्षा को निर्धारित शैक्षणिक मानकों के अनुरूप लिया गया। परीक्षा के दौरान निष्पक्षता एवम पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।

विभागाध्यक्ष ने यह भी अवगत कराया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण गोपनीयता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र परिणाम उपलब्ध कराए जा सकें।इस अवसर पर गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने विभाग द्वारा परीक्षा के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन और जिम्मेदाराना व्यवहार से यह प्रमाणित किया है कि हमारा प्रबंधन विभाग अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और शैक्षणिक अनुशासन के प्रति भी पूर्णतः प्रतिबद्ध है।विभाग के शिक्षक डॉ. सुशांत मुखर्जी, अमृता सिन्हा, अजीत राज, सुजीत पाठक, प्रेमपति चखैयार सहित समस्त विभागीय कर्मियों के समन्वित प्रयासों से यह परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई है।

# संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार के संकल्प को हम पूरा करके ही दम लेंगेः उपेन्द्र कुशवाहा

प्रात : किरण, संवाददाता

गाया।बिहार के गया में सोमवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार पर एक निजी होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव सुभाष चंद्रवंशी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष जितेंद्र पासवान और प्रदेश संगठन सचिव शक्ति कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार के संकल्प को लेकर प्रेस वार्ता की गई है। उन्होंने कहा कि भारत में 2026 में परिसीमन होना है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 82 देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन कर लोकसभा सीटों का फिर से निर्धारण करने का अधिकार देता है। वहीं, अनुच्छेद 170 राज्यों में विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा और संख्या तय करने का अधिकार देता है। अभी तक देश में 1951, 1961, 1971 की जनसंख्या के आधार पर

परिसीमन कर लोकसभा की सीटों को निर्धारित किया गया है। परिसीमन का उद्देश्य राज्यों के लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या आबादी के अनुसार निर्धारण करना है। इस व्यवस्था की वजह से बिहार सहित उत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों को लोकसभा सीटों के मामले में बहुत नुकसान हो रहा है। आज दक्षिण भारत में लगभग 21 आबादी पर एक लोकसभा सीट है वहीं, उत्तर भारत में लगभग 31 लाख की आबादी पर एक लोकसभा सीट है। यह व्यवस्था बिहार सहित तमाम उत्तर भारतीय राज्यों का देश की संसद में हमारे प्रतिनिधित्व को कम करता है या कह सकते हैं कि संविधान की मूल भावना 1 व्यक्ति 1 वोट 1 मूल्य के साथ छलावा है। मौजूदा आबादी के आधार पर परिसीमन नहीं होने के कारण हम पिछले 50 वर्षों से अपने इस अधिकार से वंचित हैं। इस दिशा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा का ध्येय एकदम स्पष्ट है कि वह बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यों के साथ इस बार धोखा नहीं होने देंगे। हमारी पार्टी इस लड़ाई को बिहार के घर घर तक ले जाएगी ताकि बिहार समेत उत्तर भारत की जनता अपने राजनैतिक अधिकार को हासिल कर सके।

## हाइवे के किनारे एक व्यक्ति का मिला शव ,जांच में जुटी पुलिस

शेरघाटी।नेशनल हाइवे 2 के किनारे मंगलवार की देर रात गोपालपुर पुल पर एक अज्ञात व्यक्ति का विक्षिप्त हालात में शव बरामद किया गया, घटना के जानकारी मिलते ही गस्ती दल के टीम अरविंद कुमार ने स्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में ले लिया, जिसका पहचान नही किया जा सका है,मृतक व्यक्ति उजले रंग का टीशर्ट व नीले रंग का लुंगी पहना हुआ है,प्रथम दृश्य में प्रतीत होता है कि मृतक व्यक्ति विक्षिप्त प्रतीत होता है,थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए भेज दिया गया है।

# भिषण गर्मी में व्याप्त शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण एवं मनमाने ढंग से ऑटो चालकों द्वारा वाहन रोकने की प्रवृत्ति से जाम की गंभीर समस्या जल्द खत्म करने की मांग

■ जिला प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन से अतिक्रमण मुक्त शहर बनाया जाए जिससे आम आदमी चल सके : डॉ मनीष पकंज मिश्रा

प्रातः किरण संवाददाता

गया।गया जी की पावन धरती पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु विष्णुपद मंदिर के दर्शन के लिए पहुँचते हैं।लेकिन शहर में व्याप्त अतिक्रमण और अनियंत्रित ट्रैफिक व्यवस्था उनके अनुभव को बाधित कर देती है। विशेष रूप से घुघरीटार बाईपास, समीर तकिया मोड़, मंगला गौरी, जीबी रोड, कोतवाली थाना के पास से लेकर टावर चौक तक, करीमगंज पुल, मां आनंदी मोड, गुरुद्वारा मोड,सहित शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण और मनमाने ढंग से ऑटो चालकों द्वारा वाहन रोकने की प्रवृत्ति से जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।भीषण गर्मी में घंटों जाम में फंसे रहना आम नागरिकों व श्रद्धालुओं दोनों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। शहर की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा फैलाए गए अस्थायी निर्माण, ठेले-खोमचे और अनधिकृत पार्किंग के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। नतीजतन, न केवल पर्यटक बल्कि स्थानीय निवासी भी समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच पाते।इस गंभीर स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि वह इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने माँग की है कि घुघरी टार बाईपास सहित पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, साथ ही ऑटो चालकों के लिए निर्धारित स्थान तय कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गयाजी जैसे धार्मिक पर्यटन स्थल की छवि धूमिल हो सकती है और आम जनता को अनावश्यक पीड़ा झेलनी पड़ सकती है। प्रशासन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह संवेदनशीलता के साथ शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करे। अतिक्रमण से छुटकारा जाम से निजात समीर तकिया मोड़ से जाम से निजात मांग करने वालों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष के राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता राष्ट्रीय मानवाधिकार के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता कुंदन सिंह आदि।

# सासाराम की बेटी लवली शर्मा ने प्राप्त किया राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

प्रातः किरण संवाददाता



सासाराम। रोहतास जिला में सासाराम के संजय शर्मा और ममता देवी की लाडली बिटिया लवली शर्मा को भारत सरकार के सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (उउफ्ळ) द्वारा हिंदुस्तानी संगीत के गायन विषय में यह स्कॉलरशिप प्राप्त हुई है। बता दें कि लवली अभी बनारस में शिल्पायन द म्यूजिक हब में संगीत की विधिवत शिक्षा ले रही है। सभी गुरुजनों और माता-पिता ने मिठाई खिलाकर लवली को आशीर्वाद दिया। बताते चलें कि पिता संजय शर्मा ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पिरो में कार्यरत हैं। वही माता ममता देवी सुप्रसिद्ध गायिका है। लवली शर्मा ने बताया की माता पिता के आशीर्वाद से यह मुकाम हासिल की है।

## शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उतीर्णता हासिल की

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के मान कुमारी बद्रीनारायण सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं के परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत सफल रहा। सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्तीर्णता हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य परशुराम ओझा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उर्फ बब्लू बाबू ने बताया कि पिछले दो-तीन वर्षों से लगातार इस विद्यालय द्वारा दसवीं की परीक्षा में सभी विद्यार्थी बेहतरीन परिणाम लाकर विद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं साथ ही साथ ग्राम जम्होर के लोग भी गौरवान्वित हैं कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय द्वारा जिस तरह की शिक्षा दी जा रही है वह आने वाले भविष्य में एक मील का पत्थर साबित होगा।

## मोहल्ला से बाजार घूमने आई एक छात्रा नही लौटी घर

शेरघाटी। शहर के एक मोहल्ला से बाजार घूमने आई एक छात्रा नही लौटी घर, उक्त घटना के बाद परिजनों ने थाना में आवेदन देते हुए शिकायत दर्ज करवाया है, छात्रा के परिजनों ने अपहरण के आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज किया पुलिस को बताया की वह घर से बाजार के लिए निकली थी,इसके बाद वह घर नही लौटी है,हालाकि काफी खोजबीन किया गया लेकिन कुछ उक्त मामले में परिजनों ने आशंका जताते हुए आनंद कुमार के खिलाफ आवदेन दिया जिसमें कहा गया है,की वह मेरी बेटी को आये दिन परेशान किया करता था,वही उक्त घटना के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया, उक्त मामले में थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही जल्द ही दोषी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जमीन विवाद में हुआ मारपीट मुकदमा दर्ज

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के कचौड़ी पंचायत के बहेरी टोला में जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में परिजनों ने शेरघाटी थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है, इस संबंध में जानकारी देते हुए थाने के पुलिस ने बताया कि बरती यादव ने अपने ही पड़ोसियों के साथ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है, दिए गए आवेदन में कहा गया है,कि मेरे खेत मे मेरे पडोसी के द्वारा कब्जा करने के लिए खेती किया जा रहा है।

## पूर्व जीप अध्यक्ष ने पथ निर्माण मंत्री के फ्लाई ओवर की घोषणा का ध्यान आकृष्ट कराया

औरंगाबाद। जिला परिषद औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री माननीय नितिन नवीन जी से औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र के निमार्णाधीन कलेक्ट्रेट से लेकर रमेश चौक तक फ्लाई ओवर की मांग के संबंध में एक बार फिर उन्हें याद दिलाते हुए पत्र प्रेषित किया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय सत्येंद्र नारायण सिंहा जी के प्रतिमा अनावरण के समय पहुंचे माननीय मंत्री को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया था माननीय मंत्री द्वारा समारोह के मंच से यह घोषणा की गई थी कि औरंगाबाद में फ्लाईओवर का निर्माण जल्द कराया जाएगा।उनकी घोषणा के बावजूद भी फ्लाईओवर के कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है।औरंगाबाद की जनता वर्षों से प्रतीक्षा में है कि कब उन्हें आए दिन होने वाले जाम से निजात मिल सके औरंगाबाद नगर परिषद क्षेत्र में घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है।खासकर लग्न त्यौहार के मौसम में विशेष कर जामा मस्जिद के पास तो प्रतिदिन जाम से जरूर मुलाकात हो जाती है। औरंगाबाद के जनता की ओर से मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं जितना जल्द हो सके कि फ्लाई ओवर बनवाने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करवाना चाहेंगे जिससे लोगों को प्रदूषण से मुक्ति भी मिले और जाम से निजात भी मिल सके।

## समागम परिवार ने कुलपति को सौंपा भारतीय संविधान

बोधगया। पूर्ववर्ती छात्र- युवा समागम के संस्थापक अध्यक्ष कृष्णा पटेल व सचिव डॉ रोहित कुमार ने जेपी छात्र आंदोलन के पूरे हुए 50 वर्ष के उपलक्ष्य में समागम द्वारा मनाई जा रही स्वर्णिम वर्ष पर आधारित मिशन हमारा अभियान.. हर घर भारतीय संविधान... के तहत आज मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसपी शाही, कुलसचिव प्रोफेसर विपिन कुमार, छात्र कल्याण के अधिष्ठाता सह हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रजेश राय, सीसिडीसी डॉ संजय कुमार तिवारी सहित अन्य को भारतीय संविधान की एक प्रति भेंट किया है साथ हीं साथ 5 जून 2025 को राजधानी पटना के विद्यापति भवन में आयोजित होने वाली जेपी छात्र आंदोलन के स्वर्णिम समारोहह्व में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया और उक्त अवसर पर प्रकाशित होने वाली वार्षिक पत्रिका छात्र विरासत में शुभकामना संदेश व छात्र - युवा कल्याणकारी विषय के संदर्भ में एक- एक आलेख प्रेषित करने का भी निवेदन किया है।

## भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में मनाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारत रत्न और मिस्टर क्लीन के नाम से चर्चित नव भारत के नवनिमार्ता देश के सबसे कम उम्र के युवा प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के सहादत दिवस के अवसर पर गया जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई है।

जिला अध्यक्ष संतोष कुमार कार्यकारी अध्यक्ष उदय मांझी एवं शहाबउद्दीन रहमानी के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम पटना में उपस्थित रहने के कारण गया जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह विधानसभा प्रत्याशी चंद्रिका प्रसाद यादव की अध्यक्षता में पुण्यतिथि का कार्यक्रम किया गया है अपने अध्यक्षीय भाषण में स्वर्गीय राजीव गांधी जी के विचारो और सीदांतो पर चर्चा करते हुये कहा की राजीव गाँधी के अधूरे सपनों को राहुल गाँधी जी के नेतृत्व मे कांग्रेस पार्टी राजीव गाँधी जी का सोच को पूरा करने का निर्णय लिया गया है।

इस शहादत समारोह के अवसर पर उपस्थित होने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठगण कमलेश चंद्रवंशी, रंजीत कश्यप, दामोदर गोस्वामी,रामाश्रय सिंह, संजय कुमार उर्फ नंदु चन्द्रवंशी, विकास यादव, शिवकुमार चौरसिया, शिवनाथ पासवान, राजीव कुमार उर्फ लबी सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, अधिवक्ता अब्दुल रकिब, राजकपूर गुप्ता, लालसा देवी, संजय कुमार,आयुब उद्दीन, रंजीत कुमार सिंह, कुमार ओंकार शक्ति, सैफूल इस्लाम, प्रदीप कुमार शर्मा,राम उदय प्रसाद, शौकत निशांत उर्फ नबाब अलि, नैना कुमारी,साहील गुप्ता, धर्म बीर सिंह, एवं अधिवक्ता सादुल्ला फारुकी जी उपस्थित हुये है !

# सेवाकालीन बकाया वेतन के लिए दर-दर भटक रहे हैं अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान सच्चिदानंद सिंहा महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह ने सेवानिवृत्ति के पश्चात सेवा काल में वेतन संबंधी संघर्षपूर्ण परेशानियों को प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि 5 जनवरी 1977 को मगध विश्वविद्यालय बोधगया के अंतर्गत दाउदनगर कॉलेज दाउदनगर में मुझे भूगोल विभाग के व्याख्याता के पद पर माननीय कुलाधिपति के परिनियम के आलोक नियुक्ति हुई ।मगध विश्वविद्यालय के पत्रांक 1205/जी/ 17-03-1983 के आलोक में मेरी सेवा को नियुक्ति के समय से ही स्थाईकरण किया गया। मगध विश्वविद्यालय के ज्ञापांक जी1/94/99/10-06-99 के आधार पर मेरी सेवा संपुष्टि दिनांक 5-1-77 ही है। 10 वर्षीय काल वृद्धि प्रोन्नति के अनुसार मेरी प्रोन्नति उपाचार्य के पद पर हो गया है। सरकार द्वारा मेरा वेतन निर्धारित हो गया है।सिंहा कालेज औरंगाबाद में भूगोल विभाग के सफल संचालन एवं अध्यापन के लिए सरकार द्वारा स्थाई शिक्षक के रूप में दाउदनगर महाविद्यालय से सिंहा कॉलेज औरंगाबाद में मगध विश्वविद्यालय के पत्रांक 1806/जी/28-10-91 द्वारा स्थानांतरण भी किया गया दिनांक 06/11/91 से सिंहा कॉलेज औरंगाबाद में योगदान करके सफलता पूर्वक भूगोल विभाग का संचालन करता रहा और मैं 2014 में सेवानिवृत हो गया हूं मेरे पढ़ने एवं लेखन शैली कार्यक्षमता,सादगी व्यवहार कर्तव्य निष्ठा एवं उद्बोधन क्षमता के संबंध में पूर्व प्राचार्य,जिला के विभिन्न संगठन,राज्य एवं भारतीय भूगोल कांग्रेस परिषद द्वारा अनेक बार मुझे सम्मानित भी किया गया है। पूर्व प्राचार्य के द्वारा 2002 से लेकर 2009 तक मुझे 80% वेतन प्राप्त होता रहा है।

पूर्व प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण मुझे सेवाकाल में पूर्ण वेतन कभी भी प्राप्त नहीं हुआ जबकि मेरा पूर्ण वेतन हमेशा विश्वविद्यालय के द्वारा कॉलेज को भेजा जाता था जिसका प्रमाण पूर्व प्राचार्य के पत्र से स्पष्ट होता है पूर्ण वेतन भुगतान के संबंध में हमेशा पूर्व प्राचार्य , विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित करता रहा हूं।पूर्ण वेतन भुगतान नहीं होने में लाचार होकर मुझे माननीय उच्च न्यायालय पटना जाना पड़ा।वेतन भुगतान के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय का भी आदेश दिनांक 25 जून 2019 को कॉलेज को प्राप्त हो गया है। जिसकी सूचना मैं वर्तमान प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा जी को दे चुका हूं वेतन भुगतान के संबंध में मैं वर्तमान प्राचार्य एवं लेखापाल मनोज कुमार सिंह को बार बार ध्यान भी आकृष्ट कराया लेकिन अभी तक मेरा पूर्ण वेतन भुगतान 9% सूद के साथ नहीं हुआ है मेरा वर्तमान उम्र 76 वर्ष हो गया है मैं एवं मेरी पत्नी हमेशा अस्वस्थ रहने के कारण मुझे चिकित्सा की आवश्यकता है। आर्थिक तंगी से मैं गुजर रहा हूं। प्रेस के माध्यम से मुझे न्याय दिलाया जाए।

## राजीव गांधी की 34 वीं शहादत दिवस पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी



गया ।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 21 मई 2025 को भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, मिस्टर क्लीन के नाम से विख्यात राजीव गांधी की 34 वीं शहादत दिवस पर गया के स्थानीय जय प्रकाश नारायण अस्पताल पिलग्रीम अस्पताल में पहलगाम हमले में शहीदों की स्मृति में गया जिला युवा कॉग्रेस के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। गया जिला कॉग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ गगन कुमार मिश्रा ने अपना, अपना रक्त दे कर किया, जिसके बाद दर्जनों युवा कॉग्रेस के नेताओ, कार्यकताओं ने रक्तदान किया।इस कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, गया जिला कॉग्रेस उपाध्यक्ष प्रिय रंजन डिम्पल, युवा कॉग्रेस महासचिव सूरज कुमार, मोहम्मद गालिब, शशांक सेठ, सुभीत राज, मुन्ना मांझी, मोहम्मद शमीम आदि ने कहा कि देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी युवाओ को 18 वर्ष में मताधिकार, हाइटेक, टेक्नोक्रैट, इंडिया, हर देशवासियों के हाथ में मोबाइल का राजीव गांधी का सपना आज साकार हो गया है। नेताओ ने कहा कि राजीव गांधी देश ही नहीं ब्लकि सम्पूर्ण विश्व से आतंकवाद की खात्मा की लड़ाई में अपने खून का एक_ एक कतरा बलिदान कर दिया है।

## सदर प्रखंड के सुमेरा गांव में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



अरवल। जिले के सदर प्रखंड के अंतर्गत परासी पंचायत के सुमेरा गांव में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने अपनी आकांक्षाओं और गांव की समस्याओं को रखा` गांव की महिलाओं ने कहा कि गांव में नल जल योजना के तहत नल तो लगा हुआ है, परन्तु नियमित पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है` इसलिए हम सभी महिलाओं ने नियमित पानी की उपलब्धता की मांग रखीं है` वहीं गर्मी में पानी का लेयर अधिक हो जाने के कारण चापाकल में नियमित पानी नहीं आ रहा है ` गांव की गलियों में पानी की नियमित निकासी के लिए नली निर्माण की बात रखीं` संवाद में स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता की भी मांग रखी गई है` इस मौके पर सुमेरा गांव कि महिलाएं ने सरकार के पूर्व से चल रही जीविका परियोजना, कन्या उत्थान योजना, प्रोत्साहन योजना , बालिका पोशाक योजना, बालिका साईकिल योजना की सराहना करते हुए कहा कि आज उनकी बहु और इन सभी योजनाओं से लाभ लेकर आज समाज में नाम रौशन कर रहीं हैं ।

संवाद कार्यक्रम में संचार प्रबंधक श्री अशोक कुमार ने भी महिलाओं को बिहार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दिया `इस संवाद कार्यक्रम में वीडियो फिल्म दिखाकर उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया` इस संवाद कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्री राजीव रंजन ने भी महिलाओं को अपनी अपनी आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त करने की अपील की` इस कार्यक्रम में सामुदायिक समन्वयक अमृता कुमारी सहित अन्य कई कर्मी भी उपस्थित रहें हैं` उल्लेखनीय है कि महिला संवाद बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा 18 अप्रैल से आयोजित की जा रही, जिसमें महिलाओं से उनकी आकांक्षाओं को लिया जा रहा है ताकि उसका निराकरण जिला और राज्य स्तर पर किया जा सके और सरकार के नीति निर्माण में शामिल किया जा सके ।

# उप मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विकास योजनाओं का वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा किया गया समीक्षात्मक बैठक

प्रातः किरण संवाददाता




जमुई । उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान विकास योजनाओं का ऐलान किया था , उन सभी घोषणाओं की प्रगति/स्थिति के बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई ' उक्त समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर अवस्थित सभा कक्ष में अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता ने भाग लिया '

मुख्य सचिव बिहार ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान जमुई में जिन 11 बड़ी विकास योजनाओं का ऐलान किया था उन सभी घोषणाओं के स्वीकृति के उपरांत वर्षों से लंबित बरनार जलाशय योजना , डिग्री कॉलेज , गढ़ी डैम पर इको टूरिज्म का विकास, पुल, स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं शूटिंग रेंज का निर्माण आदि हितकारी योजनाएं की अद्यतन स्थिति का फीडबैक लिए तथा कई आवश्यक निर्देश के साथ 15 दिनों के भीतर कार्य पूरा करने को कहा ' उन्होंने सभी विभागों से कितने स्कीम का शिलान्यास किया जा सकता है, का प्रतिवेदन की मांग की ' ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी महोदया ने ग्रामीण कार्य विभाग झाझा के कार्यपालक अभियंता से स्थापना से पहले फिजिकल सत्यापन की मांग की तथा वस्तु स्थिति जानकारी के संबंध में प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा गया ' उन्होंने कहा कि समय का अभाव है, छोटे-छोटे ईशु नहीं होनी चाहिए ' चार्ट तैयार करें ।

जिलाधिकारी महोदया ने अगली समीक्षा बैठक में भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि भवन निर्माण निगम द्वारा कराए गये कार्य का प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ' वहीं शूटिंग रेंज से संबंधित कार्यों पर जिला खेल पदाधिकारी निर्देशित किया गया कि कार्यों में किसी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ' अपने स्तर से प्रत्येक दिन प्रगति की निरंतर जांच करना सुनिश्चित करें ।

समीक्षा उपरांत जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि वर्षों से लंबित बहुप्रतीक्षित और बहुउद्देशीय बरनार जलाशय योजना के निर्माण से सोनो , झाझा , गिद्धौर और खैरा प्रखंड के कई हजार हेक्टेयर से ज्यादा की भूमि का पटवन संभव हो सकेगा। उन्होंने इसी संदर्भ में उन्होंने निर्मित हो रहे चकाई में डिग्री कॉलेज की स्थापना से स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वहीं अपर किऊल जलाशय योजना विस्तारीकरण और नहरों का पक्कीकरण की प्रगति को लेकर कहा कि इसके निर्माण से जमुई , खैरा और सिकंदरा प्रखंड के कइयों हजार हेक्टेयर से ज्यादा भूमि को आसानी से सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जिसके लिए सम्बंधित पदाधिकारी को निदेशित किया ' गढ़ी डैम का इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से विकास को लेकर कार्यों की प्रगति को लेकर कहा कि इसके जल्द से जल्द निर्माण हो जाने के बाद पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे ' वहीं गढ़ी से लछुआड़ जाने वाली सड़क पर किऊल नदी पर नया पुल बनाये जाने को लेकर कार्यपालक अभियंता को कार्यों कि समीक्षा के दरमियान आवश्यक निदेश दिए गये ' उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से लछुआड़ जाने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। खेल को बढ़ावा देने के लिए गिद्धौर स्टेडियम का पुनर्निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त की ' स्टेडियम के निर्माण से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जिसके लिए आवश्यक निदेश दिये ।

जमुई प्रखंड मुख्यालय से सटे पत्नेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित एवं सौंदयीर्कृत किये जाने को लेकर कराए जा रहे कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। इसके नवनिर्माण से पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर अर्थव्यवस्था का विकास होगा। हरनारायणपुर-चौरा पथ से सिकेरिया गांव तक सड़क और पुल बनाये जाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये ' इस सड़क और पुल के निर्माण से बीजुआही , पहाड़पुर , रतनपुर , कुंधुर , गुगुलडीह , गेनाडीह , बनाडीह आदि गांवों की आधी आबादी लाभांवित होगी।

# आपकी सोंच से ही आपकी पहचान बनती है, जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच आवश्यक :कर्नल संजीव सिरोही

प्रातः किरण संवाददाता




पटना : गोपाल विद्यार्थी वन बिहार बटालियन,एनसीसी पटना के द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिवर तृतीय को बुधवार को कैंप कमांडेंट कर्नल संजीव ने संबोधित किया मौके पर उन्होंने कैडेट्स को कहा कि आपकी सोच आपकी पहचान बनाती है अगर आप खुद पर भरोसा करेंगे, तो कोई भी बाधा आपको रोक नहीं सकती। अपने सपनों पर विश्वास करें और उन्हें पाने के लिए दृढ़ रहें। पॉजिटिव थिंकिंग का महत्व कभी कम नहीं किया जा सकता। आप जो सोचते हैं, वही बनते हैं। इसलिए अपने विचारों को सकारात्मक रखें । इस प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया। कैडेट्स को कैंप कमांडेंट कर्नल संजीव सिरोही शौर्य चक्र के द्वारा उत्साह के साथ हर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उत्साहित किया गया ।इस शिविर में थल सैनिक कैंप इंटर डायरेक्टेट स्पोर्ट शूटिंग कैंप ,युथ एक्सचेंज प्रोग्राम एवं बेस्ट ककैडेट्स प्रतियोगिता में चयन प्रक्रिया एवं उससे होने वाले लाभ पर विस्तार पूर्वक बताया गया। कैंप कमांडेंट के द्वारा पूरे कैंप को निरीक्षण किया गया एवं कैडेट्स को खान-पान, रहन-सहन सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया गया। ताकि कैडेट्स अच्छे वातावरण में कैंप के प्रशिक्षण का लाभ उठा सके। कर्नल अतुल कुमार सिंह, सेना मेडल एडम ऑफिसर, वन बिहार बटालियन के द्वारा मोटिवेशनल लेक्चर बहुत ही प्रभावित तरीके से दिया गया । 10 एयरमैन, एयरफोर्स बिहटा के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा भारतीय एयरफोर्स में चयन होने की प्रक्रिया एवं उससे संबंधित सम्यक जानकारी दिया गया ।जिससे कैडेट्स काफी उत्साहित दिखे। महिला कैडेट्स को दीक्षा फाऊंडेशन के द्वारा महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य की विशेष जानकारी एवं सतर्कता बरतने हेतु व्याख्यान दिया गया। शिविर में ड्रिल वेपन प्रशिक्षण फायरिंग और सभी तरह की प्रतियोगिता का भी शुरूआत आज से आरंभ हो गया। एनसीसी पदाधिकारी डॉ अरुण दयाल ,गणित विभाग जमुनी लाल महाविद्यालय, हाजीपुर ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा जोखिम है, कभी भी अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश न करना । हर कठिनाई एक अवसर है, जो हमें और मजबूत और सशक्त बनाती है। सपनों को हकीकत में बदलने के लिए, सबसे पहले अपने आत्म-विश्वास को मजबूत बनाना होता है। आपकी सबसे बड़ी शक्ति आपकी आत्म-प्रेरणा है, यही आपको हर मुश्किल को पार करने में मदद करती है।

# बिहार के 534 प्रखंडों में से 252 प्रखंडों में आउटडोर स्टेडियम बनकर तैयार

प्रातः किरण संवाददाता




पटना :- गोपाल विद्यार्थी । खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बुधवार को राज्य के सभी जिला खेल पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस बैठक में राज्य में खेल अवसंरचाओं के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार की दिशा में किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। अब तक की प्रगति की बात करें तो बिहार के 534 प्रखंड में से 252 में आउटडोर स्टेडियम पूरी तरह तैयार हैं और उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। 122 प्रखंड में स्टेडियम निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जबकि 160 ब्लॉकों में यह कार्य प्रगति पर है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन प्रखंड में स्टेडियम तैयार हो चुके हैं, वहां नागरिकों और स्कूल के छात्रों द्वारा इनका सक्रिय उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि खेल संस्कृति का विस्तार हो सके।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर आउटडोर स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को खेल के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। बैठक में जिला खेल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक सप्ताह अपने-अपने क्षेत्रों के ब्लॉकों का दौरा करें और स्टेडियम निर्माण कार्य की प्रगति की स्वयं निगरानी करें। इसके साथ ही, उन्हें स्थानीय नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और स्कूलों के साथ संवाद स्थापित कर आउटडोर स्टेडियम के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया। अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि स्टेडियम केवल निर्माण तक सीमित न रहें, बल्कि वहां छात्र और स्थानीय निवासी नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लें। बैठक में कटिहार, पूर्णिया और बक्सर के जिला खेल पदाधिकारियों की स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों के सफल संचालन और सक्रिय भूमिका के लिए अपर मुख्य सचिव ने विशेष रूप से सराहना की। अन्य जिलों के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे राज्य में खेल अधोसंरचना के विकास और खेल गतिविधियों के विस्तार के लिए पूरी तत्परता और सक्रियता से कार्य करें। खेल विभाग, बिहार सरकार राज्य के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में भारत की विजय के लिए शतचंडी यज्ञ का शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



पटना।फोंडा, गोवा (सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेनगरी) - कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात भारत द्वारा दिया गया कठोर प्रत्युत्तर भले ही औपचारिक युद्धविराम में परिणत हुआ हो, परंतु पाकिस्तान द्वारा छद्म युद्ध और कूटनीतिक शरारतें अब भी जारी हैं। ऐसी परिस्थितियों में भारत की विजय सुनिश्चित हो और धरती पर एकमात्र सनातन राष्ट्र भारत की रक्षा हो, इस उद्देश्य से सनातन संस्था की ओर से फोंडा, गोवा के फमार्गुड़ी क्षेत्र में स्थित ह्यसनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव के पावन स्थल पर 20 से 22 मई 2025 तक त्रिदिवसीय शतचंडी यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ है ।

इस यज्ञ के यजमान के रूप में श्रद्धेय सद्गुरु श्री नीलेश सिंगबाळ और सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले की आध्यात्मिक उत्तराधिकारी श्रीसत्शक्ति (सौ.) बिंदा नीलेश सिंगबाळ, तथा सद्गुरु डॉ. मुकुल गाडगीळ एवं सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवले की ही आध्यात्मिक उत्तराधिकारी श्रीचित्शक्ति (सौ.) अंजली मुकुल गाडगीळ इस यज्ञ में सहभागी बनी हैं।

यज्ञ की शुरूआत श्रीगणेश पूजन, पुण्याहवाचन, मातृका पूजन, नांदी श्राद्ध तथा वास्तु मंडल देवताओं के आह्वान, पूजन और बलिदान जैसे विधियों द्वारा की गई। तत्पश्चात प्रधान देवताओं के आह्वान और पूजन के उपरांत पंचाक्षरी होम की दिव्य प्रक्रिया संपन्न हुई।

यह शतचंडी यज्ञ शिवागम विद्यानिधि आगमाचार्य श्री अरुणकुमार गुरुमूर्ति और गुरुमूर्ति शिवाचार्य के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। यज्ञ में सम्मिलित पुरोहितों ने बताया कि समस्त देवताओं की शक्ति, तेज और कृपा चंडी रूप में समाहित होती है। इसी कारण चंडी देवी को ह्यमहिषासुरमर्दिनी कहा गया है। अष्टभुजा महालक्ष्मी भी उनका एक रूप है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शक्तियों का समवेत रूप ही श्री चंडीदेवी हैं। अतः चंडी यज्ञ में सभी पूजाओं की पूर्णता अंतर्निहित है।

## पुष्कर कुमार सिंह उर्फ गमन बने कार्यकारी अध्यक्ष, मनोनयन पर दी गई बधाई

सहरसा। जिला कांग्रेस कमिटी, सहरसा के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के वरीय नेता पुष्कर कुमार सिंह उर्फ गमन जी को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। कांग्रेस के सभी नेताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई और हार्दिक शुभकामना दिया है जिनमें जिला कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. तारानंद सादा समेत वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, बद्री प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि मो. मजनू हैदर कैश, डॉ. अबूल फरह शाजली, शोभा कांत झा, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष प्रो. इम्तियाज अंजुम, मो. अख्तर सिद्दीकी, कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, नगर, राम कुमार पासवान, गौरी शंकर सिंह, बैधनाथ झा आदि शामिल हैं।

## अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति टोला विशेष विकास शिविर का किया गया आयोजन

नयानगर (मधेपुरा)। भीमराव अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नयानगर पंचायत के सिंगारपुर पंचायत भवन में अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति टोला विशेष विकास शिविर लगाया गया। शिविर का उद्देश्य इन वर्गों के वंचित लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। साथ ही जो लोग पहले छूट गये थे, उन्हें मौके पर लाभ देना है। इस शिविर की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि रुपेश झा की अध्यक्षता में की गई। वहीं इस शिविर की देखरेख नोडल पदाधिकारी दीपेश कुमार ने कर रहे थे। मालूम हो कि यह शिविर बुधवार और शनिवार को आयोजित की जाती है। शिविर से पहले संबंधित विभागों आनलाइन और आफलाइन आवेदन लेने और उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। इस शिविर में कुल 22 योजनाओं के लिए काउंटर लगाने का प्रावधान है। जिसमें राशनकार्ड, उज्ज्वला योजना, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड जैसी कुल 22 योजनाएं शामिल हैं। हालांकि इस शिविर में कुल 22 तरह के योजनाएं शामिल हैं। लेकिन धरातल पर कुल 10 से 12 तरह के योजनाओं के लिए कर्मी नजर आएं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितना लापरवाही बरती जा रही है। वहीं लोगों का कहना है कि शिविर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। यह सब सिर्फ पदाधिकारी कि लापरवाही दशार्ती है। मौके पर कार्यपालक सहायक खुशबू कुमारी, पंचायत सचिव मुरारी कुमार, आवास सहायक संतोष कुमार, रोजगार सेवक संतोष कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक सुनील कुमार, पंकज कुमार, वार्ड सदस्य अरविंद मंडल, नरेश दास, सच्चितानंद शर्मा, गणेशी शाह, साधू दास, दुलारचंद शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## घघा घाट पर मिला युवा का शव, डूबने से मौत की संभावना

पटना सिटी (प्राकि)। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने घघा घाट के गंगा पथ से शव होने की सूचना पर पहुंची। शव पाया संख्या 81-82 के बीच था। मृतक की पहचान अररिया के रहने वाले सैकुर रहमान के 19 वर्षीय पुत्र सबा करीम के रूप में की गई है। प्रथम दृष्टया उसके गंगा में स्नान के दौरान डूब कर मौत होना लगता है। सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि दो दिन पहले एनआइटी घाट पर किसी के डूबने की घटना हुई थी। शव बहते हुए घघा घाट पर पहुंचा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## ठकराहां प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीनगर में 24 मई को विशेष विकास शिविर का होगा आयोजन

बेतिया। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा जिले के सुदूर क्षेत्रों में निवास करने वाले व्यक्तियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। प्रयास यह किया जा रहा है कि सुदूर से सुदूर क्षेत्र को कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहें, सभी पात्र एवं योग्य व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित कर दिया जाय।

जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में जिलास्तरीय पदाधिकारियों की टीम ऐसे क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर वहां की समस्याओं को जानने का प्रयास कर रही है और उसके निराकरण की दिशा में बेहद ही ठोस कार्रवाई भी कर रही है। बगहा-01 प्रखंड का घोटवा टोला इसका बेजोड़ उदाहरण है।

# जर्नलिस्ट के विक्रम राव को राज्यपाल ने दिया श्रद्धांजलि

## आईपीएस अधिकारी चयनित होने के बावजूद, उन्होंने पत्रकारिता को महत्व दिया:आरिफ मोहम्मद

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधान परिषद के सभागार में वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन का वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष के विक्रम राव जी को अर्पित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय के विक्रम राव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि आईपीएस अधिकारी चयनित होने के बावजूद, उन्होंने पत्रकारिता को महत्व दिया। उन्होंने पत्रकारिता को प्राथमिकता दी, और पत्रकारों और पत्रकारिता के हितों में निरंतर संघर्ष करते रहे। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया। वह एक योद्धा पत्रकार थे। उनके द्वारा किए हुए कार्य न सिर्फ पत्रकारिता के क्षेत्र में बल्कि अन्य क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी निरंतर प्रेरित करते रहेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि के विक्रम राव जी के साथ उनकी पहली मुलाकात दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में उसे वक्त हुई थी जब वह एक प्रशिक्षु वकील के तौर पर वहां काम कर रहे थे। आपातकाल के दौरान बड़ौदा डायनामाइट केस में जॉर्ज फर्नांडिस के साथ उनको अभियुक्त बनाया गया था। कोर्ट में सुनवाई के दौरान कम उम्र होने के बावजूद भी मेरे मुंह से कुछ निकला और सीजेएम के प्रोत्साहन के बाद राव साहब की नजर भी मुझ पर पड़ी। बाद के दिनों में लखनऊ में उनसे मुलाकात हुई और उनको करीब से जानने का अवसर मिला। हमारे संबंध धीरे-धीरे प्रगाढ़ होते गए। आजीवन निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से पत्रकारिता करते रहे। उनके निधन की खबर मिलने पर उनके अंत्येष्टि में भी मैं शामिल हुआ। उनके कलम आजीवन चलती रहे। उनके बारे में कहा जा सकता है कि जमाना बड़े शौक से सुन रहा था तुम्ही सो गए दास्तान कहते-कहते।

गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार एवं ह्यइंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव ने 12 मई की सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में आखिरी सांस ली। सांस संबंधी तकलीफ के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान ही उनका निधन हो गया था।

डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय थे। उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा। उनके पिताजी के. रामाराव भी देश के जाने-माने पत्रकार थे और बेटे के. विश्वदेव राव भी पत्रकार हैं।

इस अवसर पर एमएलसी प्रोफेसर रणवीर नंदन मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं भी पटना हाई स्कूल का छात्र था। पटना के इस स्कूल में स्व राव भी छात्र थे। बाद के दिनों में लखनऊ विश्वविद्यालय से उन्होंने मास्टर किया और एक पत्रकार के तौर पर उन्होंने कई देशों का दौरा किया। वास्तव में पत्रकारों के हक की लड़ाई नहीं लड़ते थे बल्कि उनके प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान देते थे यही वजह है कि उन्हें कई पत्रकारों को प्रशिक्षण के लिए विदेश में भी भेजा।

# कैंडेरे ने शाहरुख खान को नियुक्त किया ब्रांड एंबेसडर

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। कल्याण हाउस के लाइफस्टाइल ज्वेलरी ब्रांड कैंडेरे ने बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है, जो इसकी राष्ट्रीय विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह साझेदारी नए ग्राहक वर्ग के लिए आभूषणों को फिर से परिभाषित करने के लिए कैंडेरे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अपनी वैश्विक अपील और कालातीत आकर्षण के साथ शाहरुख खान कैंडेरे के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। विभिन्न आयु समूहों के भारतीय दर्शकों के साथ अपने गहरे जुड़ाव के लिए जाने जाने वाले खान को ब्रांड के मल्टीमीडिया अभियानों में दिखाया जाएगा, जो डिजिटल, टेलीविजन, प्रिंट और इन-स्टोर अनुभवों में फैले हुए हैं।

कैंडेरे के निदेशक रमेश कल्याणरमन ने कहा कि भारतीय आभूषण उद्योग स्पष्ट रूप से विभाजन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें उपभोक्ता तेजी से ऐसे आभूषणों की तलाश कर रहे है, जो उनके व्यक्तित्व को दशार्ते हों, उनकी जीवनशैली से मेल खाते हों और विशिष्ट अवसरों के अनुकूल हों। वहीं ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान ने कहा कि मैं कल्याण ज्वैलर्स के ब्रांड कैंडेरे के साथ साझेदारी करके उत्साहित हूं, जो आज लोगों के आभूषण पहनने और उपहार देने के तरीके पर एक आधुनिक और ताजा दृष्टिकोण प्रदान करता है।

# महिला संवाद कार्यक्रम से महिलाओं का बढ़ा है आत्मविश्वास

प्रातः किरण संवाददाता

जमुई । महिला संवाद कार्यक्रम ने जिले की ग्रामीण महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने अधिकारों की बात करने का एक बहुउद्देशीय मंच प्रदान किया है यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं की आवाज को एक नई पहचान देने वाला सशक्त माध्यम बन चुका है।

एक समय था जब महिलाओं को अपने घर से निकलने की आजादी नहीं थी आज वही महिलाएं हाँथ में माइक थामे, बेझिझक व निडर होकर अपने अधिकार और समाज के विकास की बातें कर रही हैं संवाद कार्यक्रम में बिहार सरकार की कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी मिलने से, आज वही महिलाएं आत्मविश्वास से भरी हुई उत्साह के साथ योजनाओं को लेकर सवाल भी कर रही हैं अपने समाज, गाँव-टोलों की समस्यों पर खुलकर बात करते हुए सुझाव भी दे रही हैं कार्यक्रम में महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व स्वालंबन की बाते कर रही हैं महिलाओं की मुखर हो रही आवाज से गाँव-गाँव में बदलाव की लहर देखने को मिल रही हैउल्लेखनीय है की 18 अप्रैल से राज्य के सभी जिले में महिला संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने एवं उनकी आकांक्षाओं को जानने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जमुई जिले में यह कार्यक्रम 15 जून चलेगो जीविका ग्राम संगठन के माध्यम से दो पालियों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए महिला संवाद रथ के माध्यम से 45 मिनट का वीडियो फिल्म दिखाया जा रहा है कार्यक्रम स्थल पर सेल्फी पॉइंट्स, स्टैंडी एवं महिला सशक्तिकरण से सम्बंधित योजनाओं से संकलित लीफलेट्स एवं मुख्यमंत्री संदेश पत्र का वितरण किया जा रहा है। प्रतिदिन 22 गाँव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, जिसमें प्रत्यके स्थलों पर 200 से 300 महिलाएं शामिल हुई।

## एसआईएस ने अपने बेहतर कर रहे कर्मचारियों को किया सम्मानित

पटना ;- गोपाल विद्यार्थी देश की अग्रणी निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस लिमिटेड ने बुधवार को जिले के फ्रेजर रोड निशांत रिजेंसी स्थित प्रशासनिक कार्यालय में 10 वर्ष एवं उससे अधिक समय से सेवा प्रदान करने वाले ऐसे छः पदाधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया मौके पर राम प्रवेश प्रसाद (सेवा अवधि 35 वर्ष), शिशिर कुमार मिश्रा (सेवा अवधि 20 वर्ष), रेखा कुमारी सिन्हा (सेवा अवधि 20 वर्ष), सिल्विया रुंगटा (सेवा अवधि 15 वर्ष), सुबोध कुमार सिंह (सेवा अवधि 15वर्ष) एवं राजीव रंजन (सेवा अवधि 10 वर्ष) को कंपनी के महाप्रबंधक नीरज कुमार वर्मा (मानव संसाधन विकास विभाग) के द्वारा सर्टिफिकेट एवं संस्थान का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कंपनी के महाप्रबंधक नीरज कुमार वर्मा ने सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थान के समुह संस्थापक अध्यक्ष रवीन्द्र किशोर सिन्हा की प्रेरणा और सोच का परिणाम है की आज एसआईएस एशिया महादेश की अग्रणी निजी सुरक्षा एजेंसी है, जिसमे उनके कर्मठ एवं ईमानदार कर्मचारियों और पदाधिकारियों की भूमिका अहम् है मौके पर विकाश रंजन (सहायक महाप्रबंधक), प्रमोद कुमार वर्मा (वरीय प्रबंधक), नीरज श्रीवास्तव (प्रबंधक), अतिकांक्षा (प्रबंधक), सतीश कुमार श्रीवास्तव (जनसंपर्क अधिकारी), मधुरेंद्र कुमार सिन्हा (सहायक प्रबंधक), प्रियंका हंडे एवं अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे

## कांग्रेस की पाकपरस्ती देश वासियों को स्वीकार नहीं : संतोष सुमन

पटना :- गोपाल विद्यार्थी हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए कांग्रेस की पाकपरस्ती देश को स्वीकार नहीं है।

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे या फिर राहुल गांधी के सवाल दरअसल सरकार का नहीं देश का विरोध है। किसी भारतीय का इस तरह की हरकत को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। श्री सुमन ने कहा कि हमारे कितने एयरक्राफ्ट तबाह हुए जैसे राहुल गांधी के सवाल हो, या राफेल को लेकर कांग्रेस के यूपी अध्यक्ष का मजाक या कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ भारत की कार्रवाई का विरोध एक तरह से देश और सेना का अपमान है। इन कांग्रेस नेताओं के भारत विरोधी बयानों को जहां पाकिस्तानी मीडिया अपना हेडलाइन बना रहा है, वही वहां की सरकार भारत के खिलाफ नैरेटिव गढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि शशि थरूर और सलमान खुर्शीद के बाद अब पी. चिदंबरम ने भी राहुल गांधी के बचकाने और जिद भरे सवालों और आरोपों से अपनी दूरी बना ली है, जो उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के सूझबूझ भरे बयान को लेकर लगाए थे ।चिदंबरम ने साफ कहा कि विदेश मंत्रालय की ओर से स्पष्टीकरण आ चुका है, इसलिए इस विषय पर वह कोई और टिप्पणी नहीं करेंगे। श्री सुमन ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस जिस शर्मिंदगी का सामना कर रहे हैं, वह पूरी तरह से उनके खुद की बयानबाजी और हठधर्मिता का परिणाम है। मोदी के विरोध के लिए अपनाएं जा रहे यह तरीका कांग्रेस को गर्त में पंहुचा रहा है।

## अधिवक्ता के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई

दरभंगा। युवा अधिवक्ता मनोज कुमार के आकस्मिक निधन से शोकाकुल हुआ दरभंगा बार एसोसिएशन। बहेड़ी पंचायत के पूर्व सरपंच महेश महतो के पुत्र अधिवक्ता मनोज कुमार का निधन हृदयाघात से हो गई ।इनके निधन की सुचना पर बुधवार को वकालतखाना भवन के सेंट्रल हॉल में बार एसोसिएशन का अध्यक्ष चन्द्रधर मल्लिक की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई ।वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की ।महासचिव कृष्णकुमार मिश्रा ने मृत अधिवक्ता के सम्मान में किसी प्रकार का न्यायिक कार्य नहीं किये जाने की घोषणा की तथा इस निर्णय की सुचना सभी न्यायालयों को भेज दिया ।मौके पर अधिवक्ता अरुण कुमार चौधरी, अनिता आनन्द,अनिल प्रसाद ,मुरारीलाल केवट,अमर प्रकाश,ललन कुमार, आलोक आनंद, संतोष कुमार सिंहा, रामवृक्ष सहनी समेत दर्जनों वकीलों ने शोकोद्गार व्यक्त किया।

# ‘धोनी के बिना भी टीम मजबूत बन सकती है’

## पूर्व क्रिकेटर्स ने किया सीएसके की योजनाओं का ‘पोस्टमार्टम’



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का आईपीएल 2025 में अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। हाल ही में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मिली हार ने उनकी कमजोरियों को और अधिक उजागर कर दिया है। इस हार के बाद क्रिकेट विशेषज्ञों ने सीएसके की रणनीति, खिलाड़ियों के चयन और भविष्य की दिशा पर सवाल उठाए हैं। विशेष रूप से, टीम के दिग्गज कप्तान एमएस धोनी के भविष्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है, जिनका अनुभव और नेतृत्व हमेशा सीएसके की ताकत रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि अब समय आ गया है कि फ्रेंचाइजी भविष्य की ओर कदम बढ़ाए। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के एक शो में पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा और संजय बांगर ने सीएसके को लेकर अपने विचार साझा किए। आकाश चोपड़ा ने सुझाव दिया कि सीएसके को अपनी टीम में बड़े बदलाव करने की जरूरत है और कई प्रमुख खिलाड़ियों को रिलीज करना चाहिए। इनमें रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, डेवोन कॉन्वे, विजय शंकर, दीपक हुड्डा और राहुल त्रिपाठी जैसे नाम शामिल हैं।

**आकाश चोपड़ा के सुझाव** – आकाश चोपड़ा ने कहा कि सीएसके को अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप में सुधार की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि डेवाल्ड ब्रेविस को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करानी चाहिए, क्योंकि मौजूदा टॉप ऑर्डर, जिसमें डेवोन कॉनवे, आयुष म्हात्रे और उर्विल पटेल शामिल हैं, स्थायी समाधान नहीं है। चोपड़ा ने जोर देकर कहा कि टीम को एक आक्रामक टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज और एक मजबूत फिनिशर की जरूरत है, जो ब्रेविस के साथ मिलकर बल्लेबाजी को मजबूती दे सके। गेंदबाजी में उन्होंने नूर अहमद और मथीषा पथिराना जैसे खिलाड़ियों को अपने साथ रखने की बात कही। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर ब्रेविस मध्य क्रम में खेलते हैं, तो टॉप ऑर्डर में एक विस्फोटक बल्लेबाज की जरूरत होगी।

**संजय बांगर का धोनी पर बयान** – संजय बांगर ने एमएस धोनी के भविष्य पर खुलकर अपनी राय दी। उन्होंने कहा कि 43 साल की उम्र में इतने प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में खेलना बेहद चुनौतीपूर्ण है। बांगर ने कहा कि अगर मैं धोनी की जगह होता तो मैं कहता कि अब बहुत हो चुका। मैंने वह सब कुछ हासिल कर लिया, जो मैं चाहता था। मैंने फ्रैंचाइजी के हितों का ध्यान रखा, लेकिन अब समय है आगे बढ़ने का। बांगर का मानना है कि धोनी की मौजूदगी से टीम का ट्रांजिशन धीमा हो सकता है। उन्होंने कहा कि धोनी के बिना भी सीएसके एक या दो साल में खुद को मजबूत कर सकती है।

### रणनीति पर सवाल

बांगर ने सीएसके की बल्लेबाजी रणनीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर टॉप ऑर्डर में आक्रामक बल्लेबाज हों और मध्य क्रम में डेवाल्ड ब्रेविस और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी हों, तो क्या रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी की जरूरत है जो पारी को संभालने का काम करते हैं? बांगर ने सुझाव दिया कि सीएसके को अगले सीजन से पहले अपनी रणनीति में बड़े निर्णय लेने होंगे।

### सीएसके के लिए नई शुरुआत

विशेषज्ञों का मानना है कि आईपीएल 2025 सीएसके के लिए एक नई शुरुआत हो सकता है। टीम को युवा और आक्रामक खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहिए। टॉप ऑर्डर में एक विस्फोटक बल्लेबाज और मध्य क्रम में एक फिनिशर की जरूरत है। गेंदबाजी में नूर अहमद और मथीषा पथिराना जैसे खिलाड़ियों को बनाए रखते हुए, बल्लेबाजी में बदलाव पर जोर देना होगा।

## शिखर धवन ने गुरुग्राम में खरीदा लग्जरी फ्लैट, कीमत है करोड़ों में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन ने गुरुग्राम में 69 करोड़ रुपए में एक लग्जरी फ्लैट खरीदा है। यह फ्लैट गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर अत्यधिक भव्य परियोजना ‘द डहलियाज’ में है। इस अपार्टमेंट का साइज 6,040 वर्ग फुट है। रियल एस्टेट क्षेत्र में आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म सीआरई मैट्रिक्स के मुताबिक पंजीकृत समझौता चार फरवरी, 2025 को हुआ था। धवन ने गुइस संपत्ति का मूल्य 65.61 करोड़ रुपए है। स्टाम्प शुल्क 3.28 करोड़ रुपये है, जिससे कुल कीमत लगभग 69 करोड़ रुपए हो जाती है। पिछले साल अगस्त में हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुए ‘द डहलियास’ परियोजना में 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस हैं। सीआरई मैट्रिक्स के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार यहां प्रति स्क्वायर फीट अपार्टमेंट की कीमत 1,14,068 रुपए है। भारतीय क्रिकेट में ‘गब्बर’ नाम से के मशहूर शिखर धवन ने अगस्त 2024 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैच के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और भारत के लिए उनका अंतिम मैच भी 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ 50 ओवर का खेल था। अपने करियर के दौरान, धवन ने भारत के लिए 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 मैच खेले।

## मलेशिया मास्टर्स 2025, दो बार की चैंपियन सिंधु बाहर

### ● वियतनाम की गुयेन ने हराया; प्रणय, करुणाकरण अगले दौर में पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रणय ने जापान के केंटा निशिमोटो को 19-21 21-17 21-16 से हराया। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स 2025 से बाहर हो गई हैं। वहीं, एचएस प्रणय और सतीश करुणाकरण ने शानदार जीत दर्ज करते हुए मेंस सिंगल्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले जा रहे टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीय शटलर प्रणय ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो को एक घंटे 22 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21 21-17 21-16 से हराया।



**सिंधु का खराब फॉर्म जारी** – करुणाकरण ने चीनी ताइपे के तीसरी सीड चोउ टिएन चेन को सिर्फ 39 मिनट में 21-13 21-14 से हराकर उलटफेर किया। भारत के मेंस शटलरों के लिए यह अच्छा दिन रहा क्योंकि आयुष शेट्टी भी कनाडा के ब्रायन यांग को 20-22, 21-10, 21-8 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। लेकिन, सिंधु का खराब फॉर्म जारी रहा और वह सुपर 500 टूर्नामेंट की शुरुआती बाधा को पार करने में विफल रहीं और वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से 11-21, 21-14, 15-21 से हार गईं। गुयेन थुई लिन्ह ने सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराया।

## हर पांचवीं गेंद पर छक्का, 200+ का स्ट्राइक रेट...

### ● वैभव सूर्यवंशी ने 7 मैचों में वो कर दिखाया, जो कई सूरमा ना कर सके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 20 मई को जब वो राजस्थान रॉयल्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ उतरे तो यह उनका इस सीजन का आखिरी मुकाबला रहा. वहीं राजस्थान रॉयल्स का भी इस सीजन का आखिरी मैच रहा. वैभव कुल मिलाकर इस सीजन में तब खेलने उतरे जब राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन इंजर्ड थे, उन्होंने सीजन में 7 मुकाबले खेले, लेकिन इन 7 मैचों में उन्होंने जो करिश्मा करके दिखाया वो कई बड़े दिग्गज भी नहीं कर सके हैं. उनके कीर्तिमानों की बात करेंगे लेकिन पहले जान लेते हैं 14 साल के वैभव ने चेन्नई के आखिरी मुकाबले में क्या किया? वैभव ने इस मुकाबले में महज 33 गेंदों पर 57 रनों की जोरदार और असरदार पारी खेली. इसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल रहे, उनका स्ट्राइक रेट 172.72 का रहा. इस तरह आईपीएल आईपीएल 2025 के मैच नंबर 62 में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से मात दी. इस जीत के साथ ऋने सीजन में चार जीत हासिल की, जबकि सीएसके को 13 मैचों में 10वीं हार का सामना करना पड़ी.

**वैभव का आईपीएल 2025 में प्रदर्शन** – अब आपको बता देते हैं वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल 2025 के डेब्यू सीजन के बारे में...वैभव ने आईपीएल 2025 में कुल 7 मैच खेले. जहां 252 रन बनाए. इस दौरान उनका बल्लेबाजी का एवरेज 36 का दर्ज किया गया ।

# जिम्बाब्वे 22 साल बाद टेस्ट वापसी के लिए तैयार

## इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में होगा एकमात्र मैच



**नॉटिंघम, एजेंसी।** जिम्बाब्वे 22 साल के लंबे अंतराल के बाद इंग्लैंड पर टेस्ट मैच खेलेगा। वह 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में बेन स्टोक्स की टीम से एकमात्र मैच खेलेगा। इंग्लैंड नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत फ्रंट फुट पर करना चाहेगा, जबकि जिम्बाब्वे हाल ही में बांग्लादेश में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जीत के साथ इंग्लैंड में वापसी का जश्न मनाने की उम्मीद करेगा।

जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2003 में टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। इससे पहले दोनों टीमें सन् 2000 (इंग्लैंड ने 1-0 से जीत हासिल की) और 1996-97 में रेड-बॉल फॉर्मेट में भिड़े थे, जहां सीरीज ड्रॉ पर समाप्त हुई थी। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण में तेज गेंदबाज सैम कुक को शामिल किया गया है, जिन्होंने काउंटी सीजन में शानदार प्रदर्शन और इंग्लैंड लायंस के साथ हाल ही में मिली सफलता के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेला है। नॉटिंघमशायर के तेज गेंदबाज जोश टंग भी 2023 में एशेज में खेलने के बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। बेन स्टोक्स शीर्ष क्रम के नियमित खिलाड़ियों बेन डकेट, जो रूट, ओली पोप और हैरी ब्रूक की अगुवाई वाली टीम की अगुआई करेंगे जबकि होनहार प्रतिभाएं जेम्स रेव, जेमी स्मिथ और शोएब बशीर अपने मौके भुनाने की कोशिश करेंगे।

जिम्बाब्वे के लिए स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा टीम में शामिल हो गए हैं जबकि क्लाइव मदंडे बैकअप विकेटकीपर के रूप में लौटे हैं। तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी ने लेग स्पिनर विंसेंट मासेकसा की जगह ली है जिससे जिम्बाब्वे को इंग्लैंड की तेज पिचों का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। अनुभवी क्रेग एर्विन की अगुआई में जिम्बाब्वे की टीम सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर करेगी जो उभरती प्रतिभाओं के साथ इंग्लैंड में दो दशकों से अधिक समय से चल रहे टेस्ट मैच में प्रभाव छोड़ने का लक्ष्य रखेंगे।

### टीमें:

**इंग्लैंड:** बेन स्टोक्स (कप्तान), गस एटकिंसन, शोएब बशीर, हैरी ब्रुक, सैम कुक, जेम्स रेव, जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टोंग

**जिम्बाब्वे:** क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, बेन कुरेन, ट्रेवर ग्वांडू, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजरबानी, रिचर्ड नगारावा, न्यूमैन न्यामुरी, विक्टर न्याउची, सिकंदर रजा, तफदज़्वा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन विलियम्स।

# इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कब होगा

## बीसीसीआई ने बताई तारीख... टेस्ट कप्तान पर भी आया बड़ा अपडेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के नए टेस्ट कप्तान और आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा पर बड़ा अपडेट आया है. अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी और हेड कोच गौतम गंभीर 24 मई को भारतीय टीम का ऐलान कर सकते हैं. वहीं इसी तारीख को भारतीय क्रिकेट टीम के नए टेस्ट कप्तान का ऐलान भी किया जाएगा. जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने की चिंताओं के बीच शुभमन गिल को इस भूमिका के लिए सबसे आगे बताया जा रहा है. बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में दो टेस्ट मैचों सहित तीन टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (2024-25) के लिए भारतीय चयनकर्ताओं ने 18 सदस्यीय टीम चुनी थी. भारत का आगामी इंग्लैंड दौरा भी ऑस्ट्रेलिया दौरे की तरह काफी लंबा रहने वाला है. ऐसे में इस बात की संभावना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भी भारतीय चयनकर्ता 18 सदस्यीय टीम चुन सकते हैं.

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की 18 सदस्यीय संभावित टीम-** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल,. केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उप-कप्तान/विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, श्रेयस अय्यर, करुण नायर.

**ये खिलाड़ी भी सेलेक्शन के दावेदार:** अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार, आकाश दीप, अभिमन्यु ईश्वरन, अंशुल कम्बोज, अर्शदीप सिंह, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, तनुष कोटियन, नवदीप सैनी, खलील अहमद.



### ईश्वरन भारत ए के कप्तान नियुक्त

पिछले सप्ताह सेलेक्शन कमेटी ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम की घोषणा की थी. जहां अभिमन्यु ईश्वरन कैंटरबरी और नॉर्थम्प्टन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों के लिए टीम की अगुआई करेंगे. ऋषिकेश कानितकर भारत ए के मैचों लिए हेड कोच होंगे. मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के पूरा होने के बाद, गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच के लिए टीम में शामिल होंगे.

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम –

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुतार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे

### 20 जून से शुरू हो रही है सीरीज

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ हेडिंग्ले के लीड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाली है, जिसका पहला मैच 20 से 24 जून तक होगा. अगला टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड में 2 से 6 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा.तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से 14 जुलाई तक लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में होगा. फिर मैनचेस्टर 23 जुलाई से 27 जुलाई तक ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा. इस रोमांचक सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 31 जुलाई से 4 अगस्त तक लंदन के द ओवल में खेला जाना है.

### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का पूरा शेड्यूल

**पहला टेस्ट**– 20–24 जून, 2025 – हेडिंग्ले, लीड्स
**दूसरा टेस्ट**– 2–6 जुलाई, 2025 – एजबेस्टन, बर्मिंघम
**तीसरा टेस्ट**– 10–14 जुलाई, 2025 – लॉर्ड्स, लंदन
**चौथा टेस्ट**– 23–27 जुलाई, 2025 – ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर
**पांचवां टेस्ट**– 31 जुलाई–4 अगस्त, 2025 – द ओवल, लंदन

### इंग्लैंड की धरती पर भारत का रिकॉर्ड

इंग्लैंड की धरती पर भारत की जीत का टेस्ट रिकॉर्ड अच्छा नहीं है. इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में भारत ने अब तक (1932-2022) 67 टेस्ट मैच खेले है. इनमें से भारत को सिर्फ 9 टेस्ट में जीत मिली है, जबकि 36 मैचों में हार झेलनी पड़ी. 22 मैच ड्रॉ रहे. महेंद्र सिंह धोनी (2011-2014) का कप्तान के तौर पर इंग्लैंड की धरती पर खराब रिकॉर्ड रहा. 9 टेस्ट मैचों में भारत को एक ही जीत मिली, जबकि इंग्लिश टीम को 7 में जीत मिली. एक मैच ड्रॉ रहा ।

# विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ खेला ये खेल, करोड़ों भारतीयों ने तो नाम तक नहीं सुना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली भले ही टेस्ट क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं. लेकिन आरसीबी के आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंचने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिख रही है. इसी खुशी के बीच उन्होंने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ एक खेल भी खेला, और वो ऐसा खेल रहा कि जिसका नाम भी करोड़ों भारतीयों तक ने नहीं सुना. इस खेल का नाम है पिकलबॉल, जो अंदाज से तो टेनिस की तरह होता है, पर इसका मिजाज जरा हटकर है.

**विराट और अनुष्का ने खेला पिकलबॉल** – विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने पिकलबॉल लगता है उसी होटल में खेला, जिसमें आरसीबी की टीम ठहरी है. अनुष्का और विराट एक टीम बनकर इस खेल को खेलते दिखे. उन्होंने इसका डबल्स मुकाबला खेला, जिसमें जीत भी दर्ज की. अनुष्का-विराट की सामने आई तस्वीर से उनक जीत का पता भी चलता है.

**विराट-अनुष्का के अलावा बाकी सब ने भी खेला पिकलबॉल** – हालांकि, विराट और अनुष्का अकेले नहीं रहे, जिन्होंने वो खेल खेला. उन दोनों के अलावा आरसीबी के सारे खिलाड़ी और स्टाफ भी उस खेल में रमे दिखे, फिर चाहे वो दिनेश कार्तिक हों, भुवनेश्वर कुमार, जॉश हेजलवुड या फिर दूसरे कोई भी. आरसीबी ने अपने इंस्टाग्राम पर उन सबके पिकलबॉल खेलने की तस्वीरें शेयर की है.

**विराट-अनुष्का ने किसे हराया** – विराट-अनुष्का ने पिकलबॉल में अपनी जीत का जश्न तो मनाया मगर ये समझ नहीं आया कि इस खेल में उन्होंने हराया किसे हैं? वैसे सोशल मीडिया पर सामने आई कुछ तस्वीरों से पता चलता है जैसे उन्होंने साउथ इंडियन फिल्मों के हीरो विजय देवरकोंडा के खिलाफ अपना मुकाबला जीता है.

# बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी टीम का ऐलान

### बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहिद अफरीदी का कटा पत्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित की है, जिसमें कई बड़े नाम शामिल नहीं हैं। पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी 16 खिलाड़ियों के समूह से बाहर हैं, जो लाहौर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेंगे।

बल्लेबाज सलमान अली आगा कप्तान बने रहेंगे जबकि ऑलराउंडर शादाब खान उपकप्तान होंगे, जबकि सफेद गेंद के अनुभवीखिलाड़ी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी के लिए कोई जगह नहीं है।

### सेलेक्टर्स ने पाकिस्तान सुपर लीग के आधार पर चुनी टीम

दरअसल, पाकिस्तान ने घोषणा की है कि टीम का चयन मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग सीजन के दौरान प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह टी20 सीरीज पाकिस्तान के नए कोच माइक हेसन के नेतृत्व में पहली बार होगी। पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश टी20 सीरीज का शेड्यूल आने वाले दिनों में घोषित किया जाएगा। बांग्लादेश को 25 मई से पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने थे, लेकिन अब वह तीन मैच की ही सीरीज खेलेगा।



बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी का टीम में नहीं चुना सबसे बड़ी चर्चा का विषय है। चयनकर्ताओं ने मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में प्रदर्शन का हवाला देकर अपने चयन को सही ठहराया है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपने चेयरमैन मोहसिन नकवी के हवाले से बताया था कि बांग्लादेश के साथ बातचीत सफल रही। अब श्रृंखला में पांच की जगह तीन टी20 मैच होंगे। दौरे को लेकर कुछ खिलाड़ियों ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं जताई थीं।

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली तीन मैच की टी-20 सीरीज के लिए चुनी गईपाकिस्तान की टीम- सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 22 मई, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### संगम विहार में बदमाशों ने पैर में गोली मारकर लूट लिए 50 हजार रुपये

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** संगम विहार में सोमवार देर रात बदमाशों ने एक व्यक्ति के पैर में गोली मारकर 50 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। घायल महेश कुमार को को एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। संगम विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। सोमवार को रात करीब 12-30 बजे संगम विहार थाना पुलिस को साईं चौक के पास लूटपाट होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची, मगर तब तक घायल को एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया जा चुका था।

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला कि बदमाशों ने संगम विहार निवासी 52 वर्षीय महेश कुमार के पैर में गोली मारकर उनसे दो लाख रुपये लूट लिए हैं, हालांकि रकम 50 हजार रुपये थी।

पुलिस एम्स ट्रामा सेंटर पहुंची तो वहां घायल महेश और उनके स्वजन मिले। पुलिस को घायल महेश कुमार के भांजे ने कॉल कर वारदात की सूचना दी है। उन्होंने पुलिस को बताया कि संगम विहार में रात को उनके मामा को दो लोग मिले थे और उनसे कुछ बात कर रहे थे।

इस दौरान उनसे से एक बदमाश ने मामा के पैर में गोली मारकर उनसे 50 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस के अनुसार हमलावर पीड़ित के जानने वाले हैं और उनकी पहचान कर ली गई है।

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। साथ ही पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपितों की तलाश में जुटी है। बदमाश जल्द पकड़े जाएंगे।

### मोटे मुनाफे का लालच : एक झटके में हड़पीं 36 कारें; अब खुलासा हुआ तो दंग रह गए पुलिस अफसर

**साहिबाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के टैक्सी कंपनी के संचालक से किराये पर कंपनी में लगवाने के नाम पर 36 कारें हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपित ने किराये पर लेकर लोगों के पास गिरवी रख दी। उन्होंने तलाश की तो आरोपित ने मारपीट की। पीड़ित की ओर से फरीदाबाद निवासी आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की अशोक वाटिका के नदीम अख्तर रेंटो कार के नाम से टैक्सी कंपनी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास कुछ अपनी कारें हैं। कई कारें उन्होंने परिचित से ली हुई हैं।

उन्हें किराये पर और मासिक भुगतान पर देते हैं। कुछ समय पहले उनकी मुलाकात फरीदाबाद के अभय पेरीवाल से हुई थी। उसने फरीदाबाद की एक कंपनी में किराये पर कार लगवाने की बात कही। मोटा मुनाफा मिलेगा। आरोपित की बात में आकर उनसे 36 कारें ले ली। यह कारें उन्होंने अपनी, परिचितों की दी। शुरुआत के दो महीने में सही समय पर किराये दिया। इसके बाद रुपये देने बंद कर दिया। उन्होंने काल कर रुपये देने की बात कही। आरोप है कि वह टाल मटोल करता रहा। उन्हें संदेह हुआ तो वह अपने परिचितों के साथ आरोपित से मिलने फरीदाबाद पहुंचे। तब पता चला कि जिस कंपनी में आरोपी ने कार लगवाने की बात कही थी। उस नाम की कोई कंपनी फरीदाबाद में है ही नहीं। तब उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। कई कारें बेची, कई गिरवी रखीं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित ने उनसे ही नहीं धोखाधड़ी की। उसने एनसीआर के कई लोगों से सैकड़ों कारें किराये पर लगवाने के नाम पर ली। कई कार बेच दीं तो कई को गिरवी रख दिया। कई कार उन्होंने खुद तलाशीं, जिन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलाया जा रहा है। आरोप है कि आरोपित से उन्होंने कार मांगी तो उसने मारपीट की। उन्होंने पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन कार्यालय में शिकायत की।

### 5 घंटे तक स्टील की बेंच में फंसी रही बच्ची की दोनों अंगुली, फिर ऐसी निकाली

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-53 ए स्थित फव्वारा पार्क में खेल रही छह वर्षीय बच्ची के दोनों हाथ की एक-एक अंगुली स्टील बेंच में फंस गई। काफी मशक्कत के बाद भी अंगुलियां नहीं निकलीं लेकिन, इस कवायद में बच्ची के अंगुली की खाल निकल गई और हड्डी दिखने लगी। वहीं, मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने बेंच के कुछ हिस्से को छोड़कर बेंच को काटा और बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। बेंच के जिस हिस्से में अंगुलियां फंसी थीं उसको अस्पताल में निकाला गया।

# अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तार अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कथित आपत्तिजनक पोस्ट के सिलसिले में प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को कड़ी नसीहत देते हुए कहा कि आपको सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अली खान के सोशल मीडिया पोस्ट पर शब्दों के चयन पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल दूसरों को अपमानित करने और उन्हें असहज करने के लिए किया गया। हालांकि सभी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन अभी ऐसी टिप्पणी क्यों की गई?

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के डीजीपी को निर्देश दिया कि वे प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ मामले की जांच के लिए आईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन करें। साथ ही अदालत ने महमूदाबाद को भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर कोई और ऑनलाइन पोस्ट लिखने से मना किया है।



ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी के मामले में गिरफ्तारी होने के बाद सोनीपत स्थित अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद राहत के लिए सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अली खान ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। उनकी ओर से मामले पर जल्द सुनवाई की गुहार लगाई गई थी जिस पर कोर्ट ने केस सुनवाई के लिए जल्द ही सूचीबद्ध करने का भरोसा दिलाया था। अली खान ने अपनी गिरफ्तारी को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और आगस्टिन जार्ज मसीह की पीठ के समक्ष याचिका का जिक्र किया। सिब्बल ने कहा था कि उन्हें देशभक्ति वाले बयान के लिए गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि इससे पहले, मंगलवार को प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की दो दिन की रिमांड खत्म होने पर ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट आजाद सिंह की कोर्ट ने सात दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था।

उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी बड़ा मुद्दा बन चुकी है। सोशल मीडिया पर उन्हें समर्थन मिल रहा है। 1,100 से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर उनकी रिहाई की मांग की है। यही याचिका सुप्रीम कोर्ट में डाली गई है। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर से भाजपा के पूर्व सांसद रितेश पांडेय ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने नई दिल्ली में कहा था कि मैं अपने देश की किसी बेटी को झुकने नहीं दूंगी। अपने पद पर रहते हुए न कल झुकने दिया, न आज झुकने दूंगी और न ही आगे नहीं झुकने दूंगी। प्रोफेसर अली खान का नाम लेकर कहा था कि जो भी व्यक्ति इस तरह से देश की बेटियों के नाम पर गद्दारी करेगा, उनके खिलाफ मेरा काम चलता रहेगा।

## नोएडा में 4 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की जेब पर बढ़ेगा बोझ, कितनी होगी बढ़ोतरी?

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा जिले में करीब चार लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ने वाला है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के हालिया फैसलों ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। अप्रैल 2025 में बिजली बिलों में 1.24 प्रतिशत ईंधन और ऊर्जा खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) जोड़ा गया था, जिसके बाद अब बिजली दरों में और वृद्धि की तैयारी हो रही है। इससे घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की संभावना है।



उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने जनवरी 2025 में बहुवर्षीय टैरिफ नियमन के तहत ईंधन अधिभार लगाने की मंजूरी दी थी। इसके तहत अप्रैल में सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के बिलों पर 1.24 प्रतिशत अधिभार जोड़ा गया। उदाहरण के लिए, 1000 रुपये के बिल पर उपभोक्ताओं को 12.40 रुपये अतिरिक्त चुकाने पड़े। अब विभाग एक बार फिर दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला रही हैं।

वहीं, जून 2025 में होने वाली जनसुनवाई में इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी, जिसका उपभोक्ता परिषद पुरजोर विरोध करने की तैयारी में है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह बढ़ोतरी उपभोक्ताओं के लिए अन्यायपूर्ण है। बिजली कंपनियों ने पहले ही अनुचित तरीके से अतिरिक्त वसूली की है। ग्रेटर नोएडा में 2021-22 तक 1176 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली का मामला सामने आ चुका है।

उन्होंने मांग की कि जब तक कंपनियों का बकाया उपभोक्ताओं को वापस नहीं मिलता, तब तक कोई नई वृद्धि लागू नहीं होनी चाहिए। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल ने इस पर किसी तरह की टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से जो आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा।

## कुल्हाड़ी से गले पर किए ताबड़तोड़ वार, युवक की हत्या से इलाके में फैली सनसनी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम के खांडसा मंडी में आढ़त पर मुंशी का काम करने वाले 42 वर्षीय युवक की सोमवार रात ओल्ड रेलवे रोड पर आरडीएस वाइन शाप के पास गले पर कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। युवक के भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित से प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि शराब के नशे में झगड़े के कारण उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

मृतक युवक की पहचान सुभाष नगर के सतीश उर्फ छंगा के रूप में की गई। उनके भाई मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चार भाई और एक बहन हैं। वह सबसे छोटे हैं। उनसे बड़े भाई सतीश खांडसा मंडी में एक आढ़ती के यहां मुंशी का कार्य करते थे। वह नियमित सुबह पांच बजे जाते थे और दोपहर दो बजे मंडी से वापस घर आ जाते थे।

सोमवार को भी दोपहर दो बजे आने के बाद शाम चार बजे वह घर से अपनी कार लेकर निकले थे। किंतु देर रात वापस नहीं लौटे। रात 12 बजे उन्हें किसी ने सूचना दी कि उनके भाई सतीश पर ओल्ड रेलवे रोड पर वाइन शाप के पास अनजान व्यक्ति ने गले पर धारदार हथियार से हमला किया है। आसपास के लोग घायल को खांडसा रोड स्थित लावण्या अस्पताल ले गए। परिवार के लोगों के पहुंचने से





पहले ही डाक्टरों ने सतीश को मृत घोषित कर दिया।

गुरुग्राम शहर थाना पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मौके पर सीन आफ क्राइम, थाना पुलिस, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमों ने साक्ष्य जुटाए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की गई और सतीश के मोबाइल की जांच की गई। जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए मंगलवार शाम आरोपित को धर दबोचा गया। उसकी पहचान सुभाष नगर के रहने वाले 34 वर्षीय धर्मेंद्र के रूप में की गई। वहीं, प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र और सतीश की जान-पहचान थी। दोनों का कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। हालांकि बाद में फिर से बोलचाल हो गई थी। सोमवार रात सतीश आरोपित के बुलाने पर वाइन शाप के पास पहुंचे थे। यहां दोनों ने शराब पी। इसके बाद दोनों में कहासुनी हो गई।

बताया गया कि झगड़े के दौरान ही आरोपित ने कुल्हाड़ी से सतीश की गर्दन पर वार कर दिया और मौके से फरार हो गया था। शहर थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी पूछताछ के लिए आरोपित को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा।

## पाकिस्तान में पानी के लिए मचा हाहाकार

### सिंध में गृह मंत्री का घर जलाया; बंदूकें लेकर आए प्रदर्शनकारी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया। उधर पाकिस्तान में सिंधु नदी के पानी के लिए आंदोलन जारी है। सिंध प्रांत में सिंधु नदी पर विवादास्पद नहरों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक, नौशहरो फिरोज जिले के मोरो तालुका में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच भयंकर झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और गोलियां भी चलाई गईं। पुलिस के लाठीचार्ज में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सहित कुछ अन्य घायल हो गए।

**गृह मंत्री के घर घुसे प्रदर्शनकारी :** इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हिंसक रूप धारण कर लिया और दो ट्रेलरों में आग लगा दी। उन्होंने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर के घर में भी घुसकर तोड़फोड़ की और कई हिस्सों में आग लगा दी, जबकि कुछ मोटरसाइकिलों को भी आग लगा दी गई। प्रदर्शनकारी गृहमंत्री के घर बंदूकें लेकर पहुंचे हैं। इस वजह से मोरो की ओर जाने वाली सड़क पर यातायात स्थगित रहा। वहीं पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि बेनजीराबाद के पुलिस उप महानिरीक्षक परवेज चंदियो और नौशहरो फिरोज के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संघार मलिक मौके पर पहुंचे स्थिति को कंट्रोल में लाने के लिए विभिन्न थानों के कर्मियों को भी बुलाया गया।

**राजनेता के घर पर हमला कोई साजिश है:** पीपीपी सिंध के सूचना सचिव अजीज धामरा ने एक बयान में घटना की निंदा करते हुए इसे आतंकवादी गतिविधि करार दिया। उन्होंने कहा कि लोगों के विरोध प्रदर्शन पर कोई बैन नहीं है, लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के घर पर हमला करना कोई साजिश नजर आती है। सिंध के गृह मंत्री ने भी एक बयान जारी किया और नौशहरो फिरोज एसएसपी से घटना की रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

### माउंट ल्होत्से से लौट रहे भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** हिमालय में दुनिया के चौथे सबसे ऊंचे पर्वत माउंट ल्होत्से पर चढ़ने के बाद एक भारतीय पर्वतारोही की मौत हो गई। राजस्थान के राके बिश्नोई ने प्रहोत्से के शिखर बिंदु से लौटने के बाद कैंप-4 के पास येलो बैंड में अतिम सांस ली। हिमालयन टाइम्स ने नेपाली गाइड के हवाले से बताया कि बिश्नोई ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने की अपनी कोशिश को छोड़ने के बाद माउंट ल्होत्से पर चढ़ाई की। लेकिन येलो बैंड के पास उतरते समय वह मारे गए।

## राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा आरोप; बाइडन के कर्मचारियों ने देशद्रोह किया, अमेरिका को खतरे में डाला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने दावा किया है कि बाइडन के सहयोगियों ने उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर अमेरिका की सीमाएं खुली छोड़ दीं, जिससे देश में अपराधी, ड्रग डीलर और मानसिक रूप से अस्थिर लोग बिना किसी जांच के घुसते रहे। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, यह अमेरिका के खिलाफ सबसे बड़ा देशद्रोह है।

**ऑटोपेन से फैसले लिए गए- डोनाल्ड ट्रंप:** उन्होंने आरोप लगाया कि बाइडन खुद खुली सीमाओं के पक्ष में नहीं थे, लेकिन उनके कर्मचारियों ने सत्ता संभाल ली और ऑटोपेन (एक इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर उपकरण) से फैसले लिए। ट्रंप ने कहा कि सीमा पार से अपराधियों, ड्रग तस्करों और मानसिक रोगियों का प्रवेश बिना रोक-टोक के होता रहा। इससे देश को सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हुआ और राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ी।

**ट्रंप ने की सख्त सजा की मांग:** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो लोग यह सब कर रहे थे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इन देशद्रोही लोगों को बहुत कड़ी सजा मिलनी चाहिए। ये देश को खत्म करना चाहते थे, लेकिन मैं उन्हें रोकने के लिए आया।

**बाइडन की सेहत को लेकर भी निशाना :** ट्रंप के इस बयान से पहले एक नई किताब ओरिजिनल सिनः प्रेसिडेंट बाइडन डिक्लाइन, इट्स कवर-अप एंड हिज डिसट्रॉस वाइस टू रन अगेन में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति बाइडन की शारीरिक हालत काफी खराब हो गई थी। वहीं कुछ समाचार एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, बाइडन के डॉक्टर ने चेतावनी दी थी कि अगर वह गिरते हैं तो उन्हें व्हीलचेयर की जरूरत पड़ सकती है। इसी कारण उनके स्टाफ ने उनके लिए चलने के रास्ते छोटे कर दिए, रेलिंग लगवाई और सीढ़ियों की जगह छोटे रास्तों का इस्तेमाल किया।

# अफगानिस्तान भी रोकेगा पाकिस्तान का पानी: कुनार नदी पर डैम बना रहा

### अफगान जनरल बोले- ये पानी हमारा खून, इसे बहने नहीं देंगे

**काबुल, एजेंसी।** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के प्रवाह को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। तालिबान सरकार के आर्मी जनरल मुबीन ने कुनार नदी पर बन रहे डैम का निरीक्षण किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने सोमवार को जनरल मुबीन के दौरे का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। जनरल मुबीन ने तालिबान सरकार से इस डैम को बनाने के लिए धन जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा- यह पानी हमारा खून है और हम अपने खून को अपनी नसों से नहीं बहने दे सकते। हमें अपने पानी को रोकना होगा। इससे हमारी बिजली की जरूरतें पूरी होंगी और हम अपनी खेती में इस्तेमाल करके पैदावार बढ़ाएंगे।

तालिबान के जल और ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मतीउल्लाह आबिद का कहना है कि इस डैम का सर्वे और डिजाइन तैयार हो चुका है, लेकिन इसे बनाने लिए पैसे की जरूरत है। तालिबान सरकार का दावा है कि यह प्रोजेक्ट पूरा हो जाता है तो इससे 45 मेगावाट बिजली पैदा होगी और लगभग 1.5 लाख एकड़ खेती को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। इससे अफगानिस्तान में ऊर्जा संकट और खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा।

**कुनार नदी को लेकर पाक-अफगान में कोई समझौता नहीं:** 480 किलोमीटर लंबी कुनार नदी अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतों से निकलती है और पाकिस्तान में जलालाबाद के पास काबुल नदी में मिलती। यह पाकिस्तान का एक अहम जल स्रोत है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच काबुल नदी और इसकी सहायक नदियों के जल बंटवारे को लेकर कोई औपचारिक द्विपक्षीय समझौता नहीं है। पाकिस्तान पहले भी अफगानिस्तान की डैम परियोजनाओं पर चिंता जता चुका है, क्योंकि इससे उसके इलाके में आने वाली जल की आपूर्ति कम हो सकती है।

**काबुल नदी का जल प्रवाह 16-17प्रतिशत घट सकता है:** पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक कुनार नदी पर डैम बनने से काबुल नदी के जल प्रवाह में 16-17प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे पाकिस्तान की खेती और जल आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ेगा। पाकिस्तान पहले ही भारत की तरफ से सिंधु जल संधि को स्थगित करने और चिनाब नदी पर डैम के स्लुइस गेट (पानी का गेट) बंद होने की वजह से दबाव में है। ऐसे में कुनार नदी पर यह डैम बन जाता है तो उसे और यादा मुश्किलों का सामना करना



पड़ेगा। भारत ने अफगानिस्तान में शहतूत और सलमा डैम जैसे प्रोजेक्ट को वित्तीय और तकनीकी मदद दी है। ये प्रोजेक्ट काबुल नदी पर हैं और पाकिस्तान के लिए जल आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

**जयशंकर ने तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की:** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 15 मई को तालिबान के विदेश मंत्री से फोन पर बात की थी। इस दौरान भारत ने काबुल नदी पर शहतूत डैम प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। शहतूत डैम एक जलविद्युत (हाइड्रोपावर) और सिंचाई प्रोजेक्ट है। इसके लिए भारत 2020 करोड़ रुपए (236 मिलियन डॉलर) की वित्तीय सहायता दे रहा है। यह प्रोजेक्ट तीन साल में पूरा होगा और 4 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करेगा, साथ ही 20 लाख लोगों को पीने का पानी देगा। भारत और अफगानिस्तान ने फरवरी 2021 में शहतूत बांध के लिए एक समझौता किया था। इससे पहले भारत ने 2016 में अफगानिस्तान में सलमा बांध बनाया था, जिसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी और तत्कालीन अफगान राष्ट्रपति अशरफ घनी ने किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129